4 रायपुर संभाग
कलेक्टर रीडर, सेवा समाप्ति के बाद भी कर रहे गोपनीय कार्य

6 अभिमत
मणिपुर में अशांति चिंताजनक हालात

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
प्राकृतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए...

10 संस्कारधानी
प्रशासक बनने की होड़... सूची में विधायक प्रत्याशी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 23 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-92 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### नागरिकों में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना पैदा करना जरूरी : मुर्मू



**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना पैदा करना आवश्यक है। मुर्मू ने हैदराबाद में संस्कृतिक उत्सव लोकमंथन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत में एकता के धागे को मजबूत करने का यह एक सराहनीय प्रयास है।

### कांग्रेस ने झारखंड और महाराष्ट्र के लिए नियुक्त किए वरिष्ठ पर्यवेक्षक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना के बाद के राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने के लिए वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के लिए वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, भूपेश बघेल तथा डॉ. जी परेश्वर को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### भाजपा को वोट दिया तो मुफ्त बिजली पानी समेत तमाम सुविधाएँ बंद हो जायेगी : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रेवड़ी पर चर्चा अभियान शुरू करते हुए कहा कि भाजपा को वोट दिया तो 24 घंटे बिजली पानी मुफ्त, शानदार शिक्षा, सरकारी अस्पतालों में शानदार इलाज, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और बुजुर्गों को तीर्थयात्रा बंद हो जाएंगी। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के चुनाव सिर पर हैं और आज से हम पूरी दिल्ली के अंदर एक नया अभियान शुरू करने जा रहे हैं। पूरी दिल्ली 65 हजार बैठकें की जाएंगी। इस अभियान के दौरान हम गली-गली, मोहल्ले और सोसाइटी में जाएंगे।

### आईटी और टेक कंपनियों में लिवाली से बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर आईटी, टेक, बैंकिंग और रियल्टी समेत सभी समूहों की कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत शेयर बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1961.32 अंक अर्थात 2.54 प्रतिशत उछलकर 79,117.11 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 557.35 अंक यानी 2.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,907.25 अंक पर पहुंच गया।

# मुठभेड़ में कमांडर सहित 10 नक्सली ढ़ेर

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



फाईल फोटो

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कोन्टा के भेज्जी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक स्वयंभू माओवादी 'कमांडर' समेत 10 नक्सली मारे गये। सुरक्षा बलों ने मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों ने घटना स्थल से तीन स्वचालित राइफल, एक एके47 इंसास, एसएलआर रायफल सहित कई आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरजागुड़ा, दंतेश्वरमपुरम, नागराम, भंडापदर के जंगलों एवं पहाड़ी में शुक्रवार सबेरे से चल रहे मुठभेड़ में अब तक दस नक्सली मारे गए हैं। मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है। राज्य में इस वर्ष सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 200 से अधिक नक्सली मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम नक्सलियों की घेराबंदी और तलाश के लिए निकली थी। जवानों को सूचना मिली थी कि कई नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों को दी बधाई



सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई में 10 नक्सलियों को मार गिराया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाये के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रहे है।

# आज सुबह 8 बजे से होगी मतगणना 14 टेबलों पर 19 राउंड में की जाएगी गिनती

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक जी रेखारानी और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार स्थित स्ट्रॉन्ग रूम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली और केंद्र के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर एसएसपी संतोष कुमार सिंह मौजूद थे। मतगणना प्रक्रिया आज सुबह 8 बजे से शुरू होगी और गिनती 14 टेबलों पर 19 राउंड में पूरी की जाएगी। शुरुआत में डाकमत पत्रों की गणना की जाएगी, उसके बाद मतदान केंद्रों से प्राप्त ईवीएम की गणना की जाएगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरी हो। उन्होंने कहा कि केंद्र पर पेयजल और नींबू पानी की व्यवस्था रहेगी। एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और स्ट्रांग रूम और आसपास में निगरानी कड़ी की जाएगी। इसके अलावा मतगणना केंद्र पर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, आईपैड, लैपटाप, कैमरा व अन्य इलेक्ट्रनिक उपकरण के अलावा तम्बाकू वाले पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि डाक मतपत्रों की गिनती में आधा घंटे से अधिक का समय लगने पर समानांतर रूप से ईव्हीएम मशीनों से भी मतगणना शुरू हो जायेगी। मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। मतगणना केन्द्र में मतगणना कार्य में नियुक्त गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायक, आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए सरकारी अधिकारी-कर्मचारी, अभ्यर्थी, उनके मतदान अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता जारी प्रवेश पत्र के साथ ही प्रवेश कर सकेंगे। गणना अभिकर्ता अपने आबंटित टेबल पर ही बैठेंगे उन्हें हॉल में घूमने की अनुमति नही होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मतगणना कक्ष तक नहीं जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधिकारी या कर्मचारी या सुरक्षा में लगे बल को रिटर्निंग आफिसर के बुलाने पर ही मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि के लिए मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकारपत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा, यहां वे अपने मोबाइल फोन रख सकेंगे। मतगणना कक्ष में मीडिया कर्मियों द्वारा फोन की बजाय फोटो खींचने के लिए हाथ से चलने वाले कैमरे ही मान्य किये जायेंगे।

## मंत्री रामविचार नेताम सड़क हादसे में घायल, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम बेमेतरा से रायपुर लौटते वक्त सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हो गए हैं। उनके साथ मौजूद अन्य लोगों के भी घायल होने की खबर हैं। सभी को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रायपुर भेजा गया। यह हादसा रायपुर-बेमेतरा मार्ग पर जेवरा गांव के पास हुआ है। बताया जा रहा कि मंत्री रामविचार नेताम की गाड़ी की भिड़ंत पिकअप वाहन से हो गई। जिसके कारण वाहन बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। वहीं रामविचार नेताम को उपचार के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल लाया गया है।

## पीएम मोदी ने पांच दिन में 31 विश्व नेताओं से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान 31 विश्व नेताओं से मुलाकात की है। सूत्रों के अनुसार अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने 31 द्विपक्षीय बैठकों और वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। उन्होंने नाइजीरिया में एक द्विपक्षीय बैठक की, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर 10 द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसके बाद गुयाना यात्रा के दौरान उन्होंने 9 द्विपक्षीय बैठकें कीं। नाइजीरिया में मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की। ब्राजील में मोदी ने ब्राजील, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली, नॉर्वे, फ्रांस, ब्रिटेन, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। ब्राजील में 10 द्विपक्षीय बैठकों में से, पांच नेताओं के साथ पीएम मोदी की पहली बैठक हुई। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो, पुर्तगाल के प्रधान मंत्री लुइस मोंटेनेग्रो, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के अलावा पीएम मोदी ने सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मिस्र, अमेरिका और स्पेन के नेताओं और यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और अधिकारियों के साथ अनौपचारिक बातचीत और बैठकें कीं जिनमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख न्गोजी ओकोन्जो-इवेला, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस, और आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा और गीता गोपीनाथ शामिल हैं। गुयाना में मोदी ने गुयाना, डोमिनिका, बहामास, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, बारबाडोस, एंटीगुआ और बारबुडा, ग्रेनेडा और सेंट लूसिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

## उत्तर भारत में प्रदूषण के संकट से मिलकर निपटने की जरूरत : राहुल

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रदूषण उत्तर भारत के लिए एक बड़ा संकट बन गया है जो बच्चों का भविष्य छीन रहा है और लाखों जिंदगियों को निगल रहा है इसलिए इसके खिलाफ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। गांधी ने कहा कि अगले सप्ताह से संसद का शीतकालीन सत्र शुरु हो रहा है। इस संकट से निपटने के लिए संसद में इस बारे में विचार करके समस्या के निदान के लिए मिलकर जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि यह संकट कितना बड़ा है सांसदों की आंखों की जलन और गले में खरास इसकी याद दिलाएगा। उन्होंने कहा, उत्तर भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपातकाल बन गया है-एक ऐसा सार्वजनिक स्वास्थ्य का संकट जो हमारे बच्चों का भविष्य छीन रहा है और बुजुर्गों का दम घोंट रहा है। यह एक पर्यावरणीय और आर्थिक आपदा है जिसके कारण अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं। हममें से सबसे गरीब लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है, वे अपने चारों ओर फैली जहरीली हवा से बच नहीं पाते हैं। परिवार स्वच्छ हवा के लिए हांफ रहे हैं, बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और लाखों जिंदगियां खत्म हो रही हैं। पर्यटन घट रहा है और हमारी वैश्विक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, प्रदूषण का बादल सैकड़ों किलोमीटर तक फैला हुआ है। इसे साफ करने के लिए सरकारों, कंपनियों, विशेषज्ञों और नागरिकों की ओर से बड़े बदलाव और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता होगी। इसको लेकर राजनीतिक दोषारोपण करने की नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगले सप्ताह से संसद सत्र शुरु हो रहा है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम एकजुट होकर चर्चा करें कि भारत इस संकट से हमेशा के लिए कैसे निजात पा सकता है।

## दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं : शाह

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली में कानून व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि राजधानी की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अनेक वरीष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि शाह ने कहा कि अपराध के विरुद्ध सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिल्ली पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही है कि हर एक दिल्लीवासी खुद को पुर्णतः सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें देख दिल्लीवासियों में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में भय का भाव पैदा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को नागरिक सुरक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाना चाहिए और बच्चों, महिलाओं तथा वरीष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## आसाराम की याचिका पर गुजरात सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने यौन उत्पीड़न मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय स्वयंभू बाबा आसाराम बापू की मेडिकल आधार पर जमानत की मांग वाली याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा कि चूंकि यह पोक्सो का मामला है, इसलिए यह अदालत मेडिकल आधार पर जमानत की इस याचिका पर विचार करेगी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्रि नायडू ने दलील दी कि वह (आसाराम) 'ब्लॉकेज' सहित कई बीमारियों से पीड़ित हैं। इस मामले में आसाराम ने सजा के निलंबन और जमानत की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि वह 'मीडिया ट्रायल' और अपने 'आश्रम' पर नियंत्रण हासिल करने के उद्देश्य से की जा रही साजिशों के शिकार हैं। उन्होंने अधिवक्ता राजेश इनामदार और शाश्वत आनंद के माध्यम से दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उनकी सजा विसंगतियों से भरी हुई है। वह केवल शिकायतकर्ता की अपुष्ट गवाही पर आधारित है। याचिका में कहा गया है कि आरोपों के पक्ष में कोई चिकित्सीय या स्वतंत्र सबूत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उन्हें उनके आश्रम से बाहर निकालने के लिए झूठा फंसाया गया है। याचिका में कई दिल के दौरे और गंभीर बीमारी सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए आसाराम ने तर्क दिया कि उनका लगातार कारावास संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में यह भी दावा किया गया है, जेल में हर बीतता दिन उनके स्वास्थ्य और गरिमा को कम कर रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वह पहले ही 11 साल से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं और हो सकता है कि वह अपनी लंबित अपील की सुनवाई तक जीवित न रहें। आसाराम को दो दशकों से भी अधिक पुराने आरोपों के आधार पर जनवरी 2023 में भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(सी), 377 और अन्य के तहत संगीन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था।

### छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी छात्रों के लिए पब्लिक पॉलिसी एण्ड गवर्नेंस में मास्टर पाठ्यक्रम होगा शुरू

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगी मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में 'गुड गवर्नेंस' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में 'मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस फेलो योजना' शुरू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार आईआईएम रायपुर के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी छात्रों के लिए पब्लिक पॉलिसी एण्ड गवर्नेंस में मास्टर पाठ्यक्रम शुरू करेगी। इसके लिए छात्रों का चयन कैट के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस योजना में आईआईएम रायपुर में कक्षाओं के साथ-साथ छात्रों को छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में व्यवहारिक अनुभव भी दिया जाएगा। पाठ्यक्रम की पूरी फीस राज्य सरकार वहन करेगी, साथ ही छात्रों को निर्धारित मासिक स्टायफंड प्रदान करेगी। यह योजना शासन में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ राज्य के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा और प्रायोगिक अनुभव का अवसर प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में पेशेवरों की एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो सरकार, एनजीओ, थिंक टैंक और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर गवर्नेंस को बेहतर बनाने के क्षेत्र में काम करेगी। मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में देश भर से आए हुए वरिष्ठ अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों, सुधीजनों का छत्तीसगढ़ के नागरिकों की ओर से हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों ने देश के विभिन्न राज्यों में चल रहे बेस्ट प्रेक्टिसेस को एक दूसरे से साझा किया है। सबने मिलकर सुशासन के क्षेत्र में परस्पर सहयोग और भागीदारी को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया है। इन दो दिनों के दौरान आप लोगों ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की स्थापना की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में काफी कुछ जाना और समझा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसा कि आप लोग जानते हैं कि हम लोगों की राजनैतिक विचारधारा के मूल में ही सुशासन का विचार है। हमारे पुराणों में जिसे रामराज कहा गया है, उसे ही हम सुशासन कहते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः हमारा मूलमंत्र है। अंत्योदय और एकात्म मानववाद हमारा राजनैतिक दर्शन है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी हमारे प्रेरणा पुरूष हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व में हम सुशासन के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की अधिक से अधिक से भागीदारी के लिए प्रयासरत हैं। हमारा 44 प्रतिशत भू-भाग घने जंगलों से आच्छादित है, इसलिए भारत के पर्यावरण और जैव विविधता को बचाए रखने की महती जिम्मेदारी भी हम पर है।

## केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सुशासन पर आधारित ई बुक "मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस" का किया विमोचन


केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन स्थापित करने के साथ ही विकास में जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विजन डाक्यूमेंट 2047 तक आजादी का अमृत महोत्सव तैयार किया है। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ पारदर्शिता और जवाबदेही है। सभी मंत्रालयों का आपस में समन्वय हो और वे एक दूसरे से सतत संपर्क स्थापित करते हुए निरंतर नवाचार की ओर उन्मुख रहते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। इस तरह के आयोजन से व्यक्ति गत संपर्क बढ़ता है और एक दूसरे की संस्कृति का आदान प्रदान होता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सुशासन पर आधारित ई बुक "मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस" का विमोचन भी किया। सम्मेलन में गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रेक्टिसेस, नागरिक सशक्ति करण, शासन-प्रशासन के कामकाज और नागरिक सेवाओं की आम जनता तक पहुंच को आसान बनाने के लिए विभिन्न ई-प्लेटफार्म के उपयोग आदि से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



# गलत तरीके से अपात्र को पात्र कर दे दिया नौकरी, वन विभाग के प्रबंधक भर्ती में चहेते को लाभ पहुंचाने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





भानुप्रतापपुर के पूर्व वन मंडल में प्रबंधक पद हेतु भर्ती प्रक्रिया संबंधित विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया। लेकिन विभाग द्वारा प्रबंधक जैसे से पद के लिए अपात्र को पात्र बनाने कर खेला कर दिया गया। मामले में शिकायतकर्ताओ ने बताया है कि इस विभाग में प्रबंधक के एक पद के लिए भर्ती होना था। एक अभ्यार्थी का नाम पात्र सूची में शामिल कर उसे नौकरी दे दिया गया है। जबकी उक्त अभ्यार्थी का दावा आपत्ति के बाद जारी सूची में भी अपात्र स्थान दिया गया था। उन्होंने बताया है की विभाग द्वारा जारी इस भर्ती में भ्रष्टाचार किया गया है। इसके लिए अपात्र को पत्र बनाने वाले जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध जांच किए जाने की मांग रखी है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित पूर्व भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति कोदापाखा एवं कच्चे के रिक्त एक एक प्रबंधक पद की भर्ती हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति कोदापाखा एवं कच्चे के अंतर्गत आने वाले संग्राहक परिवार के सदस्य दिनांक 30.12.2022 से 04.01.2023 तक आवेदन फार्म जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर आवेदन पत्र को दिनांक 05.01.2023 से 08.01.2023 तक कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर जमा कर दिया था। कुल 52 आवेदन में पात्र अपात्र की सूची जारी किया गया था जिसमे में टेकातोड़ा में रहने वाले अभ्यर्थी राकेश कुमार विश्वकर्मा का अपात्र सूची में नाम था।

### शिकायतकर्ता अभ्यर्थी

अभ्यार्थी हनेस्वरी आंचला, महेश्वरी, मंगतू राम नेताम, दिनेश कोर्राम, संतोष नरेटी, मनोज नरेटी, शवेंद्र नरेटी, मजेश कुमार ने बताया टेकातोड़ा के अभ्यर्थी राकेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा कच्चे में प्रबंधक के लिए डाले गए आवेदन में कंप्यूटर ज्ञान संबंधी अभिलेख अपात्र होने के कारण उसका नाम अपात्र सूची में था। दावा आपत्ति दर्ज होने के बाद दूसरी लिस्ट में भी उसका अपात्र था। इसके बाद भी उन्हें नौकरी दे दी गई है ये जांच का विषय है। पात्र बनाने वाले अधिकारी के समक्ष कौन-कौन से दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है इसका खुलासा भी होना चाहिए। उन्होंने कहा इसकी सूची लेकर शिकायत दर्ज करने के लिए शुक्रवार को वन विभाग कार्यालय गए थे किंतु वन विभाग के उच्च अधिकारी डीएफओ से मुलाकात नहीं हुआ है।

**भर्ती प्रक्रिया है संदेह के घेरे में :** शिकायतकर्ता ने भर्ती प्रक्रिया को संदेहास्पद बताया है जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने जो साक्ष्य सूची प्रस्तुत किया हैं उससे प्रथम दृष्टया में ही मामले में पक्षपात होते दिखा रहा है। आगे जांच के पश्चात ही पूर्ण रूप से कहा जा सकता है की शिकायतकर्ताओ की शिकायत में कितनी सच्चाई है। लेकिन मीडिया में बात आने के पश्चात जिम्मेदारों के कान खड़े हो सकता है। अब देखना है की किस तरह से निष्पक्षता के साथ ये भर्ती प्रक्रिया पूर्ण जांच होगी। क्या अपात्र को दिए गए स्थान के कारण वन विभाग का नाम बदनाम होगा या पात्र को उसका हक दिलाकर अच्छे कार्यो के लिए सुर्खियां बटोरेगा। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए संबंधित विभाग अधिकारी डीएफओ को फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने फोन नही उठाया।

# किसानों को ठगने वाली कम्पनी व विक्रेता के खिलाफ किसान 25 को देंगे धरना



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक अंतर्गत रांधना क्षेत्र फरसगांव विश्रामपुरी ब्लॉक के किसानों को रांधना स्थित शंकर कृषि केंद्र संचालक रमापति पाठक द्वारा विगरबायोटेक कम्पनी की चंचल वेरायटी की धान बेचा गया। जिसके बारे मे किसानों को कोई जानकारी नहीं थी, संचालक द्वारा अच्छी क्वालिटी की धान है उपज अन्य धान से अच्छी होगी कहकर बेची गयी, जिससे क्षेत्र के किसानों ने बढ़ चढ़ कर खरीदा और रोपा भी परन्तु धान मे बाली नहीं आने से किसान परेशान हो गए और शिकायत लेकर शंकर कृषि केंद्र के संचालक रमापति पाठक से मिले पाठक ने अपना हाँथ खिंच दिया कहा मेरी क्या गलती हैं बीज मेरे घर मे नहीं बना है आप लोग कम्पनी के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं किसान एसडीएम से मिले डीएम से मिले विधायक से भी मिले कृषि विभाग से अधिकारीयों की टीम मौके पर जाकर जाँच भी की पता नहीं अब रिपोर्ट कहां अटक गयी। किसानों को तो फ़सल बर्बादी के साथ साथ केसीसी की चिंता सता रहीं हैं क्योंकि किसान किसानी के लिए केसीसी लेते हैं और धान लेम्पस मे देकर उस लोन की राशि को अदा करते हैं पर यहां अब धान तो हुआ नहीं फिर लोन की राशि कहां से पटाएंगे। किसान लगातार तीन महीने से बीज दुकान संचालक, शासकीय कार्यालय, नेतागण के चक्कर काट रहें हैं पर मिल रहा है तो सिर्फ आश्वासन। आखिर कब तक घूमना पड़ेगा की सवाल लेकर अब किसान उग्र होते नजर आ रहें हैं और शुक्रवार दोपहर को फरसगांव एसडीएम कार्यालय पहुंच सोमवार 25 नवंबर को फरसगांव हॉस्पिटल मैदान मे 500 से अधिक किसानों के साथ धरना देने संबंधी ज्ञापन दिए हैं। किसानों से बात करने पर कहा कि, अभी तो सिर्फ एक दिवसीय धरना दे रहें हैं मांग पुरी नहीं होने पर जल्द ही कोंडागांव कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे और तब भी मांग पुरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठेंगे। हमारी मांग सिर्फ यही हैं ठगे गए किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाये केसीसी की राशि माफ किया जाये शंकर कृषि केंद्र को सील कर संचालक रमापति पाठक के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये व लायसेंस रद्द हो, बीज निर्माता कम्पनी विगरबायोटेक को प्रतिबंधित की जाये ताकि भविष्य मे ऐसी घटना की पुनरावृति न हो और भी किसान ठगी के शिकार न हों।

## अवैध रूप से दुकानों में पेट्रोल भडारण

**दंतेवाड़ा।** खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के विभिन्न संस्थानों में खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार सोनवानी, खाद्य निरीक्षक धीरेन्द्र कश्यप तथा खाद्य निरीक्षक प्रीति ठाकुर के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के मेसर्स दशमती किराना स्टोर्स में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स जीतू किराना स्टोर्स में 1.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स श्री ओम साई सैलून में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स देवांगन किराना स्टोर्स में 4.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स जमुना फूट एण्ड डेली निड्स में 6 ली. पेट्रोल तथा मेसर्स सीताराम पान पैलेस में 6 ली. पेट्रोल, अवैध रूप से वि य के उद्देश्य से रखा पाया गया। इस संबंध में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) भंडारित होने व छ.ग. एम. एस. एच. एस. डी. (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 का उल्लंघन पाये जाने पर भंडारित ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) को जप्त कर लिया गया।

# आपका बैंक-आपके द्वार, गांव-गांव में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएंगी बैंक सखी








पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

गांव में बैंकिंग सुविधा व वित्तीय लेन-देन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रही बैंक सखियों के कार्यो के संबंध में जिले के सभी विकासखण्डों के गांव-गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शिबहान के समूह से जुड़ी दीदीयों द्वारा दीवार लेखन कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से बैंक सखियों द्वारा दी जाने वाली सुविधा जैसे राशि जमा व निकासी करना, बिजली बिल भुगतान, टी.वी. व मोबाईल रिचार्ज, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, उद्यम प्रमाण पत्र बनाने जैसी सुविधाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए आपका बैंक आपके द्वार का नारा दीवारों में लेखन कर बैंकिंग सुविधा से लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करते हुए बैंक सखी का नाम, बैठने का स्थान समय व दिन की जानकारी दी जा रही है।

# 26 नवंबर को माकड़ी में मनाया जायेगा जिला स्तरीय राष्ट्रीय संविधान दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव जिला स्तरीय राष्ट्रीय संविधान दिवस कार्यक्रम ग्राम, विकास खंड, तहसील माकड़ी में आयोजित किये जाने हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत माकड़ी के सरपंच व स्थानीय मूलनिवासी समाज प्रमुखों की उपस्थिति में सहमति प्रस्तावित की गई। इस हेतू सुबह 11 बजे से मंडी प्रांगण माकड़ी में राष्ट्रीय संविधान दिवस कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस बैठक में माकड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच हमलाल वट्टी, राजकुमार कश्यप, बिरज साहू, निलेश प्रभाकर बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव के अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम सचिव, हितेन्द्र श्रीवास, नरसिंह देव मंडावी, पंचू शोरी एवं व पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञ वक्ताओं के द्वारा भारतीय संविधान पर महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएगी और इसके महत्व को प्रतिपादित किया जाएगा।

# महिला आयोग बस्तर संभाग के साथ रायपुर का भी अतिरिक्त प्रभार संभालेंगी दीपिका

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में सदस्यों की नियुक्ति के बाद सभी नवनियुक्त सदस्य छत्तीसगढ़ के पांचो संभागों में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। महिला आयोग की बैठक में नये सदस्यों की नियुक्ति होने के पश्चात् संभागवार न्यायपीठ का गठन किया गया।

महिला आयोग की बैठक में सभी सदस्यों को स्वयं से संभाग चयन करने का प्रस्ताव रखा गया बस्तर संभाग का प्रभार अधिवक्ता दीपिका शोरी ने लिया उन्होंने कहा कि अभी बस्तर में महिलाओं के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है अपने कानूनी



अधिकारों के प्रति जागरूक न होने के कारण उनका शोषण होता है ख ा स क र बालिकाओं को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना मेंरी प्राथमिकताओं में है बस्तर के सातों जिलों में मै लगातार भ्रमण कर इस दिशा में कार्य करूंगी एवं सातों जिले के पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से उन पुलिस थानाओं की जानकारी एकत्र कर जहाँ महिलाओं व बालिकाओं के प्रति ज्यादा अपराध होते हैं उन स्थानों पर शिविर के माध्यम महिलाओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**नए सदस्यों को संभागवार दायित्व इस प्रकार दिया गया –**

**बस्तर संभाग :** बस्तर संभाग का प्रमुख प्रभार दीपिका सोरी एवं अतिरिक्त प्रभार ओजस्वी मंडावी,

**सरगुजा संभाग :** सरगुजा सभाग का प्रमुख प्रभार प्रियंवदा सिंह जुदेव एवं अतिरिक्त प्रभार सरला कोसरिया।

**बिलासपुर संभाग –** बिलासपुर संभाग का प्रमुख प्रभार सरला कोसरिया एवं अतिरिक्त प्रभार प्रियंवदा सिंह जुदेव संभालेंगी है।

**रायपुर संभाग –** रायपुर संभाग का प्रमुख प्रभार लक्ष्मी वर्मा एवं अतिरिक्त प्रभार दीपिका सोरी

**दुर्ग संभाग –** दुर्ग संभाग का प्रमुख प्रभार ओजस्वी मंडावी एवं अतिरिक्त प्रभार लक्ष्मी वर्मा संभालेंगी।

## अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी

**कोंडागांव।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गुरूवार को विकास खण्ड माकड़ी के शासकीय हाई स्कूल ठेमगॉव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य छत्रपालशाह जुर्री, व्याख्याता कृष्ण कुमार बेलसरिया एवं सहायक ग्रेड-02 लोकेश कुमार दर्रो बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कर्मचारियों को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर दिया गया है।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने की सुरक्षा नियंत्रण कक्ष की मांग

**बीजापुर।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ कर्मचारियों ने चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है।

# खो-खो और वॉलीबॉल में कोंडागांव और कबड्डी में फरसगांव ब्लॉक ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के दूसरे दिन पुरूष सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स विकासनगर स्टेडियम, कराते टाउन हॉल, खो-खो एन.सी.सी. ग्राउण्ड, व्हॉलीवाल व कबड्डी खेल परिसर बड़ेकनेरा रोड, एवं बैडमिंटन खेल का आयोजन विकासनगर इण्डोर स्टेडियम में किया गया, जिसमें कोंडागांव, फरसगांव, माकड़ी, बडेराजपुर एवं केशकाल विकासखंड के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। एथलेटिक्स 100 मी. दौड़ में गौरव बंजारे, 200 मी. सरकील कोर्राम, 400 मी. दौड़ मंगलू राम, रिले रेस में निर्मल दीवान, भूपेन्द्र, विष्णु, त्रिभुवन, शॉटपुट में रोशनलाल, डिस्कस थ्रो में समीर केमरो, जेवलीन में समीर केमरो एवं लम्बीकूद में रतेन, ऊँचीकूद में कैलास नेताम, बैडमिंटन में सन्नी रवानी, युगल में चंदन मिनोचा एवं दीपक मिनोचा, कराते में धनेश्वर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार खो-खो में कोंडागांव प्रथम, कबड्डी में फरसगांव ब्लॉक व व्हॉलीवॉल में कोंडागांव विजेता रहा। प्रथम तीन विजेताओं को व्यक्तिगत खेल में प्रथम 2000/- द्वितीय 1500/- तृतीय 1000/- एवं दलीय खेल में प्रथम 4000, द्वितीय 3000/- एवं तृतीय 2000/- प्रदाय किया गया। इसके साथ ही मेडल एवं प्रमाण पत्र व भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिया गया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060714525209, श्रीमती स्नेहलता जोशी ( ऋणी ), गणेश प्रसाद जोशी ( सहऋणी ) | 13-अगस्त-24 ₹ 14,27,681/- चौदह लाख सत्ताईस हजार छः सौ इक्यासी रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. एमआईजी डुप्लेक्स 197, खुशबू ठाकरे आवास योजना, ग्राम मंगला, तहसील एवं जिला बिलासपुर, छत्तीगढ क्षेत्रफल 108 वर्ग मीटर, पूर्वः निजी भूमि, पश्चिमः एमआईजी 198, उत्तरः निजी भूमि, दक्षिणः रोड | 18-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001061124797433, श्रीमती स्नेहलता जोशी ( ऋणी ), गणेश प्रसाद जोशी ( सहऋणी ) | 13-अगस्त-24 ₹ 1,81,858/- एक लाख इक्यासी हजार आठ सौ अट्ठावन रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. एमआईजी 197, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मंगला, जिला बिलासपुर, छत्तीगढ 495001, क्षेत्रफल 1162.08 वर्ग फीट, पूर्वः निजी भूमि, पश्चिमः मकान नं. एमआईजी 198, उत्तरः निजी भूमि, दक्षिणः रोड | 18-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060125057882, ठाकुरराम साहू ( ऋणी ), सोमनाथ साहू ( सहऋणी ), श्रीमती तारा बाई साहू ( सहऋणी ), श्रीमती भानू बाई साहू ( सहऋणी ) | 12-जनवरी-24 ₹ 5,53,044/- पांच लाख तिरेपन हजार चवालीस रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 33, ग्राम नावपारा, तहसील गोबरा, नावपारा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 10000 वर्ग फीट | 18-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060728835245, मंगल देवांगन ( ऋणी ), प्रियतम देवांगन ( सहऋणी ), शान्ती बाई देवांगन ( सहऋणी ) | 12-जून-24 ₹ 8,11,720/- आठ लाख ग्यारह हजार सात सौ बीस रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम खसरा नं. 196/24, एवं पुराना खसरा नं. 196/1, पीएच नं. 105, चंगोराभाटा, कंगन कारखाना, जिला रायपुर, छत्तीसगढ 492001, क्षेत्रफल 1120 वर्ग फीट | 18-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060130039147, श्रीमती ईश्वरी देवांगन ( ऋणी ), संतोष कुमार देवांगन ( सहऋणी ), श्रीमती कमला बाई देवांगन ( सहऋणी ) | 16-मई-24 ₹ 5,81,387/- पांच लाख इक्यासी हजार तीन सौ सतासी रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 217/4, बागदेही, गरियाबंद, नावापारा, तहसील राजिम, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1291.66 वर्ग फीट, पूर्वः खसरा नं. 216, पश्चिमः रोड, उत्तरः खसरा नं. 208, दक्षिणः रोड | 19-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060125212698 & L9001060830311442, प्रवीण ट्रेडर्स ( ऋणी ), प्रवीण कुशवाह ( सहऋणी ), उपेन्द्र प्रसाद कुशवाह ( सहऋणी ) | 14-मई-24 ₹ 21,52,798/- इक्कीस लाख बावनहजार सात सौ अठानवे रूपये मात्र एवं ₹ 10,27,803/- दस लाख सत्ताईसहजार आठ सौ तीन रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 239/21 का भाग, पीएच नं. 24, ग्राम संकरा, आर.आईसी धरसीवा-2, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1150 वर्ग फीट, पूर्वः रास्ता, पश्चिमः शर्मा जी की भूमि, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः रास्ता, ( संपत्ति 2 ) खसरा नं. 239/21, पीएच नं. 24, ग्राम संकरा, आर.आई.सी. धरसीवा-2, तहसील एंव जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2000 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः शर्मा की भूमि, उत्तरः दिव्या पटेल की भूमि, दक्षिणः दिव्या पटेल की भूमि | 18-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060120309497, कोलकाता बाजार ( ऋणी ), हाफिज खान ( सहऋणी ), श्रीमती खातून बेगम ( सहऋणी ) | 16-मई-24 ₹ 10,82,061/- दस लाख बयासी हजार इकसठ रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 548/12, पीसी नं. 42 आरआईसी, ग्राम कुरूड, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 870 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः शकूर खान का मकान, उत्तरः रोड, दक्षिणः रोड | 18-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060123403351, धमेन्द्र दास मानिकपुरी ( ऋणी ), भुवनेश्वरी मानिकपुरी ( सहऋणी ), जगदीश प्रसाद मानिकपुरी ( सहऋणी ) | 16-मई-24 ₹ 23,91,200/- तेइस लाख इक्यानवे हजार दो सौ रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 583/13, पीएच नं. 10, ग्राम तंडवा, तहसील तिलदा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.236 हैक्टेयर, पूर्वः पुन्नू राम कामकान, पश्चिमः मोतीराम का मकान, उत्तरः बलीराम का मकान, दक्षिणः गली | 18-नवम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांकः 22/11/2024**
**स्थानः छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# कलेक्टर रीडर, सेवा समाप्ति के बाद भी कर रहे गोपनीय कार्य

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



छग शासन के विभिन्न विभागों में प्रभारवाद की संस्कृति फल-फूल रही है। कांग्रेसी शासनकाल में यह प्रक्रिया अधिकांश विभागों में देखी गई। नई सरकार के आने के बाद ऐसे लोगों की बिदाई तय मानी जा रही थी किंतु उस पर इस सरकार द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते नियम विरूद्ध कार्य हो रहे हैं। धमतरी जिले में भी पिछले लंबे समय से प्रभारवाद की तूती बोल रही है। अब तो सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मी गोपनीय काम को कर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण जिले के प्रमुख कार्यालय से दिया जा सकता है। कलेक्टोरेट में पदस्थ रीडर सेवा समाप्ति के बाद भी गोपनीय कार्य को कर रहा है जिसे लेकर तरह तरह की चर्चाएं कार्यालय में व्याप्त है। कुछ अधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब तक संविदा की अवधि की तिथी नहीं बढ़ जाती, तब तक ऐसे कर्मी पद से हटाये जाते हैं क्योंकि कुछ पत्र शासन के ऐसे होते हैं जो गंभीर मुद्दों को लेकर होते हैं। लेकिन कलेक्टर भी इस रीडर को ऐसे महत्वपूर्ण सौंपी हैं, जो कि नियम विरूद्ध है। कांग्रेसी शासन काल में अनेक विभागों में दागदार कर्मचारी, अधिकारी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे हैं। इन पर जांच लंबित है, उसके बाद भी इन पर सरकार मेहरबान है। इसी तरह कलेक्टोरेट में भी संविदा पर रखे गये कर्मचारियों को पूर्व में महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था। यही नहीं संविदा के कर्मचारियों को दो वर्ष तक उसी स्थान पर पदस्थ रखकर उसे आगे के वर्षों के लिये विभिन्न स्थानों पर पदस्थ किया जाता है। लेकिन पूर्ववर्ती सरकार के समय संविदा के कर्मचारी को जिला मुख्यालय में पदस्थ कर उसे वह सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई जो किसी आईएएस अधिकारी को दी जाती है। पिछले वर्षों में यदि ऐसे कर्मियों का आंकलन किया जाये तो अनेक ऐसे कर्मचारी हैं जो इस श्रेणी में आयेंगे। इन्हीं सब तथ्यों के बीच एक नया प्रकरण सामने आया है जिसमें शिवशंकर निषाद कलेक्टर रीडर तीन साल पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इन्होंने सेवानिवृत्ति पश्चात संविदा पद हेतु आवेदन दिया जिसके तहत इन्हें तहसील कार्यालय में संविदा पद पर नियुक्त किया गया किंतु कार्य वे अब भी रीडर का ही कर रहे हैं। यही नहीं इनका संविदा कार्यकाल 3 वर्ष का बीते दिनों पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी वे इस महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत हैं जबकि नियमतः संविदा पद का नवीनीकरण नहीं होने पर इन्हें उक्त कार्य करने अनुमति नहीं दिया जाना चाहिये था क्योंकि शासन एवं प्रशासन के बीच सेतु का काम करने वाला रीडर ही होता है और शासन के द्वारा ऐसे पत्र भी कलेक्टर को प्रेषित किये जाते हैं जो किसी अन्य को पता न चले। लेकिन संविदा बीत जाने के बाद भी अनाधिकृत तौर पर उनके वहां कार्य करने से ऐसे पत्रों का भांडाफोड़ हो सकता है एवं गोपनीयता भंग हो सकती है। जिला मुख्यालय में पदस्थ कुछ अधिकारी के नादिरशाही रवैये को लेकर सरकार की किरकिरी हो रही है। कुछ न कुछ नया विवाद होते आया है। कुल मिलाकर जिला कलेक्टोरेट में बाबू से लेकर अधिकारी तक चर्चा के दायरे में हैं। निषाद की संविदा नियुक्ति को लेकर कलेक्टोरेट में पदस्थ अधीक्षक टेकराम ध्रुव से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वर्तमान कलेक्टर रीडर निषाद का संविदा अवधि समाप्त हो चुका है। संबंधित रीडर की सेवा अवधि बढ़ाये जाने के संबंध में शासन द्वारा पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन संवाददाता के सवाल पर कि क्या संविदा समाप्ति पश्चात क्या यह रीडर महत्वपूर्ण पदों पर रहकर कार्य कर सकता है? इसे लेकर उन्होंने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

# जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले में अपनाया जा रहा फसल चक्र परिवर्तन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



देश, प्रदेश सहित जिले में भी गिरते हुए भूजल स्तर को ध्यान में रख जिला प्रशासन द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें से एक है जल संरक्षण, भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए फसल चक्र परिवर्तन अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करना। जिला प्रशासन द्वारा धमतरी जिले के गांव.गांव में जहां जल संरक्षण के लिए जल जगार महोत्सव आयोजित किया गया, वहीं ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल अपनाने हेतु फसल चक्र परिवर्तन शिविर भी आयोजित किए गए। नतीजन जिले के ग्राम परसतराई, लोहरसी, रांवा, गुजरा, गोहाननाला और बगदेही के ग्रामीणों ने ग्राम विकास समिति की बैठक आहूत कर ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल लेने तथा धान को हतोत्साहित करने का निर्णय लिया।
जिले में कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा अब तक 182 गांवों में फसल चक्र परिवर्तन शिविर आयोजित किए गए, वहीं 48 गांव में विशेष शिविर लगाया गया। इसके साथ ही ग्रामीण कृषि कार्य के अनुभवद्ध के माध्यम से 5 गांवों में विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें लगभग 12 हजार चार सौ से अधिक किसान शामिल हुए और ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके अलावा कृषि और उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी गांवों का भ्रमण कर किसानों को दलहन, तिलहन और नगदी फसलों से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। जिले में रबी वर्ष 2024-25 में दलहन, तिलहन की खेती के लिए अब तक 3 हजार 188 क्विंटल 59 किलोग्राम बीज का वितरण किसानों को किया गया। इनमें समिति से एक हजार आठ क्विंटल आठ किलोग्राम, बीज ग्राम/प्रदर्शन से एक हजार 874 क्विंटल 51 किलोग्राम और नगद 306 क्विंटल बीज शामिल हैं। जबकि रबी वर्ष 2023-24 में समितियों से 38 क्विंटल 65 किलोग्राम ही दलहन, तिलहन का बीज वितरित किया गया था। इस तरह इस वर्ष रबी फसल के लिए समितियों से दलहन, तिलहन बीज वितरण में इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि इस वर्ष जिले की लगभग 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फसल चक्र अपनाने का लक्ष्य रखा गया है। रबी ऋण वितरण वर्ष 2024-25 के तहत जिले के सभी 11 समितियों के माध्यम से दो हजार 602 सदस्यों को कुल 6 करोड़ 72 लाख 8 हजार रूपये का ऋण वितरण किया गया। इनमें 6 करोड़ 60 लाख 5 हजार रूपये नगद और 12 लाख 3 हजार रूपये सामग्री के तौर पर वितरित किया गया। बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को पानी का सदुपयोग करने की लगातार समझाईश दी जा रही है। ग्रीष्मकाल में पानी की भयावहता को रोकने के लिए इसमें स्थानीय ग्रामीण भी बढ-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# नगर पंचायत लवन के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 63 लाख 93 हजार रूपये के कार्य को मिली स्वीकृति




पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नगरीय निकायों के विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही इसी तारतम्य में नगर पंचायत लवन के विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 63 लाख 93 हजार के कार्य स्वीकृति मिली हैं। जिसमें वार्ड क्र.1 में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य (मैकूलाल साहू घर से सुनाराम साहू से सनत साहू घर तक, डॉ. शत्रुधन साहू के घर से रोहित साहू घर तक) 10 लाख 32 हजार रूपये, वार्ड क्र.3 में मरदा मोड़ सना अंसारी से विनोद अनंत के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 7 लाख 73 हजार रूपये, वार्ड क्र. 04 में मेनरोड कृष्णा स्वीट्स से श्यामा सोलर एनर्जी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 2 लाख 73 हजार रूपये, वार्ड क्र.04 में तहसील चौक से पानी टंकी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 9 लाख 44 हजार रूपये,वार्ड क्र.07 संतु यादव के घर से ढेलू साहू के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 3 लाख 44 हजार रूपये, पंडरिया इंटेक वेल के पास पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल का कार्य 3 लाख 66 हजार रूपये, वार्ड क्र.14 धीवर समाज से छवि ध्रुव के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए तीन लाख 4 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 10 में राम मंदिर चौक से तुलाराम आर्यसकूल तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 6 लाख 74 हजार रूपये, वार्ड क्रमांक 2 में संदीप साहू के हॉलर मील से एम.एल. साहू के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 10 लाख 47 हजार रूपये, डोंगरीडीह पंपहाउस से पानी टंकी तक पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल का कार्य 2 लाख 32 हजार रूपये, वार्ड क्र.04 में नगर पंचायत कार्यालय के पास से पानी टंकी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार एवं बोरवेल का कार्य 4 लाख 4 हजार रूपये का कार्य शामिल है।

# आमदी कॉलेज में मतदाता सूची में पंजीयन करवाने विशेष शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी एवं आमदी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के तहत महाविद्यालय इन छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में पंजीयन करवाने विशेष शिविर का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि इस शिविर में 01 जनवरी के साथ-साथ 01 अप्रैल 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म 06 भरा गया तथा ऑफ लाइन फॉर्म 06 छात्र-छात्राओं को बांटकर भरने के लिए निर्देशित किया गया। डॉ. श्रीदेवी चौबे ने स्वीप समिति के जागरूकता अभियान की सराहना की। महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने उपस्थित स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को आने वाले ग्राम पंचायत व नगर निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आवाह्न किया। महाविद्यालय के प्राचार्य इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेश सिंह, मन्नू लाल साहू उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में रासेयो स्वयंसेवक छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप आदि का विशेष योगदान रहा।

# गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव के लिए पंथी नृत्य दलों से प्रविष्टियां 27 नवम्बर तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2024-25 आयोजन के लिए आगामी 27 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दलों/समूहों को प्रस्तुत प्रविष्टियों के साथ ही अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारम्परिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए गए हैं, तो इसका विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ ही यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किये होए तो उसकी जानकारी, प्रविष्टिकर्ता के उत्कृष्ट कार्य के विषय में कोई लेख प्रकाशित हुआ हो, तो उसके विवरण की प्रतियां, सामाजिक चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अपने कार्य के संबंध में कोई प्रख्यात व्यक्ति अथवा पत्र-पत्रिकाओं द्वारा टिप्पणी की गई हो, तो उसकी प्रति, अन्य जानकारी जो प्रविष्टिकर्ता देना चाहे, संलग्न करना तथा प्रविष्टियां में टीम का नाम, सम्मिलित होने वाले सदस्यों की संख्या, अध्यक्ष एवं सचिव के मोबाईल नंबर होना अनिवार्य है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दल/समूह 27 नवम्बर की शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

# त्रिदिवसीय विराट आयोजन की दिखेगी झलकियां, रामायण मेला मे विविध राज्यों की अनुपम प्रस्तुतियां

## सपाद लक्ष्वेश्वर धाम सलधा सहित विविध विद्या के व्यक्तित्वों का आगमन



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



धार्मिक आयोजनों की धरा भाटापारा मे राष्ट्रीय रामायण मेला के रुप मे तीन दिवसीय भव्य आयोजन की रुपरेखा यज्ञशाला नाका नंबर एक मे तैयार हुई है, राष्ट्रीय रामायण मेला समिति द्वारा 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित इस भव्य आयोजन मे अलग अलग राज्यों से संतो विद्वानों भजन मंडलियों तथा सांस्कृतिक दलों का समागम होगा, 29 नवंबर को भव्य कलश एवं शोभायात्रा के साथ शुभारंभ होने वाला यह आयोजन चार सत्रों मे विभाजित रहेगा,तथा प्रतिदिन सुबह 10ः30से रात्रि दस बजे तक विभिन्न सत्रों मे आयोजन संपन्न होगा।

### भजन मंडलियों के भजन का प्रथम सत्र

29 नवंबर को कलश एवं भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुए इस भव्य आयोजन का प्रथम सत्र भजन मंडलियों के भजन से होगा जिसके तहत अलग अलग राज्यों से एवं राज्य के विभिन्न जिलों से भजन मंडलियों का आगमन हो रहा है,जिसमें बनारस घराना से कंचन पाठक, दिव्या दुबे,बिहार से रौनक रमन,बांदा से दयाराम रैकवार, कानपुर से जय गोपाल, झांसी से रघुवीर यादव, बिलासपुर से सूरज साहू, हथबंद से बंशी साहू, विश्रामपुर से सुरेन्द्र निषाद, दामाखेड़ा से प्रदीप मानिकपुरी, सिमगा से देवनाथ कुंभकार, आमाकोनी से एम डी वैष्णव, पहंदा से चेतन देवांगन, युवा कल्याण संघ छत्तीसगढ एवं मल्दी से लीलू राम मारावी अपने साथियों के साथ अभिनव भक्तिमय प्रस्तुति देंगे।

### परिचर्चा एवं संत वाणी का आयोजन

आयोजित प्रथम सत्र की संपन्नता के साथ दोपहर दो बजे से चार बजे तक राम रामायण पर आधारित विषयों पर परिचर्चा का दौर चलेगा जिसमे विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे, परिचर्चा मे भागीदारी के लिए बिहार भागलपुर से आशा ओझा तिवारी, लोहारी सिमगा से शकुंतला वैष्णव, धर्म जागरण मंच के प्रान्त प्रमुख राजकुमार चन्द्रा, चित्रकुट धाम से सनत कुमार शास्त्री, विशाखापट्टनम से मंजूषा वैष्णव, भिंड से देवेन्द्र चौहान रामायणी, मुरैना से लक्ष्मीनारायण परमार, मटका बेमेतरा से अशोक मिश्रा, बांदा से राम प्रताप शुक्ला, अयोध्या से दुर्गेश पाण्डेय, बिलासपुर से डॉ रामरतन श्रीवास एवं उत्तराखंड से पी के सेमवाल का आगमन हो रहा है। परिचर्चा की कड़ी संपन्न होने के उपरांत संत वाणी सत्र के रुप मे संध्या चार बजे से 6बजे तक संतो का दिव्य प्रवचन होगा जिसमें दण्डी स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानन्दः सरस्वती सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा बेमतरा, साध्वी वंदना दुबे चित्रकुट धाम, साध्वी राजश्री वृन्दावन एवं रामरुप दास महात्यागी मदकूद्वीप की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

### संध्या मनोरम सांस्कृतिक छटा

संत वाणी का दिव्य आयोजन प्रस्तुत होने के उपरांत संध्या लगभग 6.30 बजे आरती होगी तथा प्रसादी विवरण के पश्चात रात्रि सात बजे से दस बजे तक रंगारंग भक्तिमय सांस्कृतिक छटा बिखरेगी जिसमें भागीदारी निभाने के लिए प्रख्यात कथक नृत्यांगना अनुपमा त्रिपाठी जयपुर घराना, वनलता साधना ग्रुप गुवाहाटी, मधु अग्रवाल अंजू वर्मा एवं रघुवीर यादव, झांसी, दयाराम रैकवार बांदा,तुलसी के राम नाट्य दल अमर द्विवेदी रीवा, डॉ ललित सिंह ठाकुर कड़ार भाटापारा, आदर्श संस्कार भारती, केसली, आदर्श कृष्ण लीला मंडली मोपर, यादगार राजपूत कृष्णलीला चन्द्रगढ़ी पथरिया मुंगेली अपनी अभिनव प्रस्तुति देंगे, राष्ट्रीय रामायण मेला समिति द्वारा जनमानस से सभी आयोजनों मे अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की गयी है।

# थाना कसडोल पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



राजेश देवांगन उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कटगी द्वारा 25.06.2024 को थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि, इसकी चचेरी बहन कुमारी कविता उर्फ काजल देवांगन उम्र 22 वर्ष निवासी कटगी ने दिनांक 25.06.2024 को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में मर्ग जांच पंजीबध्द कर जांच कार्रवाई में लिया गया। जांच के दौरान मृतिका के जान पहचान वालों एवं उसके रिश्तेदारों से पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसमें पता चला कि मृतिका की पहचान आरोपी विजय दास मानिकपुरी से थी। विजय दास मानिकपुरी मृतिका से मोबाइल के माध्यम से लगातार बातचीत करता रहता था। आरोपी विजय दास द्वारा मृतिका को धमकी दिया गया कि, अगर तुम किसी दूसरे से शादी करोगी तो मैं तुम्हारी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। इस प्रकार से आरोपी के प्रताड़ित करने एवं धमकी देने से मृतिका द्वारा मजबूर होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। कि जांच रिपोर्ट पर थाना कसडोल में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 567/2024 धारा 306 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा मृतिका से मोबाइल पर बातचीत करना एवं उसे किसी दूसरे से शादी करने की स्थिति में बर्बाद करने की धमकी देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- विजय दास मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम कटगी महामाया पारा थाना कसडोल।

# रेत माफियाओं ने दी विधायक प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम को रेत माफियाओं से जान से मारने की धमकी दी गई है। इसकी शिकायत देर रात पुलिस थाने में की गई। पुलिस को दिए शिकायत के अनुसार 20 नवंबर की रात 8 बजे के लगभग विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम बसना से घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान पीछे से आ रही हाइवा ने उसे कट मार दिया जिसके चलते उन्होंने गाड़ी को घंटेश्वरी मंदिर के समीप हाइवा को रोकवा। इसी दौरान हाइवा में अवैध रेत होने की जानकारी पर उन्होंने इसकी जानकारी विधायक चातुरी नंद को दूरभाष के माध्यम से दी। विधायक ने एसडीएम और तहसीलदार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। तहसीलदार के पहुंचने के पूर्व ही हाइवा मालिक मनीष वाधवा के सुपुत्र वहां पहुंच चुके थे और पहुंचते ही विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम को ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए जान से मारने और देख लेने की धमकी दी गई। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि को लूट के झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजवाने की भी धमकी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तहसीलदार जब कार्रवाई करने पहुंचा तो उन्हें भी धमकाया गया।

### बड़े पैमाने पर हो रहा अवैध रेत और धान परिवहन

सरायपाली क्षेत्र के रेहटीखोल और सिरपुर बैरियर से पड़ोसी उड़ीसा राज्य से अवैध रेत और धान का परिवहन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। पुलिस, माइनिंग और वन विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत से अवैध अवैध रेत और धान परिवहन को अंजाम दिया जा रहा है। महासमुंद कलेक्टर ने अवैध धान और रेत परिवहन पर रोक लगाने सख्ती बरतने का निर्देश जारी किया है लेकिन उनके निर्देशों का खुला माखौल उनके ही अधीनस्थ कर्मचारी उड़ा रहे है।

### विधायक की छापेमारी से रेत माफ़ियाओं में खलबली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद पिछले 2- 3 दिनों से देर रात्रि सीमावर्ती क्षेत्रों के बैरियरों में पहुंचकर अवैध रेत और धान परिवहन का निरीक्षण कर रही है। 19 नवंबर की रात्रि विधायक नंद ने रेत से भरी हाइवा को सिंघोड़ा पुलिस थाने का सुपुर्द किया।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय भंवरपुर में जनजाति गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय नवीन महाविद्यालय भंवरपुर में जनजाति गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ एसके साव के मार्गदर्शन एवं एसके पटेल के निर्देशन में किया गया। जहां जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सिदार थे। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता आदित्य रंजन कानूनगो एवं उपेंद्र कुमार बरिहा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक एसके पटेल ने स्वागत भाषण दिया मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सिदार ने संक्षेप में जनजातीय समाज के क्रांतिकारियों की भूमिका एवं बलिदान के सत्यता के बारे में बताते हुए उनके शौर्य एवं पराक्रम के विषय में अपने विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि कानूनगो ने आदिवासियों की सहज एवं सरल जीवन शैली की विशेषताओं का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता बरिहा ने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के आदिवासियों के वीर वीरांगनाओं का संक्षेप में वर्णन किया। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के लोकगीत एवं लोक नृत्य पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सह संयोजक हेरोद तिग्गा ने बिरसा मुंडा के जीवन पर बनी लोकगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ रमिज दानी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं के साथ ही प्राध्यापक गण दीपक राठौड़ गजराज नायक कृष्णकांत ठाकुर रितेश नायक धनुर्जय पटेल टी साहू का योगदान रहा।

# आयुष सिंह बने छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने अपने कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रदेश सचिव रहे जिला बलौदा बाजार भाटापारा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आयुष सिंह को अपना प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ की स्थिति छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ में लगातार मजबूत हो रही है क्योंकि वर्तमान में प्रदेश महामंत्री पदमेश कुंदन शर्मा कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जिला रायपुर सक्रिय रूप से संगठन को मजबूत बनाने में लगातार कार्य कर रहे हैं। आयुष सिंह के प्रदेश सचिव बनने से संगठन का विस्तार और मजबूत होगा।

# प्राकृतिक आपदा के एक प्रकरण में 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम खरता निवासी 09 वर्षीय विद्यासागर का 24 सितम्बर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु जाने के कारण उनके निकटतम परिजन बलराम ध्रुव को 4 लाख रुपय की आर्थिक सहायता राशि

# योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर आम जनता को करें लाभान्वित : सांसद विजय बघेल

## नल जल, आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास पर विशेष जोर

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोकसभा सांसद विजय बघेल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद बघेल ने निर्देशित किया कि जिले में राज्य और केन्द्र शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएं। सांसद विजय बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को प्रशासनिक अधिकारियों एवं जिला पंचायत के माध्यम से विभिन्न वार्डो में पहुंचाया जाता है। आम जनता तक पहुंचाने के लिए हम एक कड़ी का कार्य करते हैं। जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमारे दायित्व बंटे हुए हैं। समयबद्ध तरीके से अपने-अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो भी दिशा-निर्देश व निर्णय लिया जाता है उस पर त्वरित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। केन्द्र की योजनाओं से जनता वंचित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के कार्यों को तेजी के साथ संचालित करने को कहा। वहीं ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण में अद्यतन प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत पात्रतानुसार हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास, जल जीवन मिशन, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा, डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने अवगत कराया कि मनरेगा के अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक रही है। अब तक 100 दिवस का रोजगार श्रमिकों को प्रदान किया गया है। सांसद बघेल ने कहा कि मनरेगा कार्यों की सामग्री का भुगतान पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के पहले किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर हितग्राहियों की सूची तैयार करने को कहा। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत अधिकारियों ने बताया कि सभी गांवों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। 2024-25 में 180 लक्ष्य के विरूद्ध 109 खनित नलकूप किया गया है। सांसद ने लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रमुखता से क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग करने को कहा। साथ ही उन्होंने नल कनेक्शन देने के लिए किये जाने वाले गड्ढे को प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समतलीकरण करने को कहा।

# जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत में पीएम आवास के लिए प्रक्रिया प्रारंभ



पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत बलरामपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों ने नींव खुदाई कर आवास निर्माण प्रारंभ कराया और पक्का आवास निर्माण की शुभकामनाएं दी और निर्धारित समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने हेतु प्रेरित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आप सभी लोगों को तीन किस्त में राशि जारी जारी किया जाएगा और हर चरण में पहुंचते ही जीओ टैगिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग कर सीधे आपके खाते में राशि को हस्तांतरित कर दी जाएगी। आप लोग के सहयोग से ही आपका आवास पूर्ण होगा। गौर तलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कुल 45572 आवासों का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें से स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 41019 आवासों में से 35041 आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही 30583 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की जा चुकी है। स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष एवं आवास प्लस के कुल 4553 आवासों की स्वीकृति का कार्य प्रगतिरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्य में प्रगति लाने एवं योजना को विस्तारित करने हेतु ''आवास दिवस'' तथा ''आवास सप्ताह'' के अवसर पर 2000 से अधिक आवासों का भूमिपूजन एवं नींव खुदाई कार्य प्रारंभ कराया गया। ग्राम पंचायत जाबर में आवास शुभारंभ कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी सहित हितग्राही उपस्थित रहे।

# अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई के टीम द्वारा मेसर्स अल लजीज बिरयानी का किया गया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई को मेसर्स अल लजीज बिरयानी सुपेला भिलाई के ग्राहक द्वारा ऑनलाईन में मंगाए गए खाने में वेज बिरयानी खाते समय खाने में पाए कीड़े व इल्ली की दूरभाष पर प्राप्त शिकायत पर 20 नवम्बर 2024 खाद्य सुरक्षा विभाग एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई के टीम द्वारा मेसर्स अल लजीज बिरयानी का औचक निरीक्षण/जांच किया गया। टीम के द्वारा फर्म के किचन एवं भण्डारण कक्ष का निरीक्षण के दौरान किचन में शाकाहारी मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक साथ तैयार व भण्डार किया जाना पाया गया। फर्म के कार्यरत कर्मचारी उचित पोशाक, एप्रॉन, ग्लब्स, हेड कैप लगाए नहीं पाए गए तथा भण्डारण में खाद्य अखाद्य सामग्री एक साथ संग्रहित पाया गया एवं फर्म में उचित साफ-सफाई नहीं पाया गया तथा रखे गए मैदा में कीड़े पाए जाने पर जांच हेतु नमूना लेकर शेष मैदा का नष्टीकरण कराया गया एवं संकलित मैदे के नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पश्चात खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाएगी।

# चंद्रा मोर्या टाकिज अंडरब्रिज के निचे जल भराव से निजात कराने निर्देश

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



सफाई, पानी, बिजली, नवनिर्माण, शौचालय जीर्णोधार, एस.एल.आर.एम सेंटर आदि का रोज सुबह 7:30 बजे से निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सभी जोन में दौरा कर रहे है। इसी तारतम्य में आज जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निरीक्षण हेतु पहुंचे। तीनदर्शन मंदिर 18 नम्बर रोड डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सुभाष चौक बीएसपी पानी टंकी के पास हमर क्लीनिक निर्माण, अम्बेडर नगर सुलभ शौचालय गुपचुप मोहल्ला में निर्मित सुलभ का अवलोकन, 18 नम्बर रोड बैकुण्ठधाम तालाब, एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरा सेग्रिगेशन का कार्य, छावनी चैंक पावर हाउस अंडरब्रिज, विवेकानंद उद्यान, सेक्टर 02 छट तालाब, फुटबाल ग्राउण्ड आदि का निरीक्षण किए। आयुक्त दौरा करते-करते चंद्रा मोर्या चैंक अंडरब्रिज जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां की स्थिति पूर्व की भांति जल भराव की बनी रहती है। थोड़ा भी पानी गिर जाने से आने-जाने वाले को परेशानी होती है। जल भराव को देखते हुए मोटर पम्प से पानी लिफ्ट करके खाली करना पड़ता है। इसको देखते हुए उन्होने अभियंता बसंत साहू को कहा हर समस्या का समाधान हो सकता है, प्रयास करना पड़ता है। रेल्वे के संबंधित विभाग में संपर्क कर उनके अभियंता से मिले और मिलकर तकनीकी त्रुटि के कारण जो समस्या आ रही है। उसका निराकरण का समाधान खोजें। हमे यह भी ध्यान देना है, कि हम सब किस प्रकार से बिना मोटर पम्प का इस्तेमाल किये जल भराव समस्या का निदान कर सकते है।

# हैदराबाद में छत्तीसगढ़ी लोक वाद्यों का जादू बिखेरेंगे रिखी, टीम रवाना

**भिलाई।** हैदराबाद में होने जा रहे राष्ट्रीय लोक मंथन आयोजन में प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय देश भर की कला-संस्कृति बिरादरी के बीच छत्तीसगढ़ी लोकवाद्यों का जादू जगाएंगे। वहां 21से 23 नवम्बर तक होने जा रहे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए छत्तीसगढ़ की लोक संगीत एवं लोक वाद्य की प्रस्तुति करने लोक वाद्य संग्रहक रिखी क्षत्रिय एवं साथी मंगलवार को हैदराबाद के लिए दुर्ग से रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि गैर सरकारी पहल 'लोकमंथन' की ओर से छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक राजधानी रायपुर में किया गया था। इस दौरान इस्पात नगरी भिलाई निवासी व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने अपनी प्रस्तुति दी थी। वहीं उन्होंने अपने संग्रहित लोकवाद्यों की प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान रिखी क्षत्रिय की कला व उनके वाद्य यंत्रों का संग्रह देख कर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंदकुमार ने मुक्त कंठ से सराहना की और हैदराबाद में 21 से 24 नवंबर तक होने वाले 'लोकमंथन' के चौथे संस्करण में शामिल होने का न्योता दिया था। इस पहल के तहत अब रिखी का दल हैदराबाद रवाना हो चुका है।

## क्वीक न्यूज

### सीसी रोड और समतलीकरण के लिए के लिए 9.75 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा के दो कार्यों के लिए 9.75 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत पाहरा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए एवं ग्राम पंचायत पाहरा में सामुदायिक भवन के सामने समतलीकरण के लिए 4 लाख 75 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला प्रभारी मंत्री उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी धमधा द्वारा की जाएगी।

### अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यों के लिए 54 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा के 5 कार्यों के लिए 54 लाख रूपए स्वीकृत किया गया हैं। जिसमें ग्राम पंचायत कंडरका में डोमशेड निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम पंचायत मलपुरीकला में डोमशेड निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सेमरिया (गि) में गांव में प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट/एलईडी लाईट के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सेमरिया (गि) में मंच निर्माण हेतु 2 लाख रूपए और ग्राम पंचायत नंदिनी खुन्दनी में चबुतरा में छत निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी धमधा द्वारा की जाएगी।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 नवम्बर को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 194 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक स्वतंत्र माइक्रोफीन प्राईवेट लिमिटेड में 58, टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड भिलाई में 136 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग.निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

### आकाशवाणी रायपुर से गौहर की गजलों का प्रसारण आज

**भिलाई।** कैंप एक निवासी शायर रियाज खान गौहर की गजलों का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर रेडियो स्टेशन की साहित्यिक पत्रिका 'पल्लवी' में आज सुबह 10,00 बजे होगा। इसकी रिकॉर्डिंग कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश उदय ने की है। सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी रियाज खान गौहर लंबे अरसे से साहित्य साधना कर रहे हैं। उन्होंने साहित्य प्रेमियों से प्रसारण सुनने की अपील की है।

### पाटन विख के ग्राम घुघवा (क) में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर 22 नवंबर को

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम घुघवा (क) में 22 नवंबर 2024 को स्वामी आत्मानंद इग्लिश मेडियम स्कूल में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। समस्त विभाग के अधिकारियों को आवश्यक विभागीय जानकारी के साथ शिविर में प्रातः 10 बजे उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### खेलों इंडिया लघु केंद्र मर्रा पाटन के 5 खिलाड़ी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में खेलो इंडिया लघु केंद्र मर्रा पाटन में संचालित है। उक्त केंद्र से जूनियर वर्ग में 4 बालिकाओं गणेश्वरी सपहा, जिज्ञासा यादव, ऐश्वर्या यादव, जानवी नेताम एवं 1 बालक खुमान साहू का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिले के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा से मिली जानकारी के अनुसार राज्य कबड्डी संघ द्वारा 22 से 24 नवम्बर 2024 को जिला कवर्धा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए जिले का दल रवाना हुआ है। दल को प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार एवं संतोष कुमार यादव पीटीआई मर्रा के ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### भुलाया नहीं जा सकेगा रिटायर कर्मियों का सेवाकाल में दिया योगदान : देवांगन

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह अक्टूबर 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष पूरन देवांगन ने सभी रिटायर सदस्यों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। अपने स्वागत संबोधन में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव है और सेवाकाल में हमारे वरिष्ठ साथियों जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

# बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालक एवं बिना सिल्ट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चालकों पर यातायात पुलिस का शिकंजा

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



जब से बलौदाबाजार जिला में पुलिस अधीक्षक का कमान विजय अग्रवाल के कंधों पर आया है तब से कानून व्यवस्था में जबरदस्त कसावट दिखाई दे रहा है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस कसडोल के द्वारा रोजाना लवन थाना के डोंगरीडीह बस स्टैंड पर एम व्ही एक्ट की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है, जिससे बहुत हद तक दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों में भारी जागरूकता एवं डर दोनों दिखाई दे रहा है वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन चलाने से बचते हुए नजर आ रहे हैं वही चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने से कार्रवाई के डर बचते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह भी पता चला है कि शराब पीकर वाहन चालकों की भीड़ लगभग छू मंतर सी नजर आ रही है गिने चुने शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए सड़क पर यातायात पुलिस के हत्थे चढ़े तो बड़ी कार्रवाई से हमेशा के लिए सुधार की रास्ता भी नजर आने लगा है। मतलब यह है कि एम व्ही एक्ट की कार्रवाई से ग्रामीण आम जनता, जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों सभी वर्गों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने पुलिस की कार्रवाई को अति उत्तम बताते हुए पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा कुल 75.6 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड गोवा विदेशी मदिरा जब्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 94 हजार 6 सौ रूपये है। जिसमें 20 अक्टूबर को ग्राम शुकलाभाठा नहर के पार पर मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सचिन कोसले और पुसऊराम बांधे के द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 8620 टीवीएस स्टारसिटी में परिवहन करते कुल 240 पाव मात्रा 43.2 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की बरामद कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में ग्राम छेरकापुर में ग्राहक की तलाश में खड़े आरोपी भूपेश कुमार कुर्रे के कब्जे से 140 पाव, कुल जब्त मात्रा 32.4 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की ज़ब्त कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। इस प्रकार कुल 75.6 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्ती कर आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क)प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह,आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक मदन ध्रुव, नगर सैनिक राजकुमारी, चिंतामणी डहरिया,शीतल यादव वाहन चालक नीलेश, रजत का विशेष योगदान रहा।

## समय पर काम पूरा नहीं कराने वाले ठेकेदारों का रुकेगा बिल भुगतान, 5 एजेंसियों के टेंडर निरस्त करने के निर्देश

# समय-सीमा में पूरा कराएं हर घर जल क़ा कार्य : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकासखंडवार हर घर जल के कार्य पूर्णता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने वाले ठेकेदारों को 30 दिसम्बर 2024 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तय समय पर काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों के बिल क़ा भुगतान रोकने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर,एसडीओ, सब-इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित थे। कलेक्टर ने डाटा एंट्री कार्य में सहयोग करने वाले 5 एजेंसियों को बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उनका टेंडर निरस्त करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य में डाटा एंट्री का कार्य महत्वपूर्ण है और शुद्धतापूर्ण डाटा एंट्री भी आवशयक है। उन्होने कहा कि भारत सरकार द्वारा हर घर जल क़ा कार्य 31 मार्च 2025 तक शत-प्रतिशत पूरा करने क़ा लक्ष्य रखा गया है। ठेकेदार कोई भी कार्य ज्यादा समय तक लंबित न रखें। जिन्होने 50 प्रतिशत से कम काम कराया है वे शतप्रतिशत पूरा कराएं। जल जीवन मिशन के कार्य में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर सम्बंधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जाएगी। डीपीआर में जो भी कार्य एवं मशीनरी का प्रावधान है सभी पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाईप लाईन बिछाने सडक खोदने के बाद पहले अस्थाई रूप से रोड ठीक करें एवं वाटर टेस्टिंग काम पूरा हो जाने पर रोड को स्थायी रूप से ठीक करें। कहीं भी सड़क खोद कर नहीं छोड़ना है। वाटर टेस्टिंग के लिए स्थानीय लोगों से मिस्त्री क़ा काम काम कराएं जिससे पानी सप्लाई के काम में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर सोनी ने दूषित जल से फैलने वाली बिमारियों को गंभीरता से लेते हुए दूषित जल स्रोत को रोकने तथा लोगों को सचेत करने प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होने खा कि हर तीन महीन में वाटर टेस्टिंग कराएं और जहाँ पानी दूषित हो तत्काल लोगों को सूचित करें। इसके लिए मानक कार्यप्राणली तैयार करें। उन्होंने गांव में कोई भी पाईप काटकर पानी क़ा उपयोग करता है उसपर कार्यवाही भी करें। बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के 736 गांव में हर घर जल पहुँचाना है। अब तक 323 गांव में हर घर जल पहुंच चुका है जिसमें विकासखंड बलौदाबाजार के 79 गांव, भाटापारा के 39 गांव, पलारी के 87 गांव, कसडोल के 62 गांव एवं विकासखंड सिमगा के 56 गांव शामिल हैं।

# धान की कीमत 3100 मिलने से किसान खुशहाल : पवन साहू



**लवन।** छत्तीसगढ़ के सभी धान खरीदी केंद्र में किसानों की धान 14 नवम्बर से खरीदी किये जा रहे हैं जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए पवन साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा बाजार एवं अंचल के लोकप्रिय जनहितैषी संवेदनशील नेता ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब से भाजपा सरकार आयी है, तब से लेकर अभी तक छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर छत्तीसगढ़ को बड़ी सौगात दिये हैं। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्रों में सुचारु रूप एवं पारदर्शिता हो उसके लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कांटा लगाकर तथा किसान तुहर हाथ एप्लिकेशन एप से किसान घर बैठे टोकन काट सकता है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ से तथा 3100 रुपए क्विंटल से किसान खुशहाल हुआ है।

## संपादकीय

### मणिपुर में अशांति चिंताजनक हालात

**मणिपुर** फिर से जल रहा है और ऐसा लगता है कि कोई नहीं जानता कि हिंसा को कैसे नियंत्रित किया जाए जिसने राज्य में गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। 7 नवंबर, 2024 को भड़की नवीनतम अशांति के परिणामस्वरूप जान-माल की हानि हुई है, बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ है और पहले से ही अस्थिर राज्य में तनाव बढ़ गया है। इसका तात्कालिक कारण जिरीबाम जिले में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा अपहृत छह शवों की खोज थी – जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। उसी दिन, ज़ैरावन गांव में एक दुखद हमला हुआ, जहां एक सशस्त्र मैतेई समूह ने कथित तौर पर एक महिला के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी और एक स्कूल सहित कई घरों में आग लगा दी। इन घटनाओं ने जवाबी हमलों की एक श्रृंखला शुरू कर दी। 11 नवंबर को, सुरक्षा बलों ने बोरोबेक्रा में एक संघर्ष के दौरान दस संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को मार गिराया। इस बीच, उग्रवादियों ने एक मैतेई परिवार के छह सदस्यों का अपहरण कर लिया, जिसमें दो बुजुर्ग व्यक्ति मारे गए। इसके बाद के दिनों में, घरों, चर्चों और सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया गया, जिससे हिंसा का चक्र बढ़ गया। मणिपुर की आबादी में विविधतापूर्ण समुदाय हैं, जिनमें मैतेई भी शामिल हैं और मुख्य रूप से इम्फाल घाटी में रहते हैं। कुकी और नागा सहित आदिवासी मुख्य रूप से आसपास के पहाड़ी जिलों में रहते हैं। मैतेई मुख्य रूप से हिंदू हैं, जबकि कुकी और नागा में ईसाई आबादी काफी है। मैतेई राज्य के राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों पर हावी हैं। भूमि, प्रवास और राजनीतिक मान्यता को लेकर



लंबे समय से चल रहे विवादों ने तनाव को बढ़ा दिया है। मई 2023 में मैतेई की अनुसूचित जनजाति (एसटी) की स्थिति की मांग और कुकी बस्तियों को निशाना बनाकर बेदखली अभियान से भड़की हिंसा मौजूदा संकट की एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि बनाती है। बढ़ती हिंसा के जवाब में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं और मणिपुर में लगभग 7,000 अतिरिक्त अर्धसैनिक बलों के जवानों को भेजा।

गृह मंत्रालय ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के अधिकार क्षेत्र को छह और पुलिस स्टेशनों तक बढ़ा दिया है, जिससे सेना को परिचालन नियंत्रण में वृद्धि मिली है। इन प्रयासों के बावजूद, हिंसा जारी है, जिसमें मुख्यमंत्री बीरेन सिंह जैसे विधायकों के घरों पर हमले और व्यापक संपत्ति का विनाश शामिल है। सरकार ने गलत सूचना को रोकने और आगे बढ़ने से रोकने के लिए कर्फ्यू और इंटरनेट प्रतिबंध लागू किए हैं। मणिपुर की स्थिति एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती है। सरकार को सामुदायिक संवाद और सशस्त्र समूहों के साथ युद्धविराम समझौतों सहित विश्वास-निर्माण उपाय शुरू करने चाहिए। इसके अलावा, सार्थक बातचीत और संघर्ष समाधान के लिए मैतेई और आदिवासी समुदायों के बीच बातचीत के लिए तटस्थ मंच बनाए जाने चाहिए। राज्य में सामान्य स्थिति लाने के लिए विश्वास को फिर से बनाने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व, भूमि स्वामित्व और सामाजिक-आर्थिक समानता के मुद्दों को प्राथमिकता पर लिया जाना चाहिए अन्यथा इसका उत्तर पूर्व के पूरे क्षेत्र की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। मणिपुर में हिंसा के चक्र को तोड़ने के लिए समावेशी शासन, समान विकास और ईमानदारी से सुलह के प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

# पूंजीवाद : दोहरा चरित्र और झूठा बयान

कांग्रेस पार्टी ने अडानी साम्राज्य के विकास और विस्तारीकरण में सामने आकर एक बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ऐसे एक नहीं बल्कि सैकड़ों उदाहरण हमें कांग्रेस शासित प्रदेशों में देखने को आसानी से मिल जाएंगे।



सैयद ज़फर इस्लाम
(लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं)



कांग्रेस और अडानी समूह के बीच गठजोड़ और सियासी रिश्ता किसी पाखंड की पराकाष्ठा से कम नहीं है। कांग्रेस अडानी और बीजेपी गठजोड़ की सभी मोर्चों पर मुखर होकर आलोचना करती है। लेकिन, दोनों के रिश्तों और सियासी लाभ की बात की जाए, तो कांग्रेस के अडानी साम्राज्य के साथ अतीत और वर्तमान रिश्ते कुछ और ही कहानी बयां करते हैं, जो सियासी लाभ की ओर इशारा करते हैं।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कांग्रेस को पूंजीवाद के खिलाफ एक योद्धा के रूप में पेश करने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन सच्चाई बिल्कुल इसके दूर की कोड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस पार्टी ने अडानी साम्राज्य के विकास और विस्तारीकरण में सामने आकर एक बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ऐसे एक नहीं बल्कि सैकड़ों उदाहरण हमें कांग्रेस शासित प्रदेशों में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। अडानी पर कांग्रेस के हमले सिर्फ उसके दोहरे चरित्र को उजागर करने, कमजोर योजनाएं और नाकाम रणनीति को छिपाने का काम करते हैं।

साल 1988 में अस्तित्व में आया अडानी समूह के विकास का तथ्यात्मक और विश्लेषणात्मक अंदाजा लगाना हो तो आसानी से 1990 के दशक में लगाया जा सकता है, क्योंकि कांग्रेस उस समय सत्ताधारी दल था। साल 1993 में, गुजरात में पूर्ण बहुमत की कांग्रेस सरकार का नेतृत्व चिमनभाई पटेल कर रहे थे, इसी सरकार के दौरान अडानी को उनके मुंद्रा पोर्ट प्रोजेक्ट के लिए सिर्फ 10 पैसे प्रति वर्ग मीटर पर जमीन दी गई थी।

इसके अलावा आगे भूमि आवंटन शंकर सिंह वाघेला द्वारा किया गया था, वाघेला को कांग्रेस पार्टी का समर्थन प्राप्त था। इससे भी ज्यादा दिलचस्प बात यह है कि गुजरात में अडानी के कुल भूमि अधिग्रहण का लगभग एक तिहाई हिस्सा नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए प्राप्त हुआ था। यह तुलनात्मक अध्ययन गुजरात में अडानी साम्राज्य के विकास की एक जीती जागती बानगी है।

गौतम अडानी पर कांग्रेस सांसद के लगातार हमलों के बावजूद, कांग्रेस शासित राज्यों ने समूह के विकास को फलने-फूलने और विस्तारीकरण के लिए दिल खोलकर सहयोग देना जारी रखा। पहले बात राजस्थान की जाए तो, तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने अडानी समूह के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। गहलोत के मुख्यमंत्री रहते हुए सरकार ने 10,000 मेगावाट की विशाल सौर ऊर्जा परियोजना के लिए अडानी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए और जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन नियंत्रण सौंप दिया।

समूह के विस्तार का क्रम यहां कहां रूकने वाला था। राजस्थान के बाद, अगर नजर छत्तीसगढ़ पर डाली जाए तो भूपेश बघेल सरकार में कोयला ब्लॉकों के लिए खदान डेवलपर और ऑपरेटर के रूप में अडानी समूह ने अहम भूमिका निभाई। तीनों राज्यों में अडानी साम्राज्य के विस्तार की कहानी आपके सामने हैं। इन राज्यों के बाद हिमाचल की सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की बात की जाए तो, यहां भी अडानी समूह के लिए पलख पांवड़े बिछाए गए।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अडानी के स्वामित्व वाले सीमेंट संयंत्रों को फिर से खोलने के लिए एक समझौता किया। जिससे अडानी का साम्राज्य भी

> गौतम अडानी पर कांग्रेस सांसद के लगातार हमलों के बावजूद, कांग्रेस शासित राज्यों ने समूह के विकास को फलने-फूलने और विस्तारीकरण के लिए दिल खोलकर सहयोग देना जारी रखा। पहले बात राजस्थान की जाए तो, तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने अडानी समूह के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी।

हिमाचल में बाकी राज्यों की तरह फल फूल सके। यह कांग्रेस शासित प्रदेशों में समूह के साथ पारस्परिक सहयोग और व्यापक लाभ को दर्शाता है। समूह के विकास, विस्तार और व्यापक स्तर के लिए कांग्रेस सक्रिय रूप से भूमिका निभाती रही। बावजूद, इसके कांग्रेस के शीर्ष नेता राष्ट्रीय स्तर पर लगातार आलोचना करते हैं, खुद पूंजीवाद का धुर विरोधी बताते हैं। यह कांग्रेस के दोहरे चरित्र की ओर इशारा इंगित करता है।

कांग्रेस का यह दोहरा दृष्टिकोण केवल एक राजनीतिक रंगमंच से कम नहीं है बल्कि बेहद निंदनीय कृत्य है। अडानी समूह ने व्यापक स्तर पर बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं, निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम उठाया था। कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकारें और उद्योग जगत इसे आवश्यक मानती आई लेकिन, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने अडानी समूह को राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करके और बीजेपी के खिलाफ राजनीतिक लाभ लेने का बीड़ा उठाया। यह एक ऐसी रणनीति है जो इसकी जटिलता को छिपाकर जनता को बरगलाने का काम करती है, साथ ही कई विरोधाभासों को जन्म देती हैं जिससे यह आम जनता का ध्यान आकर्षित कर सकें।

इसी को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए अडानी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमले को केन्द्र बिन्दु बनाकर रखा। जिससे समूह को पूंजीवाद का बड़ा लाभार्थी बनाया जा सके, लेकिन कांग्रेस नेता की यह बयानबाजी उस समय जांच के दायरे में आ जाती है, जब अडानी के साथ कांग्रेस की पुरानी चल रही साझेदारी उसके हमलों को खोखला बताती है।

ऐसे में एक बड़ा सवाल यह भी खड़ा होता है कि अगर कांग्रेस पार्टी अडानी को भारत की आर्थिक व्यवस्था में हर गड़बड़ी का प्रतीक मानती है, तो राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में उनकी मजबूत और बुनियादी परियोजनाओं को बढ़ावा देना क्यों जरूरी रखती है? कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व अडानी के उत्थान में अपनी भूमिका को स्वीकार करने से इनकार क्यों करता है, 1990 के दशक से लेकर यूपीए शासन के भूमि आवंटन तक इस समूह को प्रत्याशित और अप्रत्याशित तौर पर वित्तीय लाभ मिला है। अडानी समूह की वृद्धि और विस्तार किसी एक राजनीतिक दल या सरकार तक सीमित नहीं है। समूह ने विभिन्न राज्यों में कांग्रेस पार्टी, क्षेत्रीय दलों और अन्य विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारों से परियोजनाएं, निवेश और रोजगार को लेकर समझौता किया है। कांग्रेस का पूंजीवाद को लेकर हमला सिर्फ दोहरापन ही नहीं बल्कि खराब राजनीति है, जो देश के लिए सही नहीं है।

इससे एक बात स्पष्ट हो जाती है कि अडानी समूह पर कांग्रेस द्वारा किया गया चयनात्मक हमला आर्थिक एकाग्रता और नियामक कब्जे के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाता है। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर कॉर्पोरेट प्रभाव के बारे में चिंताएं वैध हैं। लेकिन, इसे किसी भी तरह का राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा सिर्फ एक पाखंड ही नहीं बल्कि विश्वासघात भी है। यह वास्तविकता और बयानबाजी के बीच का अंतर राजनीतिक अवसरवाद के रूप में रूचि रखने वाली पार्टी को दर्शाता है। देश की जनता को विपक्ष के दोहरे मानदंडों और अवसरवाद को समझना चाहिए। देशहित के लिए समावेशी विकास के लिए आगे आना चाहिए। सत्ताधारी दल निराधार हमलों और आरोपों की परवाह किए बिना सुशासन, आर्थिक सुधार और सामाजिक कल्याण के अपने एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।

# डोनाल्ड ट्रंप की धमाकेदार वापसी

> विभिन्न सर्वेक्षणों ने यह भी दर्शाया दिया कि अमेरिकियों को सबसे अधिक चिंता अर्थव्यवस्था, आव्रजन और मुद्रास्फीति के मुद्दों से थी।

जीशान अली
(लेखक, पत्रकार हैं)



डोनाल्ड जे ट्रम्प ने डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस पर भारी जीत हासिल करके अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी वापसी की है। वह 1892 में ग्रोवर क्लीवलैंड के बाद से दो गैर-लगातार कार्यकाल जीतने वाले एकमात्र राष्ट्रपति भी बन गए। लगभग सभी सर्वेक्षणों ने पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा उपराष्ट्रपति के बीच कांटे की टक्कर का संकेत दिया था, लेकिन मंगलवार रात को जैसे-जैसे नतीजे आने लगे, यह अपेक्षाकृत जल्दी ही स्पष्ट हो गया कि डेमोक्रेटिक पार्टी न केवल व्हाइट हाउस बल्कि सदन और सीनेट पर भी नियंत्रण खो देगी। ट्रम्प ने न केवल इलेक्टोरल कॉलेज में भारी जीत हासिल की (312-220), बल्कि 20 वर्षों में लोकप्रिय वोट जीतने वाले पहले रिपब्लिकन उम्मीदवार भी बन गए। राष्ट्रपति-चुनाव ट्रम्प की जीत को अमेरिकी राजनीति में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें कामकाजी वर्ग के अमेरिकियों के बहु-नस्लीय गठबंधन ने पूर्व रियलिटी-टीवी स्टार के लिए दूसरे कार्यकाल के लिए मतदान किया, जो 2020 का चुनाव जो बिडेन से हार गए थे।

उस चुनाव को स्वीकार करने से इनकार करने के बावजूद, 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल में हुए हिंसक विद्रोह, दो महाभियोग और उनके पुनर्मिलन अभियान की शुरुआत के साथ ही एक मुकदमे में 34 गुंडागर्दी के लिए दोषी ठहराए जाने के बावजूद, डोनाल्ड ट्रम्प ने सभी बाधाओं को पार किया और अमेरिकी लोगों से एक ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त किया। डोनाल्ड ट्रम्प की जीत की निर्णायकता इस तथ्य से रेखांकित हुई कि उन्होंने सभी 7 स्विंग राज्यों में जीत हासिल की। पूर्व राष्ट्रपति ने उत्तरी कैरोलिना को बरकरार रखा, और नेवादा, एरिज़ोना और मध्यपश्चिम में तीन ब्लू वॉल राज्यों - विस्कॉन्सिन, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया को



पलट दिया। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी जैसे गहरे नीले राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी की पारंपरिक रूप से बड़ी बढ़त को 10-12 प्रतिशत अंकों से कम करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने अफ्रीकी-अमेरिकी, हिस्पैनिक अमेरिकी, अरब अमेरिकी और कई अन्य जातीय समूहों के साथ भी बेहतर प्रदर्शन किया। पिछले दो चुनावों की तुलना में, डोनाल्ड ट्रम्प ने कॉलेज की डिग्री वाली श्वेत महिलाओं को छोड़कर मतदाताओं के सभी जनसांख्यिकीय समूहों के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। चुनाव की रात के बाद की रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि डेमोक्रेट परिणामों से चौंक गए थे। हालांकि, सभी के लिए कई संकेत थे। डेमोक्रेट ने अभियान में जाने के लिए केवल 107 दिन शेष रहते अपने उम्मीदवार को बदल दिया। डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ एक विनाशकारी राष्ट्रपति पद की बहस के बाद 81 वर्षीय जो बिडेन को दौड़ से बाहर होना पड़ा, जब उनकी घटती मानसिक क्षमताओं के बारे में बढ़ती चिंताएं पार्टी के दाताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुँच गईं। बिडेन के निर्णय के समय और कमला हैरिस के उनके समर्थन का मतलब था कि एक और प्राथमिक की कोई संभावना नहीं थी और निवर्तमान उपराष्ट्रपति को नामांकन मिला - कुछ ऐसा जिसे मतदाताओं ने, एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार, अर्जित लोकतांत्रिक नामांकन के बजाय राज्याभिषेक के रूप में अधिक माना। तथ्य यह है कि जब वह 2020 में पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ी थीं, तो वह प्राइमरी के पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं, जिसने इस कहानी को और मजबूत किया। चुनाव से पहले हुए सर्वेक्षणों के अनुसार, सबसे बड़े संकेतकों में से एक यह था कि 4 में से 3 अमेरिकियों ने सोचा था कि देश वर्तमान प्रशासन के तहत गलत रास्ते पर है।

विभिन्न सर्वेक्षणों ने यह भी सुझाव दिया कि अमेरिकियों को सबसे अधिक चिंता अर्थव्यवस्था, आव्रजन और मुद्रास्फीति के मुद्दों से थी और रिपब्लिकन ने इन तीनों मुद्दों पर डेमोक्रेट्स की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। मौजूदा राष्ट्रपति की ऐतिहासिक रूप से कम अनुमोदन रेटिंग ने केवल उपराष्ट्रपति की परेशानियों को बढ़ाया, और यह स्पष्ट था कि हैरिस की जीत के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां काफी मजबूत थीं। इसके अलावा, डेमोक्रेटिक पार्टी अभियान के दौरान मुख्य निर्वाचन क्षेत्रों में समर्थन खो रही थी। अश्वेत पुरुषों के बीच मतदान और उत्साह बेहद कम था और यह अंतिम परिणामों में परिलक्षित हुआ जब ट्रम्प ने अफ्रीकी अमेरिकी पुरुषों के बीच अपना समर्थन दोगुना कर दिया।

और भले ही हैरिस, जब सभी वोटों का हिसाब लगाया जाता है, लगभग 80 प्रतिशत अश्वेत वोट के साथ जीत हासिल करेंगी, यह बिडेन की 2020 की जीत से 10 प्रतिशत अंकों की गिरावट को दर्शाता है जिसमें उन्होंने 10 में से 9 अश्वेत वोट जीते थे। इस बीच, कुछ विश्लेषक मिशिगन में रिपब्लिकन की सफलतापूर्वक जीत का श्रेय अरब अमेरिकियों के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए घटते समर्थन को देते हैं - जो राज्य के मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं - जो गाजा में युद्ध पर वर्तमान प्रशासन के रुख के परिणामस्वरूप है। हालांकि, डेमोक्रेटिक पार्टी को सबसे बड़ा झटका हिस्पैनिक अमेरिकियों से लगा, जब लगभग 45 प्रतिशत लैटिनो ने डोनाल्ड ट्रम्प को वोट देने का विकल्प चुना, बावजूद इसके कि डेमोक्रेट्स ने ट्रम्प की मैडिसन स्क्वायर गार्डन रैली में एक स्टैंड-अप कॉमेडियन द्वारा प्यूर्टो रिको के बारे में कथित रूप से नस्लवादी मजाक किया

## आप की बात

### खतरनाक प्रदूषण

**दिल्ली** का प्रदूषण स्तर एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, दीवाली के दो दिन बाद ही वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के स्तर को पार कर गया। रविवार की सुबह तक, शहर में खतरनाक हवा की स्थिति देखी गई, जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित सीमाओं से 65 गुना अधिक था। धुंध की मोटी चादर छाने से शहर की वायु गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में प्रवेश कर गई। संदर्भ के लिए, 450 से ऊपर के एक्यूआई स्तर को गंभीर-प्लस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन संबंधी समस्याओं वाले व्यक्तियों जैसी कमजोर आबादी के लिए। शनिवार की रात को, दिल्ली का एक्यूआई 327 था, लेकिन महज 12 घंटे के भीतर यह 447 तक बढ़ गया, कई लोगों ने खराब वायु गुणवत्ता और आंखों में जलन के कारण सांस संबंधी समस्याओं की शिकायत की, जो घने धुंध का सीधा प्रभाव है। ये लक्षण दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता के तत्काल स्वास्थ्य नतीजों को उजागर करते हैं। पंजाब और हरियाणा सहित पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की वार्षिक कृषि प्रथा दिल्ली की धुंध में योगदान करती है। वायु गुणवत्ता संकट में इसका कायम रहना एक महत्वपूर्ण कारक बना हुआ है।

– **संजीव सक्सेना**, नोएडा

### जनसंख्या और शहरीकरण

**बढ़ती** आबादी के कारण महानगरों का शहरी बुनियादी ढांचा भारी दबाव में है। शहरी बुनियादी ढांचे के तत्काल पुनर्गठन, रेट्रोफिटिंग और नवीनीकरण के लिए मजबूत शहरी शासन आवश्यक है। राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों से लेकर वित्तीय और बुनियादी ढांचे के मुद्दों और इससे भी महत्वपूर्ण, सामाजिक-पर्यावरणीय मुद्दों तक, महानगरीय प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान संस्थागत संरचना को सार्वजनिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए योजना और विकास एजेंसियों जैसे अधिकारियों द्वारा फिर से तैयार किया जाना चाहिए। शहरीकरण राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उन्नति का एक साधन रहा है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप कई सामाजिक-आर्थिक मुद्दे भी सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश के शहरीकरण के बावजूद, राज्य में निश्चित रूप से बड़ी शहरी आबादी है। अधिकारियों के सामने इस महानगरीय आबादी को अनियंत्रित और अव्यवस्थित विकास पैटर्न में प्रबंधित करने की चुनौती है। एक संतुलित दृष्टिकोण का उपयोग करके, राज्य शहरी व्यवस्थाओं का विकास कर सकता है। मगर पहले जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक है उसके साथ-साथ बढ़ते शहरीकरण की समस्या सुलझ सकती है।

– **विकास गुप्ता**, कानपुर

### कनाडा में हमले

**कनाडा** के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हाल ही में हुए हमले ने एक बार फिर भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण कूटनीतिक स्थिति को उजागर कर दिया है, जिसमें दोनों देश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के जटिल जाल में उलझे हुए हैं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों के बीच व्यापक राजनयिक संबंध काफी तनाव में हैं, हाल ही में आरोप-प्रत्यारोपों ने आपसी अविश्वास की भावना पैदा की है। पिछले सितंबर में, ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि भारत एक प्रसिद्ध खालिस्तानी कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की मौत में शामिल हो सकता है, जिसकी कनाडा में रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी। हालांकि कनाडाई प्रधानमंत्री ने अभी तक इस दावे के लिए ठोस सबूत नहीं दिए हैं, लेकिन इस आरोप ने दोनों देशों के बीच मतभेदों को और गहरा कर दिया है, जिससे भारत को इस तरह की किसी भी संलिप्तता का खंडन करने और कनाडाई सरकार के रुख की आलोचना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मंदिर पर हमले जैसी घटनाओं के साथ निगरानी की मौजूदगी ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों का हौसला बढ़ रहा है। ऐसे में भारत सरकार को कड़ा रुख अपनाते हुए हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

– **श्रीराम अचल**, आगरा

### ट्रंप से उम्मीदें

**ट्रंप** के राष्ट्रपति पद पर वापस आने से अमेरिकी विदेश नीति में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जिसका भारत के लिए काफी महत्व है। हालांकि, निवर्तमान बिडेन प्रशासन भारत के प्रति उदासीन नहीं था, लेकिन भारत में घरेलू राजनीति के तरीके को लेकर उसे कुछ संदेह था। लेकिन ट्रंप के सत्ता में आने के बाद यह संदेह चुपचाप दूर हो सकता है और ट्रंप प्रशासन नई दिल्ली को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठा सकता है। ट्रंप की जीत रणनीतिक गठबंधनों को नया आकार दे सकती है, व्यापार संबंधों को फिर से परिभाषित कर सकती है और नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रीय गतिशीलता को प्रभावित कर सकती है। ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों में काफी प्रगति हुई थी। उन्होंने चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत को इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार के रूप में बढ़ावा दिया। अब ट्रंप के वापस आने से भारत और अमेरिका संबंधों का स्वरूप बेहतर होने की उम्मीद काफी प्रबल हो गई। खासकर ट्रंप के हालिया बयानों से सकारामक संकेत मिले हैं।

– **नमिता व्यास**, प्रयागराज

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कई धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से ऊपर होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है धान का परिवहन



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के लगभग 28 से 30 धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से ऊपर धान खरीदी होने के बाद भी अभी तक के धान का परिवहन शुरू नहीं हुआ पाया है जिससे किसानों की धान को रखने की समस्या धीरे-धीरे बढ़ रही है यही स्थिति रहेगी तो आगामी दिनों धान खरीदी केंद्रों में किसानों के धान का खरीदना बंद होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से जिले के किसानों का धान को शासन के द्वारा खरीदा जा रहा है और सभी धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदने के स्थान को देखते हुए लिमिट को तय कर दिया गया है जिसके कारण से अलग अलग धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदने का लिमिट अलग अलग है इसके बाद भी जिस हिसाब से शुरुआती दौर पर धान बेचने के प्रति किसानों के रुचि बढ़ी हुई है उसके कारण के 28से 30 धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से अधिक धान खरीदा जा चुका है क्योंकि अभी शुरुआती है इसलिए धान का आवक में तेजी बनी हुई है लेकिन खरीदे गए धान का परिवहन अभी तक एक भी बार शुरू नहीं हो पाया है जिसके कारण धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधकों को खरीदे गए धान को रखने की समस्या अब बढ़ने लगी है वहीं कई किसानों के धान समय से पहले धान खरीदी केंद्रों में आ जाता है जिसको भी रखने की एक समस्या समिति प्रबंधकों के पास बनी हुई है इस कारण कई समिति प्रबंधकों का कहना है कि खरीदे गए धान का परिवहन तत्काल होने की आवश्यकता है ताकि धान खरीदी केंद्रों में जगह पर्याप्त रहे और किसानों का धान को सुगमता के साथ खरीदा जा सके लेकिन इस तरफ अभी तक प्रशासन के द्वारा कोई पहल करते दिखाई नहीं दे रहा है यद्यपि अभी किसी भी धान खरीदी केंद्रों में स्थान की कमी के देखते हुए बंद होने की संभावना तो नहीं है लेकिन आगामी दिनों में यही स्थिति बनी रहेगी तो किसानों के धान खरीदने में परेशानी हो सकता है ।

### कई धान खरीदी केंद्रों में लिमिट से अधिक धान खरीदी किया जा चुका है

लिमिट तय होने के बाद भी कई धान खरीदी केंद्र में लिमिट से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है इस संबंध में जानकारी के अनुसार कुछ धान खरीदी में केंद्रों में जहां हजार क्विंटल धान खरीदने की लिमिट बनी है तो कुछ जगह 5000 क्विंटल धान खरीदने की लिमिट बनी हुई है जबकि यह भी बताया गया है कि जिस धान खरीदी केंद्र में 7200 क्विंटल खरीदने के बाद वहां से धान का परिवहन होना शुरू हो जाता है लेकिन अभी भी कुछ धान खरीदी केंद्रों में 1000 क्विटल से भी अधिक धान की खरीदी हो चुकी है लेकिन वहां अभी भी तक खरीदे गए धान का परिवहन नहीं हो पाया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सौढ़ धान खरीदी केंद्र में अभी तक 1 0 2 5 2.80 क्लिटल की खरीदी हो चुकी है इसी तरह सल्धा धान खरीदी केंद्र में 10101.20क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जबकि मुरता धान खरीदी केंद्र में 10081.60 क्विंटल, कटई केन्द्र में 10625.60 क्विंटल, कंतेली में 12667.20 क्विंटल, कुसमी में 10639.20क्लिंटल, नवागढ़ विकास खंड के झाल में 10360एंव बेमेतरा विकास खंड में स्थित झाल में 14073.20 क्विंटल, पेंडरी तराई में 12210.80 क्विंटल,भदराली धान खरीदी केंद्र में 1188.80 क्विंटल धान खरीदा गया है जबकि कई धान खरीदी केदो में 7000 कहीं 8000 तो कई जगह पर 9000 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है लेकिन परिवहन अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

### अभी तक 7 6 4024.4 0 क्विंटल की हो गई है खरीदी

जिले में जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों में अभी तक 7 4764 0 2 4.4 क्विंटल धान खरीदा गया है किया जिसमें मोटा धान 4 04043.20 क्विंटल खरीदी की गई है वहीं पतला धान 100413.20 क्विंटल धान को खरीदा जा चुका है जबकि सारण धान को 259 568 क्विंटल खरीदा गया है ।

अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों अलग अलग लिमिट तय किया गया है लिमिट से ऊपर होने के बाद धान का परिवहन शुरू होगा वैसे 25 नवंबर से धान का परिवहन शुरू हो जाएगा।

**राजेंद्र वारे**
**नोडल अधिकारी**
**जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बेमेतरा**

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन के सहकारी समितियों में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन के विधायक भूपेश बघेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र पाटन के अंतर्गत सभी सेवा सहकारी समिति में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिसमें रूपराम साहू को सेवा सहकारी समिति सेलूद, पुरुषोत्तम तिवारी को सेवा सहकारी समिति पहंडोर, रवि वर्मा को सेवा सहकारी समिति आँधी, राजेश बघेल को सेवा सहकारी समिति बटंग, संतराम कुर्रे को सेवा सहकारी समिति सांकरा, संतोष वर्मा को सेवा सहकारी समिति घुघुवा (ज), बी आर साहू को सेवा सहकारी समिति जमराव, छबिलाल साहू को सेवा सहकारी समिति झीट, रामानंद चंद्राकर को सेवा सहकारी समिति सावनी, नेतराम सेन को सेवा सहकारी समिति जामगांव एम, शीतल चंद्राकर को सेवा सहकारी समिति तर्रा, आनंद बघेल को सेवा सहकारी समिति फुण्डा, गजाधर वर्मा को सेवा सहकारी समिति पंदर, पुरुषोतम कश्यप को सेवा सहकारी समिति पाटन, किशोर साहू को सेवा सहकारी समिति डंगनिया, चोवाराम सिन्हा को सेवा सहकारी समिति सोनपुर, दिलीप बंछोर को सेवा सहकारी समिति बठेना, दिनेश साहू को सेवा सहकारी समिति तेलीगुण्डरा, विनोद वर्मा को सेवा सहकारी समिति मर्रा, ईश्वर शर्मा को सेवा सहकारी समिति बोरिद, नन्द किशोर राजपूत को सेवा सहकारी समिति गाडाडीह, प्रदीप चंद्राकर को सेवा सहकारी समिति फेकारी, विष्णु चंद्राकर को सेवा सहकारी समिति कुम्हली, रुपेन्द्र शुक्ला को सेवा सहकारी समिति जामगांव आर, भेष आठे को सेवा सहकारी समिति बटरेल, मंजु भारती को सेवा सहकारी समिति बेल्हारी, लक्ष्मी नारायण गंजीर को सेवा सहकारी समिति निपानी, दिनेश चतुर्वेदी को सेवा सहकारी समिति सुरपा, किशोर कुमार वर्मा को सेवा सहकारी समिति कुर्मीगुण्डरा, सत्यनारायण टिकरिया को सेवा सहकारी समिति डिडाभाठा, तेजराम सिन्हा को सेवा सहकारी समिति केसरा, देवेश चंद्राकर को सेवा सहकारी समिति सांतरा, प्यारेलाल भारदीय को सेवा सहकारी समिति भरर, महेश सोनकर को सेवा सहकारी समिति कुम्हारी में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

# विज्ञान विषय के शिक्षकों का तीन दिवसीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com





मंगलवार 19 नवंबर से 21 नवंबर तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग के तत्वाधान में जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक शालाओं के विज्ञान विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का आयोजन बालोद ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल में किया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ विधिवत रूप से विद्यादायिनी मां सरस्वती के पूजन अर्चना से किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग के व्याख्याता डॉ. वंदना सिंह, वेद दड़सेना (सहायक शिक्षक), संकुल प्राचार्य जमरुवा अंजना बेक एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक बालोद जितेन्द्र गजेंद्र रहे। इस कार्यशाला में बालोद जिले के अंतर्गत डौंडी एवं डौंडीलोहारा ब्लॉक के लगभग 80 प्रशिक्षणार्थी द्वारा प्रशिक्षण का लाभ लिया गया। उक्त प्रशिक्षण में बालोद जिले के मास्टर ट्रेनर के रूप में शास. पूर्व माध्य. शाला कुआगोंदी की शिक्षक शिल्पी रॉय एवं शिक्षक शास. पूर्व माध्य. शाला भेड़िया नवागांव के शिक्षक चोवाराम देवांगन ने तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण संपन्न कराया। प्रशिक्षण में सीखने के प्रतिफल, सजीवों की सरचना, भौतिक एवं रासायनिक आभक्रियायें, सूक्ष्मदर्शी तकनीक द्वारा कोशिका का अवलोकन, श्वसन प्रक्रिया, प्रकाश की प्रकृति जैसी कठिन अवधारणाओं को प्रायोगिक तौर रुप से शिक्षकों द्वारा गतिविधि करवाकर स्पष्ट कराने का प्रयास किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य गतिविधियों के द्वारा विषयवस्तु को स्पष्टता से समझकर कक्षा अध्यापन में उसका उपयोग करना रहा। पाठ्यवस्तु को स्थानीय परिवेश से सम्बद्ध कर विद्यार्थियों में विज्ञान की अवधारणात्मक समझ का विकास करना भी एक महत्वपूर्ण उद्देश्य था। व्यवस्थागत सहायता हाईस्कूल जमरुवा प्राचार्य अंजना बेक, विकासखंड स्रोत समन्वयक बालोद जितेन्द्र गजेन्द्र, संकुल समन्वयक सीएल चन्द्राकर एवं वशिष्ट द्वारा प्राप्त हुआ।

### पानी की समस्या को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

**दल्लीराजहरा।** वार्ड 26 नेहरु नगर



दल्लीराजहरा में 8 महीने पूर्व किया गया फौव्वारा चौक व कमल एजेंसी के सामने 2 बोर खनन किया गया था, जिसमें अब तक मोटर व पाइप लाइन का विस्तारीकरण का कार्य अपूर्ण है। वार्ड में बस्ती क्षेत्र में पानी की समस्या के निराकरण को देखते हुए 2 बोर खनन किया गया था। टी.ज्योति पार्षद ने लेटर के माध्यम से नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर को ज्ञापन सौंपा। आचार संहिता के पहले नगर पालिका अधिकारी द्वारा कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

# केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सलाहकार विजय सिंह ग्राम पंचायत पतोरा के कार्यो से हुए रूबरू



पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत पतोरा हमर गांव हमर योजना जीपीडीपी के कार्यों की अवलोकन करने के लिए भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सलाहकार विजय सिंह छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायत पतोरा पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्राम पंचायत में हमर गांव हमर योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की जानकारी ली। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत के पी डी आई स्कोर के बारे में जानकारी दी। माई पंचायत, पंचायत निर्णय एप के बारे में बताया एवं सभी ग्रामीणों को इस एप की जानकारी देने की बात कही। जिससे कि ग्राम पंचायत में पारदर्शिता आ सके। उन्होंने ग्राम पंचायत सामुदायिक शौचालय एफ एस टी पी, सेग्रीगेशन यार्ड, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत पतोरा के कार्यो की सूझकी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मितानिन से उन्होंने आंगनवाड़ी संचालन एवं बच्चों के रखरखाव एवं पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। जिसमें संचालक पंचायत रायपुर सूरज भान, जिला पंचायत दुर्ग से तामेस्वर साहू, पंच संतोष सोनवानी, क्षमा भारती, शालिनी देवांगन, नोमेंद्र मंडावी, गोपाल देवांगन, भुनेस्वरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जमुना ठाकुर, अहिल्या साहू हेमलता सोनवानी, भारती साहू, मितानिन अंजनी साहू, लता साहू, नोमन्त धर्मगुडी आदि उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री रामलला के दर्शन कर वापस पहुंचे श्रद्धालुओं का किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अयोध्या में विराजित प्रभु रामलला के दर्शन कर वापस कवर्धा पहुंचे श्रद्धालुओं का सीताराम संकीर्तन मंडली के साथ उनका अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने प्रभु रामलला की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। उन्होंने अयोध्या से दर्शन करके आए श्रद्धालुओं का कवर्धा विधायक कार्यालय में तिलक लगाकर, साड़ी, धोती भेंटकर, एवं माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। जिससे उनकी यात्रा और भी स्मर्णीय बन गई। उन्होंनें सभी श्रद्धालुओं से अयोध्या दर्शन यात्रा के अनुभव के बारे में जाना। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अयोध्या के रामलला दर्शन के महत्व को बताते हुए कहा कि रामलला का दर्शन हर श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष और पवित्र अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि समाज के लंबे संघर्ष लगभग 500 साल के बाद अयोध्या में मंदिर का निर्माण हुआ है और भगवान राम विराजित हुए है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रभु रामलाल दर्शन योजना प्रारंभ की है जिससे पूरे प्रदेश के श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे है और भगवान राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि रामलला का दर्शन करना एक अत्यंत पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव है। अयोध्या में रामलला के दर्शन से मन को शांति और आत्मा को संतोष मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रभु रामलाल दर्शन योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पवित्र अनुभव का लाभ उठा सके और भगवान राम के आर्शीवाद से अपना जीवन धन्य बना सके।

### सीताराम संकीर्तन मंडली के भजन-कीर्तन से भक्ति का रहा माहौल

विधायक कार्यालय कवर्धा में आयोजित भव्य स्वागत के दौरान सीताराम संकीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन-कीर्तन ने आयोजन को और भी भक्तिमय बना दिया। मंडली के भव्य कीर्तन और भजनों ने माहौल को अत्यधिक भावुक और आध्यात्मिक बना दिया, जिससे श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति का अलौकिक अहसास हुआ। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में न केवल आध्यात्मिक अनुभव का आनंद लिया, बल्कि एक दूसरे के साथ मिलकर राम भक्ति में रंगी इस यात्रा को संजोने की कोशिश भी की।

# जल जतन अभियान को सफल बनाने आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जल प्रबंधन द्वारा जल संरक्षण के प्रति आम जनता में जागृति उत्पन्न करने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे 'जल जतन अभियान' को सफल बनाने हेतु इस अभियान में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। जिससे कि भविष्य में जिले में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो सके एवं घटते जल स्तर को रोकने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिले में 'जल जतन अभियान' के कार्यों की प्रगति की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बैठक में जिले में 'जल जतन अभियान' को सफल बनाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन, उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने कृषकों को जागरूक करने हेतु जिले के विभिन्न स्थानों में लगाए गए जन चैपालों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित स्थानों पर जन चैपाल लगाकर किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले गन्ना, गेंहूँ, मक्का, चना, दलहन, तिलहन एवं शाक-सब्जी का उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को इन फसलों के लिए किसानों को समुचित मात्रा में बीज उपलब्ध कराने तथा इसकी उत्पादनों की बिक्री के व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने आम जनता को 'जल जतन अभियान' के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु साप्ताहिक हाट-बाजार, मेला-मड़ाई आदि में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के रिपोर्ट के अनुसार जिले के विकासखण्ड गुरूर को क्रिटिकल जोन में रखा गया है। इसी तरह बालोद एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड को सेमी क्रिटिकल जोन तथा विकासखण्ड डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा को सेफ जोन में रखा गया है।

# पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन हेतु शिविर आयोजित




पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर पालिका द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं को प्रथम 10,000 द्वितीय 20,000 तृतीय 50,000 रुपए तक का लोन दिए जाने का प्रावधान है ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि शहरी पथ विक्रेता सड़क के किनारे पर रहते हुए सस्ते दामों पर रोजमर्रा का सामान उपलब्ध कराते हैं और इसी से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इन शहरी पथ विक्रेताओं का व्यवसाय काफी प्रभावित हुआ है जिन्हें पुनः पटरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि पीएम स्व निधि योजना की शुरुआत की गई है जिससे शहरी पथ विक्रेता जिन्हें रोलिंग के लिए अधिकतम 50000 तक का राष्ट्रीय कृत बैंकों द्वारा लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसका फायदा योजना से जुड़ कर शहरी पथ विक्रेता उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जो पत्र विक्रेता लोन हेतु आवेदन किए थे जिनके प्रकरण बैंकों में लंबित है ऐसे लोन प्रकरणों के लिए स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन नगर पालिका द्वारा बैंक शाखाओं में किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा दिनांक 19, 20 ,21 नवंबर भारतीय स्टेट बैंक, 22 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक दल्ली राजहरा, 25 नवंबर पंजाब नेशनल बैंक, 26 नवंबर पंजाब एंड सिंध बैंक , 27 नवंबर एक्सिस बैंक, 28 नवंबर एचडीएफसी बैंक शिविर का समय दिन के 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोन हेतु आवेदन किए हुए शहरी पथ विक्रेता शिविर में आकर योजना का लाभ उठा सकते हैं एवं नए आवेदन हेतु कार्यालयीन समय में कार्यालय के परियोजना विभाग में पीएम स्व निधि ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं ।

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग, जिला बेमेतरा द्वारा राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और ने हरी झंडी दिखाकर जनजागरूकता हेतु सारथी रथ को रवाना किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएचएन, और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के माध्यम से परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने और इससे जुड़े मिथकों को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा शहर के विकास को मिली गति

## शहरवासियो का बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी, बिलासपुर-रायपुर मार्ग के समस्या का होगा निराकरण

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और दृढ़ संकल्प से कवर्धा शहर के विकास को नई दिशा मिली है। शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए बिलासपुर-रायपुर मार्ग की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। शहर के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। बिलासपुर-रायपुर मार्ग के नवीनीकरण, चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए सरकार ने 4 करोड़ 3 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से शहरवासियों को राहत मिलेगी और इस महत्वपूर्ण मार्ग की स्थिति में सुधार आएगा। इस स्वीकृति से न केवल इस मार्ग की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि शहरवासियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा अनुभव भी मिलेगा। यह कदम कवर्धा के विकास की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है, जो क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ शहर के समग्र विकास में सहायक होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से यह परियोजना अब धरातल पर उतरने जा रही है, जिससे क्षेत्रीय जनता को कई लाभ मिलेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा शहर के विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित है। इस मार्ग के नवीनीकरण, चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए स्वीकृत 4 करोड़ 3 लाख रुपये की राशि से न केवल शहरवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि शहर की समग्र अवसंरचना को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि शहर में यातायात की समस्याओं का समाधान करेगी और बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करेगी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कवर्धा और आसपास के क्षेत्रों में विकास की गति को और तेज किया जाए, ताकि यहाँ के लोग बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा सकें। हम इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं और आने वाले समय में और भी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे, ताकि क्षेत्रीय विकास को नया दिशा मिल सके।

# एसपी ने जिले में निवासरत सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं को दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com


उप निरीक्षक परीक्षा में बेमेतरा जिले में निवासरत चयनित (सफल) युवाओं ने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेट मुलाकात की। उन्होने सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू द्वारा सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं राधिका यादव पिता मौनी चंद बेमेतरा, मोहिनी पटेल पिता कामता पटेल तंदुभाठा (घोटवानी), आकाश बघेल पिता लक्ष्मी नारायण (दर्री), नागेश्वर पिता सुरेश घृतलहरे मोहलाई, जागेश्वर महिलांगे पिता पंचराम महिलांगे मनियारी, किशन कुमार पिता दशरथ निर्मलकर मनियारी, मनोज बघेल पिता लक्ष्मीनारायण दर्री, राजा ध्रुव पिता छन्नू ध्रुव दाढी, सनत राजपूत पिता इंद्राघव सिंह जंगलपुर, देवाशीष पिता टीकम सिंह वर्मा पथर्री कला, सुरज कुमार पिता मेहतरू राम मटका, कान्हा पिता सुशील कुमार घिवरी, नीलमणी निषाद पिता संतोष निषाद देवरबीजा, शेखर सिंह राजपूत पिता नरेंद्र सिंह थान खम्हरिया को शुभकामनायें देते हुए कहा कि पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने तथा अपने उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस दौरान एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, डीएसबी प्रभारी प्रधान आरक्षक ऐश्वर्य सिंह क्षत्री सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि कर्म उपस्थित रहे।

# सरकार बदलते ही चांपा के विकास कार्य पर लगा ग्रहण

## थाना चौक से सुभाष चौक तक डामरीकरण के लिए दो साल पहले हुआ था टेंडर, पर शुरू नहीं हुआ काम

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में सरकार बदलते ही चांपा के विकास कार्यों पर ग्रहण लग गया है। आलम यह है कांग्रेस के शासनकाल में यहां स्वीकृत और टेंडर हो चुके कई कार्य अब तक धरातल पर नहीं आए हैं। यहां तक करीब 100 मीटर लंबे डामरीकरण का कार्य 2 साल पहले स्वीकृति के बाद टेंडर भी हो गया था लेकिन वह भी अब तक शुरू नहीं हुआ है। फिर भी ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने नगरपालिका सीएमओ और इंजीनियर रूचि नहीं ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, चांपा के थाना चौक से सुभाष चौक तक डामरीकरण कराने नगर पालिका ने 2 साल पहले टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। इस कार्य की जिम्मेदारी एक ठेकेदार को दी गई है लेकिन 2 साल बाद भी यह काम शुरू नहीं हो सका है। इसी तरह चंपा में कई कार्य स्वीकृत




और टेंडर होकर पड़े हैं, लेकिन उसे आगे बढ़ाने नगर पालिका के इंजीनियर और सीएमओ कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बदलते ही चांपा के विकास पर ग्रहण लग गया है। कांग्रेस के कार्यकाल में यहां टेंडर और स्वीकृत हुए कई सारे कार्य अब तक अधर में है। उनका आरोप है कि बीजेपी के कार्यकाल में चांपा नगरपालिका के सीएमओ और इंजीनियर निश्चित ही उनके दबाव में है। जिसके चलते कांग्रेस के शासनकाल में टेंडर और स्वीकृत हुए कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे जहां शहर का विकास प्रभावित हो रहा है, तो वही शहर की जनता भी नगर पालिका के इस कार्य प्रणाली से आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि ऐसे विभिन्न कार्यों की जानकारी के लिए नगर पालिका के आधा दर्जन से अधिक पार्षदों ने सीएमओ से जानकारी चाही थी। उन्हें दो दिन में जानकारी उपलब्ध कराने का हवाला दिया गया था, लेकिन 2 महीने बाद भी जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे जाहिर है नगर पालिका के सीएमओ और इंजीनियर सरकार के दबाव में है और कांग्रेस कार्यकाल में हुए कार्यों को जानबूझकर धरातल पर नहीं ला रहे हैं। डामरीकरण का कार्य लगभग 10 से 12 लाख का है।वह कार्य शायद निरस्त हो गया था। नए सरकार के गठन के बाद जितने भी कार्य प्रारंभ नही किया गया था उन सभी कार्यों को निरस्त कर दिया गया - लव अग्रवाल, उप अभियंता, नपा चांपा।

आरोप पूरी तरह निराधार है। 5 साल के कार्यों की जानकारी मांगी गई थी। जानकारी बनाने के लिए आदेश कर दिया हूँ। जल्द ही जानकारी दे दी जाएगी। किसी का कोई दबाव नही है। नगर में साफ-सफाई और विकास का कार्य लगातार करवा रहा हूँ।

**भोला सिंह ठाकुर, नपा सीएमओ चांपा**

# अनिश्चितकालीन हड़ताल को तहसीलदार ने जूस पिलाकर कराया समाप्त



**जैजैपुर।** जैजैपुर तहसील कार्यालय के पास दो दिनों से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल ग्राम ओडेकेरा के निवासियों के द्वारा किया जा रहा था जहां पर उनकी मांग मृतक के स्थान पर उसकी पत्नी को नौकरी एवं ग्राम पंचायत ओडेकेरा के सरपंच के द्वारा बेजा कब्जा की कार्यवाही के संबंध में ग्रामीणों के द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया जा रहा था। जहां पर जैजैपुर के तहसीलदार नंदकिशोर सिंह एवं गगन बाजपेयी थानेदार आंदोलन स्थान पर जाकर समझाया जिसे मानते हुए संतोषी बाई सिदार को नौकरी दिलाने एवं अवैध बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ तहसीलदार के द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया इस तरह से कार्यवाही होने पर ग्राम ओडेकेरा के निवासियों ने खुशी जाहिर किया और संतोषी बाई सिदार एवं छतराम यादव, संतोष पांडे की मांग को जैजैपुर तहसीलदार नंद किशोर सिंह ने स्वीकार किया और अपना सुझाव रखा और पीडित को आश्वासन देकर जूस पिलाकर आन्दोलन को समाप्त कराया। यहां पर ग्रामीणो में हर्ष देखा गया। अब यह देखना है कि पीडित संतोषी बाई सिदार को कब तक न्याय मिलेगा। अभी उनके रहने के लिए निवास है या केवल आश्वासन ही रह जाता है अभी तक ग्राम पंचायत ओडेकेरा सरपंच छोटेलाल भारद्वाज के खिलाफक्या कार्यवाही होती है वह तो समय ही बता पाएगा। सरपच के खिलाफ बेजा कब्जा नहीं होना पटवारी के द्वारा बताया गया। अन्य लोग उस स्थान पर बेजो कब्जा किया है इसलिए वहां पर प्रकरण बेजा कब्जा का प्रकरण दर्ज किया गया।

# जल जीवन मिशन के कार्यों सहित निर्माणाधीन पानी टंकी के समीप जल स्रोत उपलब्धता की समीक्षा की



पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय सिंह जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकासखंडवार जल जीवन मिशन के कार्यों सहित निर्माणाधीन पानी टंकी के समीप जल स्रोत उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को हर घर जल प्रमाणीकरण के कार्यों में गति लाने निर्देशित किया। इसके पश्चात मुख्य अभियंता सिंह ने जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत खुड़िया समूह के कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुंगेली स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली के कार्यपालन अभियंता कुंदन राना, पथरिया एस.डी.ओ. सुधाकर सोनकुशरे, मुंगेली एस.डी.ओ. आशीष मिश्रा, सहायक अभियंता एच.एस. कंवर, उपअभियंता प्रतीक पाटनी, राहुल देवांगन, कृष्ण मूर्ति एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर टोपनो पहुंचे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन में

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भूरसीडीह में 14 से 20 नवंबर तक आयोजित किया गया। जिसका समापन कलेक्टर जिला सक्ति, चेतन साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, राजेश राठौर जनपद अध्यक्ष सक्ति, डॉ विजय लहरें की उपस्तिथि में संपन्न हुआ। कलेक्टर और अतिथियों द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संविधान निर्माता डॉ बी आर आंबेडकर के तैल्यचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मुख्य अतिथि कलेक्टर जिला सक्ति का पुष्पगुच्छ और बैज लगाकर स्वागत किया गया। प्रो अजय देवांगन द्वारा चेतन साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति और प्रो एस अनंत द्वारा राजेश राठौर जनपद अध्यक्ष सक्ति, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा द्वारा प्रो डॉ शकुंतला राज का पुष्पगुच्छ से और डॉक्टर विजय लहरें का स्वागत प्रो यज्ञचरण राठिया द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कलेक्टर ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना और एन सी सी महत्वपूर्ण इकाई होती है इससे व्यक्तित्व विकास होता है सहयोग और भाईचारा की भावना बढ़ती है। उन्होंने बताया कि मैं भी छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयं सेवक रह हूं यह शिविर में आकर मुझे अपना महाविद्यालयीन जीवन याद आ गया। उन्होंने सबकी उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए अपना लक्ष्य पूर्ण करने को कहा। राजेश राठौर जनपद अध्यक्ष सक्ति ने भी छात्रों की प्रशंसा करते हुए समाज सेवा करने और सहयोग और प्रेम से जीवन जीने की बात कही। चेतन साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने सभी को शुभकामना दी। महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही। प्रो डॉ शकुंतला राज ने कलेक्टर के आगमन पर आभार व्यक्त किया और छात्र छात्राओं को जीवन भर अनुशासित रहने की बात कही। कलेक्टर जिला सक्ति और अन्य सभी अतिथियों द्वारा शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मंच संचालन प्रो महेंद्र यादव और प्रो हेमपुष्पा चंद्रा द्वारा किया गया। अतिथियों का आभार प्रदर्शन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो ऋतु पटेल प्रो डॉ टी पी टंडन प्रो जी एस मैत्री प्रो डॉ ज्योति कुशवाहा प्रो ललित सिंह प्रो अनिल खरा प्रो मनोज जायसवाल प्रो विद्या राय सागर प्रो श्रुति तिवारी प्रो संतोष जांगड़े प्रो पल्लवी प्रधान,गोपाल नारंग सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं में ऋषभ नारंग शिविर नायक किशन राठौर उपशिविर नायक गीतांजलि राठौर प्रतिवेदन प्रभारी उपेंद्र कुमार प्रभारीपरियोजना, बलदेव, संध्या, कुमुदनी कोमालिका, राम, तरुण कुर्रे हीना, चितरंजन प्रिया, प्रभात, विकास सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस की अपील: फेरी करने वाले कर रहे आपके घर की रेकी

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




आये दिन क्षेत्र में हो रही छोटी-बड़ी चोरी की घटनाओं को देखते हुए शक्ति जिले की पुलिस निरंतर लोगों को जागरूक कर सतर्क रहने के लिए आवाहन कर रही है, तथा चोर गिरोह एवं ऐसी घटनाओं में संलिप्त लोग नए-नए तरीकों से वारदात को अंजाम देकर निकल जाते हैं,तथा कहीं ना कहीं आम जनता की भी लापरवाही के चलते वे ऐसी घटनाओं के शिकार हो जाते हैं, किंतु शक्ति जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के निर्देशन में लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में फिर से जिला पुलिस सक्ती ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान समय में ठण्ड के मौसम में क्षेत्र में घुम-घूमकर फेरी करने वालो से सावधान रहने की आवश्यकता है तथा ऐसे लोग जगह- जगह फेरी कर आपके मकान की रेकी करते है तथा मकान को सुना पाकर वे लोग चोरी/ठगी कर भाग जाते है। शक्ति जिला पुलिस ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि ठण्ड को दस्तक के साथ ही तिब्बती और कश्मीरी गर्म कपड़ों के साथ फेरीवालों ने दस्तक देना शुरू कर दिया है, घर घर पहुंचकर दरवाजा खटखटा रहे हैं। खासकर दोपहर में घरेलु कामकाज से खाली महिलाओं को लेडीज शूट और शाल दिखाकर ना केवल बेच रहे हैं। बल्कि घर की रेकी भी कर रहे हैं। बाहर से यकायक शहर में घुसे इन फेरीवालों से सावधान रहने की जरूरत है। एवम पुलिस को ऐसी जानकारी मिल रही है कि फेरीवालों का गैंग अलग अलग समूह बनाकर मध्यप्रदेश की सीमा पार कर छत्तीसगढ़ में भी दस्तक दे दिया है।फेरीवालों का गैंग चोरी, डकैती समेत प्राण घातक हमला करने से पीछे नहीं हटता है। पुलिस का कहना है कि वर्तमान में इस प्रकार के गैंग बिलासपुर तथा सरहदी जिलों में आने की चर्चा है। हमेशा की तरह इस बार भी गर्म कपड़े बेचने के बहाने ठगो का गैंग प्रदेश में अपने मंसूबों को अंजाम देने पहुंचने लगा है,जानकारी मिली है कि गैंग जबलपुर से केंवची और शहडोल से पेन्ड्रा के अलग अलग रास्तों छत्तीसगढ में दाखिल हो गया है। ठगों का गैंग भारी भरकम गर्म कपड़ो का गठ्ठा लेकर महाराष्ट्र की सीमा को भी पार कर राजधानी में दस्तक दिया है।ठण्ड का कपड़ा लेकर फेरीवालों का गैंग सबसे पहले शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र को निशाना बनाते हैं। गांव में रहकर शहर के मकानों की रेकी करते हैं। बिलासपुर, पेन्ड्रा, मुंगेली, कवर्धा जिले के गांवों में संगठित फेरीवाले सक्रिय हो गये हैं। गली मोहल्लों में लेडीज सूट गर्म कम्बल, चादर और अन्य कपड़ों के साथ फेरी वालों ने फेरी मारना भी शुरू कर दिया है।

# जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति ने विभागीय समीक्षा बैठक की




**जैजैपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन.के. चन्द्रा द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक जनपद सभाकक्ष जैजैपुर में शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को विभागीय जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देश दिया गया था। उक्त बैठक का आयोजन 18 नवम्बर को आयोजित मॉक टेस्ट की समीक्षा एवं 04 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली परख मॉक टेस्ट (सर्वेक्षण) की तैयारी पर चर्चा बैठक का मुख्य एजेण्डा था। विकासखण्ड के शालाओ में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई साथ ही इस कार्य में तेजी लाते हुए जल्द ही पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए परीक्षा गुणवत्ता अभियान की समीक्षा की गई एवं अर्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि मुख्य परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही विद्यालयों में कोर्स पूर्ण करते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा को सफल बनाएं। समय पर कोर्स पूर्ण होने पर छात्र-छात्राओं पर बोझ कम रहेगा जिससे वे परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने में सफलता प्राप्त करेंगे। उक्त बैठक में सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक की उपस्थिति रही। संकुल स्तर की समीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। इस हेतु हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड वार्षिक परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही इस समीक्षा बैठक के माध्यम से शिक्षा गुणवत्ता सुधार लाने में चर्चा किया गया, विकासखण्ड जैजैपुर से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विजय सिदार, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामकुमार साहू, मिनाक्षी बेक एवं दिपक गुप्ता, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक धरणीधर चन्द्रा इस समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। विभागीय समस्याओं का निराकरण कर शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था करना एवं विद्यालयीन परिसर को बिजली एवं पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

# एस.ई.सी.एल. के इंजीनियरिंग असिस्टेंट एवं कार्यालय अधीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





आरोपी - संजय कुमार सिंह
आरोपी - व्ही.श्रीनिवास




अंकित मिश्रा, निवासी आमाखेरवा रोड, मनेन्द्रगढ़ द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, अंबिकापुर में शिकायत की गई थी कि वह एस.ई.सी.एल. में ठेकेदारी का कार्य करता है। उसे जी.एम. कार्यालय (एस.ई.सी.एल.) चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. द्वारा जारी निर्माण कार्य का टेण्डर प्राप्त हुआ था। लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी वर्कआर्डर जारी नहीं होने पर संजय कुमार सिंह, इंजीनियरिंग असिस्टेंट (ओवर-सीयर) जी.एम. कार्यालय (एस.ई.सी.एल.) चिरमिरी से मुलाकात करने पर उसके द्वारा 11,000 रूपये की रिश्वत की मांग की गई। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन दौरान आरोपी संजय कुमार सिंह द्वारा 7,000 रूपये स्वयं को देने तथा 4,000 रूपये व्ही. श्रीनिवास, कार्यालय अधीक्षक को देने की बात कही गई। सत्यापन पश्चात् ट्रेप आयोजित कर आरोपी संजय कुमार सिंह को प्रार्थी से 7,000 रूपये एवं उसके सहयोगी व्ही. श्रीनिवास को 4,000 रु0 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके निवास स्थानों की तलाशी भी ली जा रही है। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 एवं 12 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# नगर पालिका सक्ती द्वारा पीएम आवास हेतु असेसमेंट सर्वे प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 अंतर्गत रैपिड असेस्टमेंट सर्वे संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण किये जाने के संबंध में प्राप्त निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका क्षेत्र शक्ति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के मार्गदर्शन में कार्य प्रारंभ हो गया है, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत संभावित पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर असेसमेंट सर्वे कार्य प्रारंभ करने हेतु सामुदायिक भवन सक्ती में विगत 15 नवंबर 24 को दोपहर 12 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। नगर पालिका शक्ति के मुख्य नगर पालिका अधिका संजय सिंह ने कहा कि नपा सीमांतर्गत आम नागरिकों को सूचित किया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत शेष संभावित पात्र हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों के साथ आयोजित शिविर में उपस्थित होने का कष्ट करें। उक्त शिविर प्रति दिवस पार्षदगणों की उपस्थिति में वार्ड वार आयोजित किया जा रहा है,सीएमओ संजय सिंह ने बताया कि हितग्राहियों द्वारा आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अति आवश्यक कागजात जाति प्रमाण पत्र (सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी), आय प्रमाण पत्र (सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी), स्वयं के नाम से भूमि संबंधित दस्तावेज, परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, निकाय क्षेत्र में 31.08.2024 से पूर्व निवासरत होने संबंधित दस्तावेज, पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पास बुक, राशनकार्ड, शपथपत्र, अन्य शासकीय दस्तावेज वर्ष 2011 की जनगणना सूची में नाम हो प्रस्तुत करना होगा। बीएलसी घटक अंतर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु भूमि स्वामी दस्तावेज संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा, उक्त शिविर में पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में जाकर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# 9 दिसंबर के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में पहुंचेंगे दिग्गज नेता

**सक्ती।** 9 दिसंबर को जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में होने वाले छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में अतिथि के रूप में समापन सत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत भी अतिथि के रूप में पहुंचेंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए यूनियन के जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष राजू शर्मा ने बताया कि 21 नवंबर को महंत जी के शक्ति प्रवास के दौरान उन्हें प्रदेश अधिवेशन का निमंत्रण दिया गया है, जिस पर



उन्होंने दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक के अपने कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की है, साथ ही जिला अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि 9 दिसंबर के कार्यक्रम में पामगढ़ की विधायक शेषराज हरबंश, अकलतरा के विधायक राघवेन्द्र सिंह,जैजैपुर के विधायक बालेश्वर साहू, जांजगीर चाम्पा के विधायक व्यास कश्यप, पूर्व विधायक नारायण चंदेल की भी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, साथ ही इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस के भी प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी तथा प्रमुख सामाजिक हस्तियों को भी इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जिला अध्यक्ष राजू शर्मा ने बताया कि उपरोक्त प्रदेश स्तरीय अधिवेशन का आयोजन यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

# जिले में अब तक 01 लाख 29 हजार क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले के 66 सहकारी समितियों के 105 उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आने वाले किसानों व महिला किसानों के लिए भी पेयजल, छाया सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई है। नोडल अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले में अब तक कुल 01 लाख 29 हजार 891.20 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है, जिसमें 01 लाख 03 हजार 83 क्विंटल मोटा, 579.20 क्विंटल पतला और 26 हजार 228.40 क्विंटल सरना धान शामिल है।



## किसानों को 28 करोड़ 28 लाख रूपए से अधिक का हुआ भुगतान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप और कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी की जा रही है। वहीं किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में सहकारी बैंकों के माध्यम से राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी श्री संतोष कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के 02 हजार 493 किसानों से 01 लाख 22 हजार 972 क्विंटल धान की खरीदी के एवज में अब तक 28 करोड़ 28 लाख रूपए 47 हजार रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

## किसानों ने उपार्जन केन्द्र के सुविधाओं की सराहना की

उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आए ग्राम रोहराखुर्द के किसान ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि यह उनका पहला टोकन था, जिसमें उन्होंने 125 क्विंटल धान बेचा है। आने वाले दिनों में बाकी बचे टोकन के माध्यम से शेष धान को बेचेंगे। वे 35 से 40 एकड़ खेत में खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने उपार्जन केन्द्र में की गई मूलभूत सुविधाओं की सराहना की। इसी तरह उपार्जन केन्द्र दाउपारा में धान बेचने आए ग्राम पेंडाराकापा के किसान नरेन्द्र साहू ने बताया कि 5.2 एकड़ खेत में धान लगाए थे। पहले टोकन से 52 क्विंटल धान बेचा है। शेष धान को अगले टोकन के माध्यम से बेचेंगे। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में शासन द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित शासन-प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### माइक्रो एटीएम से शीघ्र पैसे मिलने से किसानों के चेहरे में खुशी की लहर

किसानों को धान बेचने के बाद छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए राशि की जरूरत पड़ती है। शासन द्वारा किसानों की इन्ही जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रदान की गई है। इससे किसानों के चेहरे में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसान अधिकतम 10 हजार रूपए की राशि निकाल सकते हैं। इसके साथ ही नगद आहरण, जमा, खातों के बैलेंस की जानकारी, नया एटीएम पिन बनाना तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के खातों में राशि ट्रांसफर भी माइक्रो एटीएम के माध्यम से किया जा सकता है। यह नार्मल एटीएम की तरह कार्य करता है। माइक्रो एटीएम में आईडी एवं पासवर्ड एंटर करने के बाद यह कार्य करता है, इसके माध्यम से किसानों को राशि आहरण की सुविधा मिल रही है।

# अवैध नशीली दवाओं की तस्करी पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के निर्देश और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए. टोप्पो के मार्गदर्शन में जनकपुर पुलिस ने अवैध नशीली दवाओं की तस्करी पर बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 21 नवंबर को घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से नशीली दवाओं की खेप बरामद की। सूचना मिली थी कि ग्राम भरतपुर निवासी अनवर अली उर्फ पप्पू खान (46) और उसके साथी अजय सिंह बघेल (33) मोटरसाइकिल से अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री के लिए जनकपुर की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने घोरथरा मेन रोड पुलिया के पास नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। 120 शीशियां (प्रत्येक 100 एमएल) ओनेरेक्स कफ सिरप, जिसकी बाजार कीमत ?21,600 आंकी गई। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 16 सीएल 3184) दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस अभियान में थाना प्रभारी दीपेश सैनी और उनकी टीम, जिसमें सउनि दिनेश चौहान, प्रआर संजय पाण्डेय, जय ठाकुर, राजाराम पैकरा, मदनलाल राजवाड़े, मनोज कुमार, रवि सिंह, और दीपक मिंज शामिल थे, ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह द्वारा नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाकर तस्करों पर नकेल कसने के लिए दिए गए निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई। इस तरह की सख्त कार्रवाई से जिले में नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन से ऐसे प्रयासों को लगातार जारी रखने की अपील की है।

# प्राकृतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

## छत्तीसगढ़ की पहचान मेडिकल ट्यूरिज्म के रूप में हो : जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल महावीर प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय नगपुरा परिसर में आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पूर्व मंत्री जायसवाल ने उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का दर्शन एवं पूजा-अर्चना किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर भी साथ मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाले यह संस्थान प्रदेश का पहला संस्थान है, जिसने पुरातन चिकित्सा पद्धति को पुर्नजिवित किया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति कोई नई विधा नहीं है। हमें अपनी पुरातन चिकित्सा पद्धति की ओर ही लौटना होगा। भारत ज्ञान-विज्ञान की खान है। विश्व गुरू के रूप में भारत ने हर क्षेत्र में विश्व को ज्ञान दिया है। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का भारत पुरातन काल से वाहक रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आने वाला समय योग और प्राकृतिक शिक्षा का ही होगा। इस चिकित्सा पद्धति का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा योगा एवं प्राकृतिक शिक्षा के 35 शिक्षकों के पद भरे गए है। आने वाले दिनों में इन पदों पर और भर्ती की जाएगी। क्रेंद्र सरकार द्वारा आन्ध्रा, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ इन तीन राज्यों में 100 बिस्तर प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल स्वीकृत किए गए है। मंत्री जायसवाल ने छत्तीसगढ़ में मेडिकल ट्यूरिज्म पर जोर देते हुए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को पर्यटन से भी जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को मेडिकल ट्यूरिज्म के रूप में पहचान मिले। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नगपुरा के ऐतिहासिक धरा में संचालित इस प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में हम सातवां प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मना रहे है। प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से देश की विश्व में पुरातन काल से पहचान रहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि महाविद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलता रहे। महाविद्यालय के संचालक डॉ. आरके श्रीवास्तव ने अपने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की गतिविधियों को रेखांकित किया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. प्रेमलाल पटेल ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान धनवन्तरी, सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जायसवाल ने योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन लोगों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## प्रदेश के छः स्वास्थ्य केंद्रों को प्रदान किया गया एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

रायपुर। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र व एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने नवम्बर माह में ही इन छः स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम के मूल्यांकन में महासमुंद ज़िले के प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र लंबर को 94.24%, नारायणपुर ज़िले के आयुषमान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र करमरी को 91.87% व एड़का को 86.08% के साथ कांकेर जिले के आयुषमान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र अर्रा को 95.03%, तेलगरा को 93.53% व पर्रेकोदो को 89.81% अंक प्राप्त हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र हासिल करने वाले इन सभी अस्पतालों के डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टॉफ को बधाई दी है। उन्होंने भरोसा जताया है कि ये अस्पताल आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखते हुए मरीजों की सेवा करेंगे और प्रदेश के दूसरे अस्पतालों के लिए नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। दूरस्थ अंचलों में स्थित शासकीय अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिलना इस बात का संकेत है कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सभी क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

# महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित विश्व विरासत सप्ताह 19 नवंबर से





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ शासन के अधीन पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित विश्व विरासत सप्ताह (19 से 25 नवंबर 2024) के चौथे दिन हायर सेकेंडरी स्कूल (कक्षा 11वीं और 12वीं) के विद्यार्थियों के लिए विरासत ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.पी. पुजारी शास. अंग्रेजी माध्यम स्कूल राजातालाब, शास. उच्चतर मा. विद्यालय सेजबहार, पी.जी. उमाठे अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय शांतिनगर, सेजस स्कूल लालपुर, डॉ राम मनोहर लोहिया शास. उच्च मा. विद्यालय संतोषी नगर रायपुर, शास. उ. मा. विद्यालय मठ पारा रायपुर, प्रो . जे.एन. पांडेय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल नलघर चौक के कुल 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बहु विकल्पीय विरासत ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम 25 नवंबर को घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य अपने धरोहरों के प्रति जागरूकता और छत्तीसगढ के सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना के लिए किया जा रहा है।

# फ्लोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए किया जा रहा है जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले में फ्लोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा 64 फ्लोरोसिस प्रभावित बसाहटों में कार्ययोजना बनाकर शिविर व स्कूलों में व्यापक प्रचार-प्रसार व उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की साफ पानी और पौष्टिक भोजन अच्छी सेहत के लिए सबसे जरुरी चीजों में से एक है। शुद्ध पेयजल का सेवन नहीं करने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्यायों का सामना करना पड़ता है। फ्लोरोसिस भी असुरक्षित पेयजल से होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जो शरीर में अत्यधिक फ्लोराइड की मौजदगी के कारण होता है। यह बीमारी अधिक फ्लोराइड वाला पानी पीने से या ज्यादा फ्लोराइड युक्त जल से सिंचित भोजन के सेवन से होता है। फ्लोरोसिस के कारण शरीर की हड्डियां विकृत




हो जाती है। फ्लोरोसिस बीमारी से लोग सचेत व जागरूक हो इसलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर व स्कूलों में बच्चों को जानकारी एवं दन्त चिकित्सक द्वारा दन्त परीक्षण कराया जा रहा है। सभी ग्राम जो फ्लोरोसिस प्रभावित है वहां के पानी की सैंपल भी पीएचई विभाग को फ्लोराइड की मात्रा के जांच हेतु भेजी जा रही है। पीएचई विभाग से रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित रूप से फ्लोरोसिस से प्रभावित गांव में जाकर इससे पीड़ित लोगों का उपचार कर रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से भी स्कूलों में फ्लोरोसिस की जांच की जाती है। जिला फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. खुशबू सिंह ने बताया कि फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से दांतों में पीलापन, समय से पहले दांतों का खराब होना, शरीर की हड्डियों में विकृति और टेड़ापन सामान्य रूप से देखे जाते है। दांतों का रंग बिगड़ना, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द होना, हाथों और पैरों का आगे की तरफया पीछे की तरफ मुड जाना, लम्बी दुरी तक चलने में असमर्थ होना, पेट में दर्द होना और पेट फूलना भी इस बीमारी के लक्षणों में शामिल है। डॉ. खुशबू सिंह ने बताया कि जिले के 64 बसाहट फ्लोरोसिस से प्रभावित है जिसमे अभी तक विकासखण्ड रामचंद्रपुर के लगभग 12 ग्रामों में दंत चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर कैंप आयोजित की गई है। जिसमें कुल 55 फ्लोरोसिस के मरीज मिले है जिनका उपचार किया गया है। डॉ. खुशबू सिंह ने बताया की पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा एक पीपीएम होना चाहिए। इससे अधिक मात्रा में फ्लोराइड का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

# एबीवीपी ने मनाया मिशन साहसी दिवस, छात्राओं ने दी विभिन्न प्रस्तुतियां

## आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पंचम दीवान विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई के जयंती पर मिशन साहसी का हुआ आयोजन





पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा द्वारा जिले के सबसे बड़े आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पंचम दीवान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई के जयंती के अवसर पर मिशन साहसी का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आत्मा रक्षा प्रशिक्षण एवं नारी शशक्तिकरण विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम किया गया जिनमें मुख्य अतिथि अर्डेसी जूडो क्लब के संरक्षक संतोष पांडेय रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर के एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर, नगर की वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सरला निहलानी जी, नगर के वरिष्ठ पत्रकार कोमल शर्मा रहे। नारी सशक्तिकरण पर रश्मि यादव एवं साथियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मिशन साहसी के माध्यम से नगर के कराते कोच ब्लैक बेल्ट ऋषभ चौहान नगर के जूडो कोच ब्लैक बेल्ट दीपक कन्नौजे ने सभी छात्राओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया।सभी वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में नारी शिक्षा, नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कांत कुर्रे ने किया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष सोमेश सिन्हा ने उपरोक्त कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एबीवीपी के नगर मंत्री राजीव मिरझा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव सहित समस्त स्टाफएवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के धनंजय सोनी, शुभम चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र, संजू मार्कण्डेय, गुलशन सौरभ, तृप्ति साहू, निशा गुप्ता, साक्षी निर्मलकर, डिंपल निर्मलकर, पायल पाल, उत्तरा साहू, गौरव शर्मा, देव, मनस्वी सुशांत नवरंगे आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अनंतिम मेरिट सूची जिले की वेबसाइट पर जारी

पायनियर संवाददाता ◄ गौरेला/पेंड्रा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा के बाद अनंतिम मेरिट सूची जिले की वेबसाइट https//gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in/ पर जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जीपीएम द्वारा 16 मई 2023 को स्टाफ नर्स एनआरसी, नर्सिंग ऑफिसर एनएचएमपी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (मनोरोग नर्स) साइकोलॉजिस्ट-क्लिनिकल, द्वितीय एएनएम, एएनएम (आरबीएसके), डेंटल असिस्टेंट, फिजियोथेरेपिस्ट, ब्लॉक सुपरवाइजर (वीबीडी), एसटीएस, ओटी टेक्निशियन, लैब सहायक, नर्सिंग अधिकारी (एनएचएम) पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था तथा 22 जुलाई से 16 अगस्त 2024 तक जिला चिकित्सालय में साक्षात्कार आयोजित किया गया था। इसी तरह जूनियर सचिवीय सहायक (एनएचएम), सचिवीय सहायक (आईडीएसपी), जूनियर सचिवीय सहायक (एनसीडी), जिला डाटा सहायक एवं सचिवीय सहायक (एनएचएम) पदों का कम्प्यूटर आधारित कौशल परीक्षा 16 से 18 अक्टूबर 2024 तक शासकीय आईटीआई, गौरेला में आयोजित किया गया था। उक्त पदों पर भर्ती हेतु अंनतिम मेरिट सूची की जानकारी जिले की वेबसाईट में उपलब्ध हैं।

# 24 नवंबर से लगेगा वटगन कालेज का सप्त दिवसीय एन एस एस शिविर




पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत बम्हनी चरौदा में 24 नवंबर से 30 नवंबर तक नवीन महाविद्यालय वटगन का सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन होने जा रहा है, इस सप्त दिवसीय विशेष शिविर में गांव के लोगों को स्वच्छता संबंधित जागरूकता, बेटी बचाव बेटी पढ़ाव, तथा शिक्षा संबंधी जानकारी एवं नशा मुक्त अभियान के बारे में लोगों को संदेश देंगे और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकरी नवीन महाविद्यालय वटगन के प्राचार्य चन्द्रकांत जलहरे एवं पूर्व स्वयंसेवक रोहित साहू टुकेश साहू कुनाल सेन ने दिया। इस सप्त दिवसीय ठ्ह्यह्य शिविर कार्यक्रम का प्रभारी वटगन कालेज के प्रोफेसर प्रकाश जोशी और सह प्रभारी उमेश श्रीवास रहेंगे।

# उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् 3 दिव्यांग छात्र को दी गई प्रोत्साहन राशि



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना क्षितिज अपार संभावनाएं के तहत उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् 03 दिव्यांग छात्र क्रमशः हितेश कुमार जोशी और हेमंत कुमार साहू को 6-6 हजार रूपए तथा निशार अहमद को 12 हजार रूपए उच्च शिक्षा प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में दिव्यांग श्रेणी में जिले के प्रवीण्य सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी खुशी कुम्भकार को 5 हजार रूपए राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित परिहार एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ विस्तार



## स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु शिल्प वर्मा ने सिविल हॉस्पिटल भाटापारा में कार्यभार संभाला

भाटापारा के सिविल हॉस्पिटल में रायपुर मेडिकल कॉलेज से शिक्षित गोल्ड मेडलिस्ट स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. ऋतु शिल्प वर्मा ने अपना कार्यभार ग्रहण किया है। डॉ. रितु शिल्प वर्मा ने दूरबीन पद्धति से गर्भाशय के इलाज करने में फैलोशिप किया है। साथ ही सोनोग्राफी एवं सीआईएमपी रजो निवृत्ति के समय की समस्याओं एवं बांझपन की समस्याओं को दूर करने में भी विशेषज्ञता हासिल किया है। वर्तमान में डॉ. रितु इंडियन मेनोपॉज सोसायटी चैप्टर रायपुर की पदाधिकारी हैं। डॉ. रितु ने पूर्व में जिला चिकित्सालय दुर्ग में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु लगातार प्रयासरत है। इस कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा कलेक्टर दीपक सोनी की पहल से जिले के सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऋतु बघमार की नवीन पदस्थापना की गई है जिससे क्षेत्र की जनता को सुविधा का लाभ मिलने लगा है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की सिविल अस्पताल भाटापारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से महिलाओं की रूटीन ओपीडी जाँच के साथ-साथ सामान्य और सिजेरियन प्रसव होने लगा है इसके अलावा महिला नसबंदी और गर्भपात की भी सुविधा उपलब्ध हुई है। भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी के अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से अब तक 3 सिजेरियन प्रसव हो चुके है 30 महिला नसबंदी तथा दो गर्भपात की सुविधा मरीजों को प्रदान की गई है। अस्पताल में सोनोग्राफी की भी सुविधा उपलब्ध है।

# युवोदय टीम द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल निकुम में मानसिक स्वास्थ्य पर आओ बात करें कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग विषयों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में युवोदय टीम के द्वारा स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश/हिंदी मीडियम स्कूल निकुम में एक दिवसीय कार्यशाला आओ बात करें का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों, शिक्षकों, एवं अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन युवोदय ब्लॉक समन्वयक प्रगति मोहबे के द्वारा किया गया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, मानसिक स्वास्थ्य का शिक्षा में महत्व और दैनिक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने के तरीके इत्यादि पर चर्चा की गई। समन्वयक ने बच्चों और शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण पहचानने और समय पर मदद लेने के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए सुझाव दिए। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी की और अपने अनुभव साझा किए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और इसे उपयोगी बताया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। युवोदय टीम का उद्देश्य इस प्रकार की कार्यशालाओं के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।






# नवीन महाविद्यालय बेरला में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला के राष्ट्रीय सेवा योजना रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रेड रिबन के तत्वाधान मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया है जिसमें 34 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, यह रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत ध्रुव की आदेशानुसार रखा गया, उक्त कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर प्रेमलता गौरे, एनएस एस प्रभारी युवराज पावले, रेड क्रॉस प्रभारी बी आर सिवारे, कॉलेज स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं और सभी सम्माननीयगण उपस्थित थे, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चंद्र प्रकाश, भूपेंद्र कुर्रे, एम .एल .टी., ब्लड बैंक, संजय तिवारी एमएलटी आईसीटीसी धनु वर्मा एमएलटी, कुलेश्वरी साहू काउंसलर, विनेश्वर जायसवाल काउंसलर, वाहन चालक कृष्ण कुमार वर्मा इन सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया।

# प्रशासक बनने की होड़... सूची में विधायक प्रत्याशी जिला-मंडल अध्यक्ष के नाम, कोचियों को भी मिला मौका

## 16 नवंबर को जारी हुई सूची, लिस्ट में हर जगह भाजपा पदाधिकारियों के नाम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


समिति से बाहर के किसान की प्रशासक के लिए अनुशंसा बार-बार एक ही व्यक्ति को अवसर दिए जाने से भी नाराजगी
सहकारिता समितियों में नियुक्ति के लिए प्रकोष्ठ से कोई रायशुमारी नहीं
सहकारिता प्रकोष्ठ दरकिनार
चार साल बाद नियुक्तियां
समिति का सदस्य होना जरूरी
पायनियर लगातार

सहकारी समितियों में प्रशासक बनने की होड़ के बीच 16 नवंबर को प्रशासकों की नियुक्ति कर दी गई है। भाजपा नेता ने इसके लिए पूरी जोर आजमाईश की। जो नाम सामने आए हैं उनमें पूर्व विधायक प्रत्याशी, भाजपा के विंगों के अध्यक्ष, नेताओं के रिश्तेदार और प्रदेश महामंत्री के भाई तक शामिल हैं। इन नियुक्तियों के लिए जिला भाजपा ने निर्देश जारी कर नाम मांगे थे। इससे जुड़ा पत्र भी सामने आया है।

**पायनियर लगातार**

नए प्रशासकों की नियुक्तियों कर दी गई हैं। अगस्त में भाजपा संगठन ने इन नियुक्तियों के लिए सभी मंडल अध्यक्षों से 5 नामों के पैनल मांगे थे। हैरानी की बात है कि, मंडल के कोर ग्रुप में शामिल कई पदाधिकारियों ने पैनल में अपने ही नाम भेज दिए। यही नहीं इन नामों को हरी झंडी भी मिल गई। अब समितियों में इनके आवेदन के बाद सहकारिता उपायुक्त को सूची भेजी गई थी। जिला स्तरीय छानबीन समिति की कार्यवाही के बाद यह सूची जारी की जा चुकी है।

नियुक्तियों के लिए भाजपा संगठन के पदाधिकारियों की होड़ रही। सहकारी समिति बादराटोला में हीरेंद्र साहू को प्रशासक बनाया गया है। ये पूर्व में खुज्जी विधानसभा के प्रत्याशी रहे हैं और मौजूदा समय में भाजपा जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हैं। किसान मोर्चा के ही महामंत्री संजय सिन्हा छुरिया समिति, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू का नाम चारभांठा के लिए भेजा गया था। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुकृत साहू और बोधन साहू का क्रमशः गैंदाटोला और कुमरदा में सहकारी समिति के प्रशासक बनाए गए हैं। इसी तरह डोंगरगांव में रामकुमार गुप्ता, बघेरा में भाजपा के घुमका मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, पटेवा से मंडल महामंत्री नरेंद्र वर्मा, पदुमतरा में किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष ठाकेश सिन्हा, एलबी नगर मंडल महामंत्री भूपेन्द्र वर्मा को कोलिहापुरी और रामाधीन देवांगन का नाम रामाटोला सहकारी समिति के प्रशासक के लिए फाइनल हुआ है।

### अनाज व्यापारियों को भी बनाया प्रशासक

बड़ा विवाद इस बात को लेकर भी छिड़ने के आसार हैं कि इनमें से कुछ समितियों में प्रशासकों के लिए ऐसे लोगों को आगे किया गया है जो सीधे तौर पर धान के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। इनमें से कुछ के पास मंडी का लाइसेंस है और गांवों में वे ग्रामीणों का धान खरीदते हैं। घुमका सहकारी समिति में नोहेंद्र सिन्हा को मौका दिया गया है जो कि मंडी के लाइसेंसी अनाज व्यापारी हैं। इसके साथ ही वे भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष भी हैं। इसी तरह जोब में धन्ना यादव को प्रशासक बनाया गया है। जानकारी है कि वे धान कोचिया हैं। नियतमः ऐसे व्यक्तियों को प्रशासक की जिम्मेदारी नहीं दी जा सकती।

### खुद ही मांगा पद

संगठन के पदाधिकारियों को और खुद विधायक प्रत्याशी रहने के बाद किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष रहते प्रशासक बनने के सवाल पर हीरेंद्र साहू झेंप गए। उन्होंने कहा कि, यह पार्टी का निर्णय है। इस पर कार्यकर्ताओं को मौका न दिए जाने की बात पर उन्होंने कहा कि, पार्टी बेहतर कार्यकर्ताओं को ही अवसर दे रही है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जिनके नाम प्रशासक के लिए गए थे उन्होंने ही अपनी ये इच्छा जाहिर की थी। इसमें वे खुद भी शामिल हैं। पदाधिकारियों ने निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को मौका क्यूं नहीं दिया इस सवाल पर वे टालमटोल कर गए।

मंडलों में कोर ग्रुप से पैनल मांगा गया था। उनकी अनुशंसा पर जिन नामों की सूची आई थी उनका जिला अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन किए जाने के पश्चात सूची प्रदेश संगठन को भेजा गया था। नियुक्तियों संबंधी आगे की कार्यवाही वहीं से की गई है।

**- रविंद्र वैष्णव,** जिला महामंत्री, भाजपा

आगे और भी ज्यादा महत्वपूर्ण अवसर हैं। इनके लिए अभी निकाय-पंचायत चुनाव के लिए भी कार्यकर्ताओं को चुनाव में मौके मिलेंगे। संगठन का चुनाव भी चल रहा है। यहां भी कई नए लोगों को इसमें जगह मिलेगी। चूंकि सहकारी समिति में प्रशासक का पद किसानों के संवेदनशील विषय से जुड़ा हुआ है इसलिए प्रमुख और जिम्मेदार लोगों को नियुक्तियां दी गई हैं।

**-सचिन सिंह बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

# अवैध रेत परिवहन में जब्त हाईवा थाना की चपेट में आया थाना





पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के आरक्षी केंद्र पुलिस थाना में अजीबोगरीब घटनाक्रम सामने आया है। शुक्रवार दोपहर में राजस्व द्वारा अवैध रेत परिवहन में जब्त रेत से भरा हाइवा थाना में सुपुर्दगी के बाद बगैर ड्रायवर के ही हैंड ब्रेक को तोड़ते हुए थाना में ही चढ़ गया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम में हाइवा के थाना के सामने निर्मित पुलिस का मोर्चा पॉइंट ध्वस्त हो गया है। वहीं एक पुलिस कर्मी का बाईक भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस के अनुसार घटना लगभग दोपहर 3 बजे के आसपास की है। दरअसल दोपहर एक बजे एसडीएम श्रीकान्त कोराम व तहसीलदार पीएल नाग द्वारा कुमरदा समीप एक हाइवा क्र सीजी 07 बीजे 2611 एवं सागर मुंजाल समीप एक माजदा क्र सीजी 08 एल 0236 को बगैर रॉयल्टी पर्ची जब्त कर थाना डोंगरगांव में सुरक्षार्थ सौंपा था। हाइवा को किसी किसन साहू खुर्सीपार का बताया गया है। पुलिस की माने तो ड्राइवर ने हाइवा खड़े करके एसडीएम कोर्ट की ओर चला गया। इसी दरम्यान तहसीलदार थाना से वापस लौटने के लिए थाना परिसर में पुलिस जवानों के इर्दगिर्द खड़े थे, तभी जब्त हाइवा अचानक ही ढलान जगह में खड़े होने की वजह से आगे बढ़ने लगा, तथा देखते ही देखते तेज गति से एक सायकल को ठोकर मारते हुए तथा एक पुलिसकर्मी की बाईक को घसीटते हुए थाना के सामने निर्मित मोर्चा पॉइंट में जा टकराया। इस वाकये में पुलिस का मोर्चा पॉइंट ध्वस्त हो गया। वहीं पुलिस कर्मी सुधाकर की नीली कलर की बाइक अपाचे क्षतिग्रस्त हो गई है। एक आम आदमी की सायकल भी चपेट में आने की बात पुलिस ने बताई है।

### बाल बाल बचे तहसीलदार व पुलिसकर्मी

घटना के उपरांत पहुंचे मीडिया को टीआई शाह ने बताया कि हाइवा के बगैर ड्राइवर के अकस्मात ही अनियंत्रित ढंग से चलने से थाना परिसर में मौजूद तहसीलदार नाग बाल बाल बचे। वहीं घटना दरम्यान विवेचना कक्ष में 2 विवेचक बैठे थे। अगर हाइवा उस ओर जाकर घुस जाता तो दोनों विवेचकों के लिए मुसीबत का विषय भी बन सकता था।

# सीमा पार की चौकियां पार कर राइस मिल पहुंच रही धान की खेप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रशासनिक दावों के बीच नेशनल हाइवे स्थित महाराजपुर तक लगातार दूसरे राज्यों से धान आने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि छुरिया विकासखंड के इस गांव में राईस मिल तक रोजाना धान की बड़ी खेप पहुंचाई जा रही है। महाराष्ट्र की ओर से यहां पहुंचने वाली खेप की जांच नहीं होने की जानकारी भी सामने आ रही है। गौरतलब है कि, 14 नवंबर से छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरुआत की गई है। खरीदी में दूसरे राज्यों के धान की अवैध तरीके से खपत को रोकने बॉर्डर पर जांच चौंकिया बनाई गई है। राजनांदगांव जिले से लगी महाराष्ट्र की सीमा पर चाक-चौबंद निगरानी का दावा प्रशासन ने किया है। खाद्य विभाग और मंडी विभाग की संयुक्त टीम भी उड़नदस्ता की तरह जांच में जुटी हुई है। पंचायत सचिवों को अंदरुनी रास्तों और बॉर्डर से लगे दूसरे रास्तों पर तीन शिफ्टों में निगरानी और जांच के लिए बैठाया गया है। बावजूद इसके कुछ राइस मिलों तक दूसरे राज्यों का धान लगातार पहुंच रहा है। बताया जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस के नेता की राइस मिल में धान की आवक बनी हुई है।

**सरहद से लगे इलाके में राइस मिलर मंगवा रहे**

व्यापारी बताते हैं कि, उक्त राइस मिलर द्वारा हर वर्ष करोड़ों का डीओ कटवाया जाता है। मिलिंग से उठाए गए धान की भरपाई के लिए अंतर्राज्यीय स्तर पर धान की खरीद कर खेप इनकी राइस मिल तक पहुंचाई जाती है। जबकि मिलिंग के धान से तैयार चावल को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। बहरहाल, इस तरह की गड़बड़ियों की शिकायत सामने आने के बाद धान खरीदी को लेकर सीमा पर निगरानी और जांच पर सवाल उठने लाजिमी हैं।

# फूड पॉयजनिंग का शिकार हुए केरल के 7 खिलाड़ी, अनहेल्दी डाईट से संक्रमित

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




सेंट्रल मेस में खाना नहीं खा रहीं कई टीमें होटलों में अनहेल्दी डाइट ले रही खिलाड़ी
टैंकर का पानी इस्तेमाल हो रहा, ट्रांसपोर्टेशन में भी दिखी लापरवाही
पायनियर लगातार

नेशनल बास्केटबाल गेम्स में शामिल हुए केरला टीम के 7 खिलाड़ी फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। अव्यवस्थाओं से घिरी प्रतियोगिता के बीच पायनियर ने पहले ही खिलाड़ियों की अनहेल्दी डाईट की जानकारी दी थी। इस बीच आज कुछ प्रतियोगिता के अंतिम दिन कुछ खिलाड़ियों की हालत बिगड़ गई। उन्हें जिला अस्पताल दाखिल कराया गया है।

बताया जा रहा है कि खानपान के चलते और मौसम में आए बदलाव से खिलाड़ी बीमार हो गए। बीमार खिलाडियों में एक 17 वर्ष का बालक और 6 बालिका खिलाड़ी 14 वर्ष से कम उम्र के हैं। इनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि यह टीम आज अपने गृह प्रदेश के लिए रवाना होने वाली थी। लेकिन खिलाड़ियों की तबीयर्त बगड़ने के बाद उन्हें रुकना पड़ा।

बताया जा रहा है कि संक्रमित भोजन के चलते कुछ बच्चे बीमार हुए हैं। जबकि कुछ की मौसम की वजह से तबीयत बिगड़ी है। बीमार बच्चों को जिला अस्पताल में व्हीलचेयर से वार्डों में ले जाया गया। केरल टीम के कोच और अन्य लोग बीमार बच्चों के उपचार में मदद कर रहे हैं।

खिलाडियों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने एक टीम को अस्पताल रवाना किया है। ठाकुर के मुताबिक बच्चों की तबीयत की पूरी जानकारी ली जा रही है। खिलाड़ियों के बीमार पड़ने के बीच जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य अफसर समापन समारोह में मशगूल रहे। इस मामले को लेकर जांच करने की बात कही जा रही है।

**मेजबानी ने कराई किरकिरी –** नेशनल गेम्स टूर्नामेंट पहले दिन से ही अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। इसके चलते मेजबानों की काफी किरकिरी भी हुई है। फेडरेशन के अधिकारियों की मॉनिटरिंग को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हुए हैं। गुरुवार को भी नेशनल स्तर के प्रतियोगिता में केरल और हरियाणा के खिलाड़ियों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। मैच के दौरान हरियाणा टीम के बालकों ने केरल की महिला खिलाड़ी को पीट दिया था। इस मामले को लेकर खिलाड़ी थाना तक पहुंच गए। केरल के खिलाड़ियों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।

**छत्तीसगढ़ बना ऑल-ओवर चैम्पियन -** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ के बालक-बालिकाओं ने बॉस्केटबॉल 14 वर्ष व 17 वर्ष के तीनों ही आयु वर्ग में विजेता का खिताब जीतकर ओवर-ऑल चैम्पियनशीप पर कब्जा कर किया है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने तीनों वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। फाईनल मैच में बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालिका में मेजबान छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 62-48 अंकों से हराकर विजेता बनीं। बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग के फाईनल मैच में छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 55-42 अंकों से हराकर विजेता बनी। बालक वर्ग के 17 वर्ष आयु वर्ग के बॉस्केटबॉल के फाईनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडू को 49-37 अंकों से पराजित करते हुए स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडू को रजत पदक मिला। कास्य पदक के लिए खेले गये मैच में राजस्थान ने दिल्ली को 66-40 अंकों से पराजित किया।

# नाले में मिली लाश पुलिस जांच में जुटी



■ अवैध रूप से संग्रहित धान किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

अवैध धान के संग्रहण परिवहन और विक्रय पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस तारतम्य में गत दिवस 21 नवंबर को एसडीएम हेमेन्द्र भूआर्य ने ग्राम भोजटोला में कोचिया के गोदाम का निरीक्षण किया गया। एक कोचिया के पास संग्रहित धान का रिकॉर्ड नहीं होने के कारण व एक कोचिये के पास सीमा से अधिक धान का संग्रहण होने के कारण मंडी निरीक्षक द्वारा जप्ती की कार्यवाही की गई है।

## नवोदित मानस व्याख्याकार कार्यशाला में सनातनी झलक



**डोंगरगांव नगर।** सत्य सनातन धर्म सभा राजनांदगांव के तत्वावधान् में प्रसिद्ध व्याख्याकार तथा रामायणीक बम्हलीन शशिकांत अवस्थी राजनांदगांव की स्मृति में दो दिवसीय मानस मंडलियों के नवोदित युवा वक्ताओं की कार्यशाला का आयोजन अर्जुनी में किया गया। जिसमें वर्तमान समय में मानस मंडलियों द्वारा मानस प्रसंग के आधार पर हिन्दू जागरण, सनातन संस्कृति का प्रचार, समाज सुधार, नशाबंदी, सामाजिक, पारिवारिक एकता जैसे विषयों को लोगो तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ग्राम अर्जुनी के समरसता भवन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सत्य सनातन धर्मसभा के जिला अध्यक्ष धवल चावड़ा, आयोजन के मुख्य सूत्रधार अचल दास वैष्णव, स्व शशिकांत अवस्थी की सुपुत्री श्रीमती वर्षा पाठक के आतिथ्य में भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा देव स्तुति से हुआ। इस दौरान मुख्यअतिथि चावड़ा ने अपने उद्बोधन में कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से सत्य सनातन धर्म सभा से जुडक़र हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति के लिए आगे आकर कार्य करने का निवेदन किया। पश्चात् दो दिनों तक विभिन्न सत्रों में मानस व्याख्याकारों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई।

# दो वनमंडल में 107 पदों की भर्ती के लिए 42 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वन विभाग द्वारा वन रक्षकों की भर्ती के लिए राजनांदगांव और खैरागढ़ वन मंडल के तहत तीन जिलों में 107 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न की जानी है। इसके लिए शहर के मोतीपुर खेल मैदान को तैयार किया जा रहा है, यहां चार पालियों में 25 नवंबर से 14 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।

खैरागढ़ और राजनांदगांव वन मंडल में 107 वन रक्षकों की भर्ती के लिए 42 हजार 6 सौ 66 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे, इसके लिए वन विभाग द्वारा ग्राऊंड तैयार किया जा रहा है। ग्राउंड में चार इवेंट पर परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए तैयारी अंतिम दौर की ओर है। वन विभाग के एसडीओ एवं भर्ती प्रक्रिया के नोडल अधिकारी योगेश साहू ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया 4 पाली में सुबह 6 से 8, 8 से 10, 10 से 12 और दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें दो वन मंडल के लिए अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में वन रक्षकों की भर्ती की जानी है। इसके लिए वन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला मुख्यालय में भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। वन मंडलाधिकारी आयुष जैन ने बताया कि वन विभाग द्वारा राजनांदगांव में 25 नवंबर से 14 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें लगभग 40 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसको लेकर तैयारी की जा रही है।

भर्ती प्रक्रिया के लिए वन विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से पीटी शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी द्वारा मैदान तैयार किया जा रहा है। वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को चार मापदंड से गुजरना होगा, इसमें 500 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक शामिल है। इसके लिए मैदान में 200 मीटर दौड़ का ट्रैक, 4 जंप पीट और 4 गोला फेंक के मैदान तैयार किए गए हैं।


**RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION**
ZONE-07, MANGLAM COMPLEX, AGRASEN CHOWK RAIPUR (C.G.)

Ref 37/RMC/NNR/Zone07/2024 Raipur, Date 20/11/2024

**EXPRESSION OF INTEREST**
**Notice Inviting Tender (NIT)**

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders form eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq.feet box Cricket Stadium I Front of International Swimming pull of Sahid Manmohan Singh Bakshi Ward 23 under the annual License fees model for 5 Years. The project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs.5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the Twon Planing Branch, Room No 07, Raipur municipal corporation Zone No 07 The last date for Submission is 16-12-2024 for more information, Visit our Website rmczone7.

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**Zone Commissioner**
Zone No. 07
Raipur Municipal Corporation



पंजीकृत कार्यालय: 601 व 602, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, 6वीं मंजिल, टॉवर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोवर पारेल, मुम्बई–400013

**DCB BANK**

**सार्वजनिक सूचना**
**आभूषण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लेखित कर्जदारों को, डीसीबी बैंक लिमिटेड (DCB Bank) के पास गिरवी रखी गई आभूषणों के एवज में डीसीबी बैंक लिमिटेड से उनके द्वारा प्राप्त सुविधाओं में समस्त देयकों को चुकाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, चूंकि वे समस्त देयकों को चुकाने में असफल रहें, इसलिए हम गिरवी रखी गई संपत्तियों की नीलामी करने को विवश हैं, डीसीबी बैंक लिमिटेड के पास, बिना कोई कारण एकाउंट (एकाउंट्स) को हटाने/नीलामी तिथि(यों) को बदलने का अधिकारी सुरक्षित है, नीलामी **06.12.2024** व **07.12.2024** को अपराह्न 12:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक https://egold.auctiontiger.net के द्वारा होगी।

| क्रं. सं. | ग्राहक आई डी | ग्राहक नाम | क्रं. सं. | ग्राहक आई डी | ग्राहक नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| **बेमेतरा स्थान** | | | **खरोरा स्थान** | | |
| 1 | 102472975 | रियासत अली | 15 | 102887646 | महेंद्र कुमार साहू |
| 2 | 102772741 | श्रीराम निषाद | 16 | 102910203 | टिकेश्वर कुमार साहू |
| 3 | 105610572 | देवेश डिंडोरे | 17 | 106722288 | लक्ष्मी छत्री |
| 4 | 106315222 | खिलेश्वर दास जांगड़े | **कुर्रा स्थान** | | |
| 5 | 106486244 | अश्वनी कुमार साहू | 18 | 105204860 | प्रिंस पारख |
| 6 | 106535591 | होलू चौहान | 19 | 105276652 | विक्की त्रिवेदी |
| **बेरला स्थान** | | | **परसदा स्थान** | | |
| 7 | 105117606 | गैंद राम पाटिल | 20 | 101412224 | पवित्रा भाई चेलाके |
| **धमतरी स्थान** | | | 21 | 104275187 | सैय्यद फैयाजुद्दीन |
| 8 | 106861424 | गोविंद प्रसाद | 22 | 104797874 | मिसल अहमद खान |
| **दुर्ग स्थान** | | | 23 | 104956299 | संतोषी मानिकपुरी |
| 9 | 101292654 | मोहम्मद सुल्तान अहमद | 24 | 105018928 | कनक अग्रवाल |
| | | | **रायपुर स्थान** | | |
| 10 | 101944174 | अमित सिंह | 25 | 102670181 | अनिल कुमार अग्रवाल |
| 11 | 106646273 | धनंजय वर्मा | 26 | 106691181 | पवन खट्टर |
| **जांजगीर चांपा जगह** | | | **राजनांदगांव स्थान** | | |
| 12 | 105889540 | अजित तवर | 27 | 102240652 | ईश्वर लाल पटेल |
| 13 | 106795832 | आशीष अग्रवाल | 28 | 102283221 | सरोज लेझारे |
| **कवर्धा स्थान** | | | 29 | 102320276 | अकबर कचलामे |
| 14 | 103824908 | धीरज दुबे | 30 | 103015369 | देवसिंह सोनवानी |

इस प्रकाशन के द्वारा संबंधित कर्जदारों/गिरवीकर्ताओं को एतद्द्वारा अंतिम सूचना तथा अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे नीलामी तिथि के पूर्व सुविधा के तहत प्राप्त पूरी राशि का, समस्त ब्याज तथा चार्जेस के साथ तत्काल या किसी भी तरह भुगतान कर दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी कर दी जाएगी, नीलामी की अधिसूचित तिथि को यदि अधिकतम बिडर को आइटम की नीलामी नहीं होती है तो बिना किसी आगे की सूचना के, नीलामी कोई अन्य दिवस (दिवसों) को किये जाएंगे। नीलामी में भागीदारी तथा बिड्स की स्वीकृति डीसीबी बैंक के स्व–विवेक पर होगी।

कृपया ध्यान दें कि नीलामी 'जहाँ है, जैसा है' 'जैसा है, जो है' 'जो कुछ है, वहाँ है' के आधार पर तथा "no recourse basis" पर होगी तथा डीसीबी बैंक आभूषण अथवा इसकी नीलामी के संबंध में कोई भी दावों, विवादों, आपत्तियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा। बिडर्स नीलामी में भाग लेने के लिए विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिये कृपया https://egold.auctiontiger.net पर विजिट करें।

दिनांक: **23.11.2024**

हस्ता./–,
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड



**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला–महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुणनिधी पिता निलान्द्री जाति कोडाकू निवासी ग्राम मल्दामाल तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पिता निलान्दी का मृत्यु दिनाँक 10/11/2021 को ग्राम मल्दामाल में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में पिता के मृत्यु घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 25/11/2024 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार**
Office Phone and Fax No.:- 07727-296695 Email ID:- ee-res.abhanpur@nic.in

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-10 //**

क्रमांक/2885/निविदा/ग्रा.यां.से./2024-25 **(प्रथम बार)** बलौदाबाजार, दिनांक 19/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 30.11.2024 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 161363 NIT-10 | Zonal Tender-4 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lakh) Block-Simga, Dist.-Balodabazar-Bhatapara (C.G.) | 40.00 | निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 30.11.2024 |
| 161364 NIT-10 | Zonal Tender-5 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lakh) Block-Simga, Dist.-Balodabazar-Bhatapara (C.G.) | 40.00 | |

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 19.11.2024 से देखी जा सकती है।

(आर.आर.महिलांगे)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां.सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242503990/3



**कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
E-mail : cmonpkharod@rediffmail.com
Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्र/1101/न.प./लो.नि.वि./2024-25 खरौद, दिनांक 21/11/2024

**// ई-प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा सूचना //**

नगर पंचायत खरौद क्षेत्रांतर्गत शासन अनुदान मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | प्रा. राशि (लाख) | अमानत राशि राशि | डिमांड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|
| 161595 21.11.2024 | वार्ड क्रमांक 06 कंपाटनी मंदिर रोड शेष कार्य से मुक्तिधाम तक, वार्ड क्रमांक 13 शशि मिश्रा घर से सहदेव घर तक, वार्ड क्रमांक 13 मेनरोड रोशन साहू घर से सूरज साहू घर तक, वार्ड क्रमांक 13 शौचालय से कन्या छात्रावास अहाता तक, वार्ड क्रमांक 13 जलघाट रोड से कृष्णकुंज वाटिका तक। (05 स्थान) | 22.45 | 17,000.00 | 750.00 |
| 161594 21.11.2024 | वार्ड क्रमांक 13 पुलिया से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 27.41 | 21,000.00 | 1,500.00 |

निविदा की विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन की E-procurement पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरौद
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# कबाड़ कारोबारियों पर तड़के-4 बजे गिरी गाज कांसाबेल में कबाड़ समेत 22 लाख नगद जब्त

## एसपी ने कहा, अपराधों पर लगाम लगाने के उददेश्य से सर्च अभियान नियमित चलेगा



### यहां से 22 लाख जब्त

कांसाबेल में तलाशी के दौरान कबाड़ का व्यवसाय करने वाली जशपुर रोड कांसाबेल निवासी पूनम साहू के कब्जे से 22 लाख 30 हजार रू. नगद एवं लगभग 05 लाख के विभिन्न बर्तन, टूल्लू पंप इत्यादि मिले हैं, पुलिस द्वारा उसे नियमानुसार जप्त किया गया है। पूनम साहू के कब्जे से मिले 22 लाख 30 हजार नगद को इनकम टैक्स को जॉच के लिए सौंपा जा रहा है। इसके साथ ही कांसाबेल क्षेत्र के ग्राम पोंगरो में युनूस खान एवं आशीष कुमार उर्फ मंटू के ठिकानों पर भी दबिश दी गई।

### पत्थलगांव में भी बड़ी कार्रवाई

पत्थलगांव के बड़े कबाड़ी सुन्दर अग्रवाल से 01 ट्रक कबाड़ का सामान तथा पिंटू खान एवं विक्की अग्रवाल के कब्जे से 01-01 पीकअप कबाड़ी सामान जप्त कर कार्यवाही की गई।

### कुनकुरी और जशपुर में भी दबिश

गिनाबहार (कुनकुरी) के कबाड़ी निजाबुल आलम के गोदाम में उसके कब्जे से शासकीय सप्लाई के झूले, रेलिंग सहित अन्य सामान लगभग 01 पीकअप मात्रा में जप्त किया गया है, इसकी भी विस्तृत जॉच की जा रही है। सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र पुराने कबाड़ी रबूल खान के गोदाम कालेज रोड स्थित, टिपू कबाड़ी के गोदाम विष्णु बगान एवं पंकज कबाड़ी का गोदाम डीपाटोली में भी वृहद सर्च अभियान चलाया गया है।

अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए संदेहास्पद कार्यों की निगरानी और जांच नियमित रूप से पुलिस करती है। यह कार्रवाई जिले भर के कबाड़ी व्यवसाय करने वालों के ठिकानों पर किया गया है। उन्हें उनके सामानों और पैसे के आवक के प्रमाण के लिए विधिवत वक्त दिया गया है।

**शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कानून व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से एसपी शशि मोहन सिंह और एएसपी अनिल सोनी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शुक्रवार की तड़के सुबह 4 बजे पूरे जिले के कबाड़ियों के ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर कार्यवाही की गई। पिछले कई दिनों से अवैध कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हो रही थी एवं इनकी गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगातार नजर बनाए रखा गया था। उक्त कार्यवाही में संबंधित अनुविभाग के एसडीओपी के नेतृत्व में क्षेत्र के थाना प्रभारी सहित भारी संख्या में स्टॉफ को सम्मिलित किया गया था। अपराधों पर प्रभावी लगाम लगाने के उददेश्य से आगामी दिनों में सर्च अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

# विधायक ने सांकरा एवं सपोस में धान खरीदी का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कृषि सहकारी साख समिति सांकरा में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और इलेक्ट्रॉनिक तौल व अन्य उपकरणों का पूजन कर धान खरीदी की प्रक्रिया की शुरुआत की। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किसानों को धान खरीदी की शुभारंभ की बधाई देते हुए उन्हें सफल फसल बिक्री के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस मौके पर उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने धान को मंडी में लाकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। धान खरीदी का शुभारंभ किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जो क्षेत्र के कृषि समुदाय के लिए आर्थिक विकास का प्रतीक है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में किसानों और मंडी प्रबंधन के बीच तालमेल और सहयोग की भावना स्पष्ट नजर आई। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में भी किसानों के हित में इस प्रकार के कदम उठाए जाते रहेंगे। इस उद्घाटन कार्यक्रम के माध्यम से बसना के किसानों को समर्थन मूल्य पर अपने धान को बेचने का अवसर मिला है, जो कृषि क्षेत्र में सकारात्मक संकेत देता है। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने इस मौके पर सभी किसानों का स्वागत किया और भविष्य में भी उनके लिए समर्थन और सहयोग बनाए रखने का वादा किया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों और किसानों की शुभकामनाओं के साथ हुआ। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने मंडी प्रबंधन और सहकारी समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, भाजपा मण्डल सांकरा अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, उपाध्यक्ष दुष्यंत पटेल, सांकरा सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, विधायक प्रतिनिधिगण अरविंद मिश्रा, सोनू छाबड़ा, महामंत्री मनोज बारीक, शाखा प्रबंधक प्रमोद मांझी, सागुनढाप सोसायटी अध्यक्ष मथामणी बढाई, सुखीपाली सोसायटी अध्यक्ष कन्हैया प्रधान, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरें, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश विशाल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कंवलजीत सिंह छाबड़ा, कोलता समाज सभापति रसिक प्रधान, साहू समाज अध्यक्ष कलपराम साहू, दिलबाग सिंह छाबड़ा, गजेन्द्र चौधरी, खेमू अग्रवाल, बाबूलाल नायक, विजय चौधरी, सुनील प्रधान,भानू प्रताप चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार सीडी बघेल, सुखदेव वैष्णव, मुरली यदुराज और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# नियमित रूप से बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद रिकवरी बेहतर हो सकती है : डॉ. मार्क



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक नए अध्ययन में पता चला है कि नियमित रूप से बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद दर्द और मांसपेशियों की क्षति को कम करते हुए रिकवरी में मदद मिल सकती है। वहीं मांसपेशी भी अच्छी तरह काम करती हैं। ऐसा खाना जो एक्सरसाइज की वजह से होने वाली मांसपेशियों की थकान और दर्द को कम करते हुए ठीक होने में मदद करते हैं, उससे लोगों को एक्सरसाइज की अपनी दिनचर्या पर कायम रहने में मदद मिल सकती है। ये नए परिणाम वैज्ञानिक प्रमाणों की लगातार बढ़ रही संख्या में शामिल है जिनमें बताया गया है कि एक्सरसाइज के बाद बादाम रिकवरी में कैसे असर दिखाता है। पहले के अध्ययनों में थकान और एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म पर बादाम के प्रभावों के बारे में पड़ताल की गई। साथ ही बादाम खाने से मांसपेशियों के दर्द और क्षमता पर बादाम खाने के प्रभाव के बारे में पता लगाया गया। डॉ. मार्क केरेन, पीएचडी, आरडी, सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी में एक्सरसाइज एवं न्यूट्रिशनल साइंसेस के प्रोफेसर ने कहा हमारा अध्ययन फिटनेस रिकवरी में बादाम की मददगार भूमिका पर थोड़ी और रोशनी डालता है। बादाम में काफी सारे पोषक तत्व होते हैं।

# 36 से अधिक वर्षो की नर्सिंग अनुभवी बस्तर की ज्योती पाण्डेय ने सिखाया कैंपस टू कॉर्पोरेट ट्रेनिंग में नर्सिंग का भाव



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में दो दिवसीय कैंपस टू कॉर्पोरेट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के दूसरे दिन के पहले सेशन में लक्ष्मी प्रसन्ना ने इंग्लिश भाषा के बारे में बताया कि इसको कैसे सीखा, बोला जा सकता हैं व इसकी नर्सिंग प्रोफेशन में कितनी आवश्कता हैं। प्रज्ञा मंडावी ट्रेनर ने अपने मोटिवेशनल सेशन में छात्रों को उत्साहित किया। ट्रेनिंग का अंतिम सेशन नर्स ज्योती पाण्डेय ने लिया जिनका बस्तर में नर्सिंग में बहुत बड़ा योगदान हैं। नर्स पांडेय ने छात्रो को बताया कि अपने मजबूत इरादों के साथ कम संसाधन होने के बावजूद वनांचल के आदिवासियो की चिकित्सीय सेवा किया। अशिक्षित ग्रामीण वासियो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। छात्रों को मेहनत करने की सलाह व साक्षातकार में बोलने व व्यावहारिक ज्ञान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ओम प्रकाश त्रिपाठी, उपनिदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड ऑफिस, डॉ रवि कुमार जैन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, ज्योती गुप्ता, इंचार्ज प्रिंसपल के साथ राकेश यादव व स्टाफ मौजूद रहें।

# जशपुर की तस्वीर बदलने की दिशा में गंभीर कलेक्टर व्यास प्रस्तावित न्यू बस स्टैण्ड और लाईब्रेरी के लिए किया मार्च

## इनडोर स्टेडियम, ताइक्वांडो स्टेडियम, शासकीय जिला ग्रन्थालय का भी किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास नगर पालिका क्षेत्र जशपुर में नालंदा परिसर रायपुर की तर्ज पर 500 सीटर लाईब्रेरी निर्माण के लिए महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप शासकीय भूमि का अवलोकन कर जायजा लिया। उसके अलावा कलेक्टर ने आडिटोरियम निर्माण के लिए बरटोली में स्थल चयन के लिए शासकीय भूमि का भी निरीक्षण किया।

### स्टेडियम को साफ रखें

कलेक्टर व्यास ने कृषि कार्यालय के बगल में इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम में बैडमिटन कोर्ट की स्थिति और यहां पर होने वाले प्रतियोगिताओं की जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के समीप इनडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की सही मेंटनेंस, जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित साफ- सफाई रखने के निर्देश दिए।

### ताइक्वांडों के खिलाड़ियों से मिले


ताइक्वांडो स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रहे ताइक्वांडो खिलाडियों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अभ्यास कर रहे ताइक्वांडो खिलाड़ियों की हौसला अफजाई भी की। कलेक्टर ने शासकीय जिला ग्रन्थालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां के बाउंड्री वॉल पर प्रेरणादायी व्यक्तित्व के पेंटिंग और उनके विचारों को अंकित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने शहर में शासकीय दीवाल और पेड़ों पर लगाये गए बैनर-पोस्टर, स्टिकर को हटाने व बिना अनुमति लगाने वालों के ऊपर जुर्माना करने के निर्देश भी दिए।

### ये रहें उपस्थित

कलेक्टर व्यास ने महालक्ष्मी नगर में प्रस्तावित बस स्टैंड के स्थल चयन के लिए शासकीय भूमि का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जशपुर एसडीएम ओंकार यादव, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ टी. एन. सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय सहित राजस्व अमला मौजूद रहे।

# स्वीमिंग का नेशनल कॉम्पिटीशन खेलेगी समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजकुमार कॉलेज, रायपुर की कक्षा आठवीं की छात्रा समीक्षा पिंजानी (14 वर्ष) 68वें नेशनल स्कूल गेम्स में स्वीमिंग प्रतियोगिता खेलने के लिए राजकोट रवाना हुई। गौरतलब है कि राजकोट में 24 से 30 नवंबर तक नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन किया गया है। समीक्षा ने पिछले माह राजकुमार कॉलेज में आयोजित 'इंडियन पब्लिक स्कूल कॉम्पिटिशन' (अंडर 19 वर्ग) में चार सिल्वर मेडल जीतकर नेशनल खेलने की पात्रता हासिल की है। स्कूल प्रबंधन और सहपाठियों ने राजकोट रवाना होते समय समीक्षा को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# अमरकंटक यात्रा के लिये यात्रियों का जत्था रवाना : हरपाल सिंग भामरा



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के संस्थापक हरपाल सिंग भामरा एवं प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंग चावला नें बताया की गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में संगठन के द्वारा अमरकंटक यात्रा के लिये यात्रियों का जत्था 2 बसों में दर्शानर्थ भेजा गया है। जिसमें सभी वर्ग पुरुष, महिलायें व बच्चे लगभग 200 तीर्थ यात्री मौजुद। यात्रा गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा स्टेशन रोड से रवाना किया गया, जिसे गुरुद्वारा सिंघ सभा के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा एवं निरंजन सिंह खनुजा ने हरी झड़ी दिखा कर रवाना किया। संस्था द्वारा उक्त यात्रा प्रति वर्ष निःशुल्क कराई जाती है। इस शुभ अवसर पर संस्था के पदाधिकारीगण गुरुमित सिंह गुरुदत्ता, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, तजेन्दर सिंह होरा, मंजीत सिंह सलुजा, गुरुदीप सिंह छाबड़ा, गुरुभेज सिंह, गुरुचरण सिंह, यशवंत सिंह, रिंकु मक्कड़ एवं मनोज छाबड़ उपस्थित थे।

# हेल्थ की कॉमन रिव्यू मिशन की टीम के अफसरों ने जिला घूमने के बाद कहा, स्वास्थ्य सेवा और गुणवत्ता में सुधार करें

## टीम ने बगीचा विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति गांव और स्वास्थ्य केन्द्रों का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केन्द्रीय सीआरएम की टीम के डॉक्टरों और विकासखण्ड बीएमओ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। टीम के द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तुतिकरण दिया गया। टीम के द्वारा दिये गए सुझाव का परिपालन कर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रसाय कर रहे हैं। जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के कार्याकलप, पेयजल, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, ऑपरेशन थेटर, लैब तथा प्रसव कक्ष में आवश्यक दवाईयॉ उपकरण, रनिंग वाटर की उपलब्धता को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय सीआरएम टीम ने कलेक्टर को अपने अनुभाव साझा किए और जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के संबंध में अपना-अपना विचार व्यक्त किए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय हर साल देश भर के विभिन्न राज्यों में कॉमन रिव्यू मिशन का आयोजन करता है। सीआरएम का उद्देश्य एनएचएम के तहत चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की कार्यात्मक स्थिति का त्वरित मूल्यांकन करना और उनके क्रियान्वयन को प्रभावित करने वाले प्रमुख घटकों और चुनौतियों को समझना है। इस वर्ष जशपुर जिले को बेहतर प्रदर्शन वाले जिले के रूप में मूल्यांकन के लिए चयनित किया गया है। टीम के द्वारा मूल्यांकन उपरांत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं गुणवत्ता के लिए आवश्यक सुधार के लिए सुझाव दिया गया है। केन्द्रीय टीम द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करने के संबंध में चर्चा की और अधेसंरचना दवा एवं उपकरण, रिकार्ड एवं रिपोर्टिंग, भंडार, प्रचार-प्रसार सामग्री का रिकार्ड, प्रदर्शन व रखरखा सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी व अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ व सुव्यवस्थित प्रदायगी के लिए प्रसव पंजी, उच्च जोखिम वाले गर्भवर्ती महिलाओं का चिन्हांकन, टीकाकरण पंजी, ओपीडी पंजी, जीवनदीप समिति की बैठक व व्यय पंजी, वित्तीय बिल, बाउचर, अंकेक्षण रिकार्ड का अद्यतन प्रविष्टि करने की बात कही। साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं से प्रेषित किये जाने वाले मासिक प्रतिवेदन का एचएमआईएस रिपोर्ट की सत्यापित छायाप्रति समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध होने, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों टी.बी., कुष्ठ, अंधत्व निवारण, गलेरिया, गैर संचारी बीमारी से संबंधित जानकारी तथा रिकार्ड संधारण होने, एक्सपाईयरी दवाईयों का व्यवस्थापन, दवाईयों तथा उपकरणों का सुव्यवस्थित संधारण, भण्डार में समस्त दवाईयों तथा उपकरणों का वर्तमान तक स्टाक पंजी का पूर्ण प्रविष्ठीकरण, स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रदर्शित आईईसी व बीसीसी सामग्री में अत्यंत पुराने तथा खराब दशा में लगे फटे-पुराने पोस्टर इत्यादि को निकाल कर सुव्यवस्थित करने, जननी सुरक्षा कार्यक्रम तथा जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदायित सेवाओं की समस्त जानकारी संबंधी प्रदर्शन करने सहित विभागीय वेब-साईट पर आवश्यक समस्त जानकारी अद्यतन किए जाने के संबंध में सुझाव दिए गए। केंद्रीय सीआरएम टीम के डॉ. संदीप जोगदंड, डॉ.यांकी दहिया, डॉ. आफरीन खान, डॉ. रितु वशिष्ठ, डॉ. यू.आर.शेखर नम्बुरी, डॉ. राजकुमार आर्य, डॉ. झूमा मन्ना और राज्य स्तरीय टीम से डॉ. एस. पामभोई, जिले से भास्कर तारक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जी.एस.जात्रा, डीपीएम गनपत नायक ने जशपुर जिले के बगीचा विकासखण्ड के पी.वी.टी.जी. सेल सी.एच.सी. बगीचा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बगडोल, पीएम-जनमन स्वास्थ्य शिविर केरापाठ और विशेष पिछड़ी जनजाति ग्राम रोकड़ापाठ में भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जायजा ली।

# कोलंबिया कॉलेज टेकारी रायपुर में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज टेकारी रायपुर में रेवांपिंग दी हायर एजुकेशन सिस्टम टू मीट दी चैलेंजेज ऑफ दी 21 सेंचुरी विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे ने इस संपूर्ण कार्यक्रम का परिचय देते हुए सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मंच शिक्षकों, शिक्षाविदों और विद्वानों को शिक्षा के विभिन्न आयामों को समझने का अवसर देगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पूर्व कुलपति प्रोफेसर अरुणा पलटा रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में आवाहन किया कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी और स्किल बेस्ड यूनिवर्सिटी की आवश्यकता है। शिक्षक की भूमिका में भी बदलाव आया है। बदलती भूमिका के अनुसार उन्हें नवीन शिक्षण विधियों से अवगत होना होगा। कोलंबिया कॉलेज रायपुर का यह प्रयास सराहनीय है उन्होंने महाविद्यालय को कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन किशोर जादवानी ने इंस्टीट्यूशन की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा कि यह सेमिनार हमारी क्षमताओं में वृद्धि करेगा और हमें नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। उन्होंने सेमिनार की सफलता की कामना की। सेमिनार को संबोधित करते हुए जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हुरा ने कहा- आज के हमारे मुख्य अतिथि की-नोट स्पीकर्स, चेयरपर्सन और आमंत्रित प्रतिभागियों से हमें नए विचार और नई दिशाएं मिलेगी जिससे हम भविष्य के लिए रोड मैप तैयार कर पाएंगे।

# 'मोर शौचालय मोर सम्मान' से ग्रामीणों को बताया जा रहा है स्वच्छता का महत्व



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत् कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिले में 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक मोर शौचालय मोर सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों और स्कूल स्तर में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग एवं रख-रखाव, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मोर शौचालय मोर सम्मान के तहत स्कूल रैली, घर-घर भ्रमण, निबंध प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को शौचालय के उपयोग के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा गीला एवं सुखा कचरे के प्रबंधन के महत्व के बारे में बताने के साथ ही स्वच्छता की वजह से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में भी बताया जा रहा है।

# किसानों को रबी मौसम में धान के अलावा अन्य फसल लेने किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिलें में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, लघुधान्य, मक्का एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन हेतु कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषक समृद्धि चौपालों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। चौपालों के आयोजन से कृषकों में व्यापक जागरूगता आई है एवं दलहन तिलहन उत्पादन की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। किसानों को फसल विविधीकरण के महत्व को बताया जा रहा है। इसके अंतर्गत गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने के कारण धान के अलावा अन्य दलहन-तिलहन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को धान की खेती से ज्यादा मुनाफे वाले दलहन-तिलहन एवं ग्रीष्मकालीन अन्य फसलों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से यह अपील भी की जा रही है कि भू-जल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए धान के बदले कम पानी लागत वाले फसलों की खेती की जाए।

# अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन 14 नवंबर से 20 नवंबर तक



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन 14 नवंबर से 20 नवंबर तक बस्तर संभाग के अनेक जिलों में किया गया। बस्तर जिला सहकारी संघ मर्यादित जगदलपुर के द्वारा 20 नवंबर को सहकारी सप्ताह का समापन का आयोजन भानपुरी में किया गया, व सहकार भारती छत्तीसगढ़ के स्मारिका का विमोचन भी किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे केदार कश्यप सहकारिता, वन, जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन व संसदीय कार्य मंत्री रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश कश्यप, संतोष बाफना, सहकार भारती के प्रांत संगठन मंत्री हेमन्त कुमार पांडे, प्रांत अध्यक्ष डाक्टर लक्ष्मीकांत दिवेदी, करुणा निधि यादव प्रांत महामंत्री, नुरनेश पानीग्राही प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश दिवेदी प्रदेश मंत्री सतेन्द्र प्रांत एफपीओ अध्यक्ष, किशोर साहू संभाग प्रमुख, वासुदेव नेगी जिलाध्यक्ष कोडांगावं सुभद्रा साहू महिला प्रमुख जिला दंतेवाड़ा सहकार भारती छत्तीसगढ के अन्य पदाधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बस्तर के समस्त कर्मचारी, अधिकारी जन प्रतिनिधि गण व किसान भाई बंधु भगिनि, सैकड़ो की संख्या मे जनता उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर में 143 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बिलासपुर को 143 करोड़ 68 लाख रूपये की लागत के अनेक विकास कार्यो की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सकरी रोड, मिनोचा रोड, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, मिनी स्टेडियम, सिटी कोतवाली के पास निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग और अरपा नदी तट पर निर्मित राम सेतु मार्ग का लोकार्पण करेंगे। साय इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में राउत नाचा महोत्सव में शामिल होंगे।



**रामसेतु मार्ग** – अरपा उत्थान और तट संवर्धन प्रोजेक्ट अंतर्गत अरपा नदी के दांयी तरफ की सड़क का नाम रामसेतु मार्ग रखा गया है। रामसेतु मार्ग की लागत 49 करोड़ 98 लाख रूपये है, जिसमें फूटपाथ, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट, रिटेनिंग वॉल, पीचिंग और सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है।

**मिनी स्टेडियम** – शहर के पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला मल्टीपरपज स्कूल के मैदान को संवार कर बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 21 करोड़ 79 लाख रूपये की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है, जिसमें 14115 वर्ग मीटर का सर्व सुविधायुक्त क्रिकेट मैदान है जिसकी दर्शक क्षमता 850 है। डे-नाईट मैच खेलने की सुविधा है। इनडोर गेम्स जैसे स्नूकर, बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, स्क्वैश खेलने की सुविधा के साथ-साथ आधुनिक जिम बनाया गया है। इसके अलावा ट्रेनिंग हॉल का निर्माण किया गया है। इसी भवन में अलग से वीआईपी गैलरी, एनाउंसमेंट बॉक्स और पेंट्री रूम के साथ ही यहां बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए एक हॉस्टल बनाया गया है। यहां दो लॉन टेनिस कोर्ट बनाया गया है।

**उस्लापुर-सकरी सड़क** – उस्लापुर रेल्वे ओव्हरब्रिज से लेकर सकरी बाईपास चौक तक 15 करोड़ 87 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा सवा चार किमी सड़क का उन्नयन और चौड़ीकरण किया गया है। सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन होने से राहगीरों को काफी राहत मिली है और ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिली है। उन्नयन और चौड़ीकरण के तहत मार्ग की चौड़ाई बढ़ाई गई है, डिवाइडर बनाया गया है, स्ट्रीट लाइट और दोनों तरफनाली निर्माण भी किया गया है।

**मिनोचा कॉलोनी सहित अन्य रोड** – 11 करोड़ 68 लाख की लागत से शहर के विभिन्न सड़कों का डामरीकरण, उन्नयन, साइनेज, मिनोचा कॉलोनी रोड और रोटरी शामिल है, जिसमें प्रमुख रूप से महावीर नगर चौक से उस्लापुर ओव्हर ब्रिज तक 800 मीटर सड़क, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट और रोटरी शामिल है। शहर के विभिन्न सड़कों का डामरीकरण, साइनेज, रोड मार्किंग के कार्य शामिल हैं।

**स्पोर्ट्स कांप्लेक्स -** 14 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से संजय तरण पुष्कर परिसर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है, इस तीन मंजिला इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट संचालित होगा। प्रथम तल में बैडमिंटन, स्क्वैश कोर्ट, टेबल टेनिस, स्नूकर, बिलियर्ड्स, द्वितीय तल में मल्टीपरपज हॉल, योगा, मैट गेम की सुविधा है। तीसरे तल में मनोरंजन की अनेक सुविधाएं है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तीन बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया गया है, जिनमें पिंक प्ले ग्राउंड का लोकार्पण पहले ही किया जा चुका है।

**कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग -** 29 करोड़ 76 लाख की लागत से साढ़े तीन एकड़ में कोतवाली थाना परिसर में तीन मंजिला मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाया गया है। ग्राउंड फ्लोर के अलावा सभी फ्लोर में पार्किंग की सुविधा दी गई है जिसमें 192 कार और 325 बाइक एक साथ पार्क की जा सकेगी। ग्राउंड फ्लोर को कमर्शियल कांप्लेक्स के तौर पर विकसित किया गया है जिसमें 46 दुकानों का निर्माण किया गया है।

## एग्रीस्टेक परियोजना : छत्तीसगढ़ अब डिजिटल कृषि की ओर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के लिए एग्रीस्टेक परियोजना संचालित की जा रही है। इसके तहत ग्राम का जियो रिफ्रेसिंग सर्वेक्षण नक्शा, राजस्व संबंधित अधिकार अभिलेख और डिजिटल फसल सर्वेक्षण का काम किया जा रहा है। पॉयलेट प्रोजेक्ट के तहत 20 जिलों में जियो रिफ्रेसिंग तकनीक से सर्वे कर नक्शा तैयार करने का काम चल रहा है। अब तक 10 हजार 243 गांवों में यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में एग्रीस्टेक परियोजना के तहत डिजिटल फसल सर्वेक्षण तीन जिलों में पूर्ण रूप किया जा रहा है तथा 16 जिलों की एक-एक तहसील में भी फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है। आगामी दिनों में राज्य के सभी जिलों में डिजिटल फसल सर्वे का काम होगा। इस परियोजना में कृषकों को पंजीयन किया जा रहा है। इसके माध्यम से कृषकों को केन्द्र और राज्य सरकार के योजनाओं का पारदर्शी ढंग से लाभ मिलेगा। मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन स्वयं किसान तथा युवा कर सकेंगे। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेन्टर, वेबसाईट के माध्यम से पटवारी कर सकेंगे। कृषक पंजीयन के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर में प्रत्येक ई-केवाईसी के लिए 15 रूपए की दर निर्धारित की गई है।

## अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज आज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज आज रायपुर में होगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति इसकी मेजबानी कर रही है। इसमें विभिन्न प्रदेशों की विद्युत कंपनियों की नौ टीमें हिस्सा लेंगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव 25 नवंबर को समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे। स्पर्धा का उद्घाटन समारोह शनिवार को 11.30 बजे छछानपैरी स्थित एपीआईसीईएम टेनिस कोर्ट में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार होंगे तथा प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे।

## रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गढ़वा रोड-बिलासपुर-गढ़वा रोड के मध्य गाड़ी संख्या 03696/03695 परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। 24 एवं 27 नवंबर 2024 (रविवार व बुधवार) को गाड़ी संख्या 03696 गढ़वा रोड-बिलासपुर परीक्षा स्पेशल गढ़वा रोड से सुबह 06.00 बजे रवाना होकर 06.30 बजे डाल्टन गंज, 06.57 बजे बरवाडीह, 07.30 बजे लातेहार, 07.55 बजे टोरी, 08.19 बजे खलारी, 08.46 बजे पतरातू, 09.35 बजे बरकाकाना, 10.50 बजे मूरी, 13.30 बजे टाटानगर, 14.35 बजे चक्रधरपुर, 16.10 बजे राऊरकेला, 19.20 बजे झारसुगुड़ा तथा 23.00 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 25 एवं 29 नवंबर 2024 (सोमवार व शुक्रवार) को गाड़ी संख्या 03695 बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल बिलासपुर से 19.30 बजे रवाना होकर 23.10 बजे झारसुगुड़ा, दूसरे दिन 00.45 बजे राऊरकेला, 02.45 बजे चक्रधरपुर, 03.25 बजे टाटानगर, 05.20 बजे मूरी, 07.00 बजे बरकाकाना, 07.30 बजे पतरातू, 08.00 बजे खलारी, 08.30 बजे टोरी, 09.02 बजे लातेहार, 09.45 बजे बरवाडीह, 10.15 बजे डाल्टन गंज तथा 11.30 बजे बजे गढ़वा रोड स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में दो एसएलआरडी तथा 14 जनरल कोच सहित कुल 16 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## भाजपा सरकार किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसानों को टोकन नहीं मिल रहा है। छोटे-छोटे किसान बोल रहे कि एक मिनट सर्वर खुलता है कुछ किसान ही रजिस्ट्रेशन करा पाते है फिर सर्वर बंद हो जाता है। अगर टोकन मिल गया तो फिर सर्वर डाउन हो जाता है। किसानों को घंटो खड़ा होना पड़ता है और बारदाने की कमी भी है। धान उठाने की नीति है उसमें बदलाव कर दिये है। अभी धान केंद्र में खरीदी होगी फिर संग्रहण केंद्र ले जाया जायेगा। उसके बाद उसको राईस मिलर को देंगे और अभी किसी राईस मिलर के साथ कोई एग्रीमेंट नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि सरकार धान ही नही खरीदना चाहती और 21 क्विंटल का बोर्ड लगा दिया गया है पर कोई भी किसान 21 क्विंटल धान नहीं बेच पा रहा है। प्रति एकड़ किसानों को 8 हजार का नुकसान होगा। राज्य सरकार के द्वारा किसानों को ठगा जा रहा है और रबी फसल लेने से मना कर रहे और विष्णुदेव साय अपने टवीटर में कहते है कि किसानों का रबी फसल लेने में कोई रोक नही है दूसरी तरह



उनके आदेश का अवहेलना हो रहा है। साय सरकार की प्रशासन में कोई पकड़ नही है और उनकी बात कोई नही सुनता है बोलते कुछ है और होता कुछ है। विभिन्न जगहो के कलेक्टर ने आदेश कर दिया कि रबी फसल का धान नहीं ले सकते। अगर धान लेंगे तो 50 हजार का फाइन लगेगा। यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। पिछले साल 45 प्रतिशत चावल अभी तक जमा नहीं हो पाया है यह सरकार की नाकामी है। उसका खामियाजा गरीब किसान को उठाना पड़ेगा, क्योकि एंग्रीमेंट नही कर रहे तो धान उठाव नही होगा। धान खरीदी चालू हुये 1 हफ्ता हो गया कही भी परिवहन का साधन नही लगा है कि धान का उठाव करे, इसका मतलब कि धान संग्रहण केन्द्र पूरा धान के बोरे से पट जायेगा। दूसरे हफ्ते में धान खरीदी बंद कर देंगे क्योकि धान उठाव नही हुआ है तो धान की खरीदी कैसे करेंगे। वैसे भी 35 दिन अवकाश में बीत जायेगा। इसी प्रकार से रोककर सरकार धान नही खरीदना चाहती है। सरकार कह रही है कि सरकार का सोच यह है कि छत्तीसगढ़ में धान का उत्पादन नही हो रहा है यह छत्तीसगढ़ के किसानों का अपमान है। हमारी सरकार में धान का उत्पादन बढ़ा था। हमारी 5 सरकार वर्षो की सरकार में जहां हमने ऋण माफी किया। किसानों को अच्छी कीमत देकर धान खरीदी इससे यह हुआ कि छोटे से छोटे किसान सक्षम हुये है और अच्छी खेती कर रहे है। अभी धान का उत्पादन अच्छा हो रहा है लेकिन साय सरकार किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही है, किसान विरोधी सरकार है।

## छत्तीसगढ़ के विकास में वेदांता के प्रमुख सीएसआर योगदानों को उजागर करते हुए अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने वित्त वर्ष 2024 की सोशल इम्पैक्ट रिपोर्ट की जारी

**बालको के कैंसर देखभाल केंद्र, स्थायी आजीविका सृजन और महिला सशक्तिकरण की सफलता पर प्रकाश डाला गया**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के विकास में योगदान के लिए वेदांता लिमिटेड की सामाजिक पहल शाखा, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में 437 करोड़ रुपये का निवेश किया गया जिससे 1.73 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया। इसमें भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) और बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में महत्वपूर्ण योगदान शामिल है। फाउंडेशन की वार्षिक सोशल इम्पैक्ट रिपोर्ट, नर्चरिंग, ट्रांसफॉर्मिंग, लीडिंग: इंडिया'स ग्रोथ स्टोरी, में 153 उच्च प्रभावशाली परियोजनाओं का उल्लेख किया गया है, जो 1,200 से अधिक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, महिला एवं बाल विकास, कौशल व आजीविका, पशु कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। बालको, वेदांता की सहायक कंपनी है, जो छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित एक प्रतिष्ठित एल्युमीनियम निर्माता है। यह अपने परिचालन क्षेत्रों और आसपास के समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बालको अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से इन समुदायों को सशक्त और सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके तहत इन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरबा, कवर्धा, सरगुजा और रायपुर जिलों के 123 गाँवों में लगभग 1.7 लाख लोगों को लाभ पहुँचाने का लक्ष्य बनाया है। वर्षभर में, स्थायी आजीविका, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक बुनियादी ढाँचे जैसी विभिन्न सामाजिक प्रभाव पहलों के माध्यम से कुल 1,69,056 ज़िंदगियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया गया है। वेदांता लिमिटेड की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड की चेयरपर्सन, प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा, वेदांता में, हमारी मूल विचारधारा 'अर्थ' (जो मूल्य हम उत्पन्न करते हैं) और 'धर्म' (जो मूल्य हम वापस देते हैं) हमें समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को मार्गदर्शन प्रदान करती है। हमारी हर पहल – चाहे वह बच्चों का पोषण और स्वास्थ्य देखभाल हो,



कौशल विकास और आजीविका, खेलों का प्रचार, सांस्कृतिक संरक्षण या अन्य कोई पहल – ये सभी हमारे समावेशी और सशक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। नया रायपुर में स्थित बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की प्रमुख पहल है और यह कैंसर देखभाल की पहुँच को सुगम और सुलभ बनाने में अग्रणी के रूप में स्थापित हो चुका है। इसकी स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी, और तब से अब तक इसने 170-बेड वाली तृतीयक देखभाल ऑन्कोलॉजी सुविधा के माध्यम से 38,500 से अधिक मरीजों का इलाज किया है। बीएमसी अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक और थेराप्यूटिक सेवाएँ प्रदान कर रहा है। वर्ष 2023 में, बीएमसी को अर्ली-ऑनसेट कोलोरेक्टल कैंसर पर शोध के लिए 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रतिष्ठित 'कैंसर ग्रैंड चैलेंजेस' अनुदान प्राप्त हुआ। यह अनुदान कैंसर रिसर्च यूके और यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के सहयोग से प्रदान किया गया। मुंगेली, छत्तीसगढ़ की 7 वर्ष की एक लड़की की कहानी काफी प्रेरणादायक है, जो बालको मेडिकल सेंटर से जुड़ी है। उसे पैर और जांघ की हड्डी में गंभीर हड्डी का कैंसर था, जिसे इविंग्स सारकोमा कहते हैं। बीएमसी में उसे जीवनरक्षक इलाज मिला। सामान्य तौर पर अगर धातु प्रत्यारोपण का इस्तेमाल करके पारंपरिक पुनर्निर्माण किया जाता, तो पैर की लंबाई में अंतर आ सकता था, जिससे पैर लगभग अनुपयोगी हो जाता। पैर को अलग करने पर भी विचार किया गया, लेकिन वह भी उपयुक्त नहीं था। इसके बजाए, बीएमसी की मेडिकल टीम ने रोटेशनप्लास्टी नामक एक अनोखी और दुर्लभ सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस लड़की की कीमोथेरेपी और सर्जरी का पूरा खर्चा आयुष्मान भारत योजना के तहत उठाया गया, जिससे उसके परिवार पर कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ा। इलाज के 6 महीने बाद, अब यह बच्ची आराम से चलने लगी है और अब अपने दैनिक जीवन को सहजता से जीने लगी है। बालको का 'मोर जल मोर माटी' प्रोजेक्ट अपने समुदाय कल्याण और सतत आजीविका के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस परियोजना ने जल प्रबंधन में सुधार और नवाचारी खेती के तरीकों को अपनाकर किसानों को पूरे वर्ष भर आय अर्जित करने में सक्षम बनाया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालको ने 107 जल संरचनाओं का निर्माण किया, जिससे 1,06,061 क्यूबिक मीटर की कुल जल भंडारण क्षमता उत्पन्न हुई। जिन किसानों ने आधुनिक तकनीकों को अपनाया है, उनकी उत्पादकता में 1.4 गुना और आय में 50% की वृद्धि हुई है। अब तक, इस परियोजना से 4,749 किसानों को लाभ पहुँचा है, जो 32 गाँवों में 1,800 एकड़ भूमि को सिंचाई के लिए सुरक्षित करके 85% खेती करने वाले परिवारों की जरूरतों को पूरा करती है। एक अन्य प्रेरणादायक सफलता की कहानी बुंदेली गांव के एक किसान तुलसी मांझवार की है। वे आय की सीमितता के चलते काफी परेशान थे। बालको के मार्गदर्शन में उन्होंने लाख की खेती की ओर रुख किया। परिणामस्वरूप, उनके खेत में 130 किलो लाख का उत्पादन हुआ और उन्होंने 65,000 रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की। यह मार्गदर्शन उनके परिवार की आजीविका में उल्लेखनीय सुधार करने में अहम कारक साबित हुआ। यह पहल ग्रामीण समुदायों में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में बालको की भूमिका को दर्शाती है। प्रोजेक्ट उन्नति महिलाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसके माध्यम से उन्हें एसएचजी में शामिल किया जाता है, और उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारा जाता है, ताकि वे उद्यमिता एवं स्थायी आजीविका के लिए तैयार हो सकें। इस परियोजना के तहत 531 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) में 5,741 महिलाओं को सशक्त किया गया और 2,087 महिलाओं को आर्थिक रूप से शामिल किया गया, जिन्होंने मिलकर 12 लाख रुपए की बचत करने में योगदान दिया। परियोजना ने 7 माइक्रो एंटरप्राइजेस के तहत 1,400 महिलाओं को प्रशिक्षित किया और 44 उत्पादों को प्रस्तुत करते हुए 10 लाख रुपए का राजस्व उत्पन्न किया। अपनी सामाजिक प्रभाव शाखा के माध्यम से, वेदांता भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है और स्वदेशी कारीगरों को सशक्त बना रहा है। दिल्ली हाट में वेदांता संस्कृति महोत्सव में बालको के प्रोजेक्ट उन्नति की महिलाओं को उनके उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री का अवसर मिला, जिसके परिणामस्वरूप उनकी पहुँच छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर भी विस्तारित हुई। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख महिला और बाल परियोजना 'नंद घर' के तहत 14 राज्यों में आरंभ से अब तक 6,044 आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ में बालको द्वारा संचालित 262 केंद्र शामिल हैं। ये नंद घर भारत भर में 2,38,161 बच्चों और 1,78,620 महिलाओं को प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएँ और महिलाओं के लिए कौशल विकास जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। वेदांता लिमिटेड खनिज, ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनियों में से एक है। यह अपनी 19 सहायक सब्सिडियरी के माध्यम से भारत के विभिन्न राज्यों में अपना सामाजिक प्रभाव स्थापित कर रही है। कंपनी ने 5 वर्षों में अपने सीएसआर पहलों को और बेहतर करने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का निवेश करने का संकल्प लिया है, ताकि एक सतत और समावेशी भविष्य का निर्माण किया जा सके।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403